वर्ष : 16 अंक : 171 लखनऊ सोमवार, 24 जून 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

मौसम

सूर्योदय	:	05:13
सूर्यास्त	:	07:03
अधिकतम	:	38:00°
न्यूनतम	:	30:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

बड़े हीरो के साथ काम करने में कंफर्टेबल नहीं थी : ईशा कोप्पिकर 10

नौजवानों को रोजगार के नए अवसर देने पर... 2 | सहयोगियों की गंभीरता भी स्पष्ट करेगा बजट 6 | अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा थे डॉ. श्यामा... 12

एक नजर

अमरनाथ यात्रा तैयारियों की समीक्षा

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को विश्व प्रसिद्ध अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। श्री सिन्हा ने जम्मू संभाग के 10 जिलों के उपायुक्तों (डीसी) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) तथा नागरिक एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय सुरक्षा और जिला विकास समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

CBI पर किया हमला

नवादा। UGC NET पेपर लीक केस में जांच करने दिल्ली से नवादा पहुंची सीबीआई की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। कसियाडीह गांव के लोगों ने सीबीआई को फर्जी समझकर मारपीट शुरू कर दी और गाड़ियों में तोड़फोड़ की। इस मामले में रजौली थाने में 8 लोगों पर नामजद और 150-200 अज्ञात लोगों पर FIR दर्ज की गई है। वहीं, एक महिला समेत 4 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

विधानसभा पेपरलेस

उदयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विधानसभा का अगला सत्र पूरी तरह से पेपरलेस होगा। श्री देवनानी ने रविवार को अपने उदयपुर के एक दिवसीय दौरे के दौरान सर्किट हाउस में चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए वन नेशन- वन एप्लीकेशन के तहत केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच एमओयू हुआ है। योजना पर 12 से 14 करोड़ रुपए का व्यय होगा।

'कवच' का नया संस्करण

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का नया और अधिक सक्षम एवं प्रभावशाली संस्करण कवच 4.0 विकसित किया है तथा परीक्षण के बाद इसे शीघ्र ही लगाना शुरू किया जाएगा। सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कवच की प्रगति की समीक्षा की जिसमें अधिकारियों ने कवच के संस्करण 4.0 की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया।

तीन जुलाई तक चलेगा सत्र, 10 दिन में होंगी कुल 8 बैठकें, स्पीकर का चुनाव 26 जून को

संसद सत्र आज से, हंगामे के आसार

- राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून को होगा शुरू
- अंतिम दो दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा

विश्ववार्ता ब्यूरो

नई दिल्ली। गत 9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ लेने के साथ ही 18वीं लोकसभा का कामकाज शुरू हो गया था। अब लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। यह 3 जुलाई तक चलेगा। 10 दिन में कुल 8 बैठकें (29-30 जून को छुट्टी) होंगी। सबसे पहले प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब राष्ट्रपति भवन जाकर शपथ लेंगे। इसके बाद वे सुबह 11 बजे लोकसभा पहुंचेंगे। शुरुआत के दो दिन, यानी 24 और 25 जून को प्रोटेम स्पीकर नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। इसके बाद 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा। 27 जून को राज्यसभा का 264वां सत्र शुरू होगा। इसी दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा-राज्यसभा के जॉइंट सेशन को संबाधित करेंगी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी बोलेंगे। सत्र के आखिरी दो दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सरकार धन्यवाद प्रस्ताव लाएगी और दोनों सदनों में चर्चा होगी। 10 साल बाद पहली बार पीएम मोदी के सामने मजबूत विपक्ष होगा। पिछले हफ्ते NEET परीक्षा में हुई गड़बड़ी, तीन क्रिमिनल लॉ, लोकसभा चुनाव के बाद शेयर बाजार में हुई गड़बड़ी के आरोपों पर विपक्ष इस बार हंगामा कर सकता है।

स्पीकर का पद नई लोकसभा की पहली बैठक के ठीक पहले खाली हो जाता है। लोकसभा की कार्यवाही चलाने के लिए राष्ट्रपति प्रोटेम स्पीकर चुनते हैं। प्रोटेम स्पीकर ही लोकसभा की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हैं। आमतौर पर सदन के वरिष्ठतम सदस्य (चुनाव में जीत के आधार पर) को इस पद पर नियुक्त किया जाता है। प्रोटेम स्पीकर सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति के सामने शपथ लेते हैं। फिर नए सांसदों को शपथ दिलाते हैं। वह स्थायी रूप से संसद चलाते हैं। नए स्पीकर के चुनाव के साथ उनकी सेवा समाप्त हो जाती है। इस बार भाजपा के ओडिशा से लगातार 7 बार के सांसद भर्तृहरि महताब प्रोटेम स्पीकर बने हैं। कांग्रेस ने अपने 8 बार के सांसद कोडिकुन्निल सुरेश को स्पीकर बनाने की मांग की थी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के सांसद लगातार नहीं जीते हैं, इसलिए उनकी वरिष्ठता का आधार नहीं बनता। प्रोटेम स्पीकर की सहायता के लिए 5 सांसदों को राष्ट्रपति ने पीठासीन अधिकारी बनाया है। इनमें के. सुरेश (कांग्रेस), सुदीप बंदोपाध्याय (TMC), टीआर बालू (DMK) और भाजपा से राधा मोहन सिंह, फगन सिंह कुलस्ते का नाम शामिल है। विपक्ष के तीनों सांसदों ने 22 जून को प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति के विरोध में अपना नाम वापस ले लिया।

सरकार को घेरने की कोशिश करेगा विपक्ष

27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा में सुबह 11 बजे अभिभाषण देंगी। इसमें केंद्र सरकार के अगले 5 साल के कार्यक्रम का रोडमैप पेश करेंगी। इसी दिन राज्यसभा का 264वां सत्र शुरू हो जाएगा। इस साल 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटें खाली हुईं थीं जिनमें 41 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुनाव जीत गए। वहीं फरवरी में 15 सीटों पर हुई वोटिंग में यूपी की 8 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की, सपा को दो सीट मिलीं। कर्नाटक में कांग्रेस को 3, भाजपा को 1 मिली थी। वहीं हिमाचल की एक सीट भी भाजपा के खाते में आई थी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद के दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। विपक्ष नीट परीक्षा गड़बड़ी, यूजीसी नेट एग्जाम कैंसिलेशन और अग्निवीर योजना को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री संसद के दोनों सदनों में, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे।

18वीं लोकसभा पहले संसद सत्र की टाइमलाइन

(24 जून से 3 जुलाई)

- **24-25 जून** — सत्र के शुरुआती दो दिन नए सांसदों का शपथ।
- **26 जून** — लोकसभा स्पीकर का चुनाव।
- **27 जून** — राज्यसभा का 264वां सत्र शुरू, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण
- **28 जून** — प्रधानमंत्री संसद में अपनी मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय देंगे।
- **1-3 जुलाई** — राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा।

इसरो ने आरएलवी का तीसरा सफल लैंडिंग प्रयोग किया पूरा

'पुष्पक' को चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किमी ऊंचाई पर छोड़ा गया

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुनः काम आने वाले प्रक्षेपण यान के लैंडिंग प्रयोग (एलईएक्स) को लगातार तीसरी बार सफलतापूर्वक पूरा कर नया मील का पत्थर स्थापित किया है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) पर एलईएक्स श्रृंखला के एलईएक्स -03 का अंतिम परीक्षण रविवार सुबह 07:10 बजे हुआ।

पिछले आरएलवी एलईएक्स -01 और एलईएक्स -02 मिशनों की उपलब्धियों के आधार पर, आरएलवी एलईएक्स -03 परीक्षण ने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमताओं को फिर से प्रदर्शित किया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में बताया कि इसमें 500 मीटर की क्रॉस-रेंज शामिल है जो एलईएक्स -02 के 150 मीटर से काफी अधिक है और अधिक तेज हवा की स्थिति में है। 'पुष्पक' नाम के इस पंखों वाले यान को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर छोड़ा गया। इस रिलीज़ बिंदु से पुष्पक ने स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार में निष्पादित किया,यह रनवे के पास पहुंचा और रनवे केंद्र रेखा पर एक सटीक क्षैतिज लैंडिंग की।

निम्न लिफ्ट-टू-ड्रैग अनुपात की विशेषता वाले इसके वायुगतिकीय विन्यास के परिणामस्वरूप लैंडिंग वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि वाणिज्यिक विमानों के लिए 260 किमी प्रति घंटे और सामान्य लड़ाकू जेट के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है।

जमानत पर रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे अरविंद केजरीवाल

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जमानत को लेकर रविवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। केजरीवाल के वकीलों ने इस पर कल यानी 24 जून को सुनवाई की मांग की है। दरअसल, 21 जून को दिल्ली हाईकोर्ट की वेकेशनल बेंच ने ED की याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुनाए जाने तक जमानत पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम 24-25 जून तक फैसला सुनाएंगे। तब तक जमानत पर रोक रहेगी।

20 जून को शाम 8 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी थी। जज न्याय बिंदु की बेंच ने कहा था कि ED के पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई सीधे सबूत नहीं हैं।

» दो दिन पहले निचली अदालत ने दी थी बेल

कोर्ट ने केजरीवाल को 1 लाख के बेल बॉन्ड पर जमानत दे दी थी। लोअर कोर्ट के फैसले के विरोध में ED ने 21 जून को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई। जस्टिस सुधीर जैन और जस्टिस रविंदर डुडेजा की बेंच में ED के वकील एसवी राजू ने कहा- लोअर कोर्ट का फैसला सही नहीं है।

श्रीलंकाई नौसेना ने 22 मछुआरों को किया गिरफ्तार

रामनाथपुरम (तमिलनाडु)। श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार सुबह अपने जल क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 22 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और मछली पकड़ने वाले तीन मशीनीकृत ट्रॉलर को जब्त किया।

तमिलनाडु के मत्स्यपालन अधिकारियों ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरे रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम, मंडपम और थंगाचिमादम तटीय इलाकों के निवासी हैं। मत्स्य विभाग से टोकन प्राप्त होने के बाद शनिवार सुबह मछली पकड़ने वाली 507 मशीनीकृत नौकाएं समुद्र में रवाना हुई थीं। इनमें से श्रीलंकाई नौसेना ने जाफना में डेल्फ्ट द्वीप के पास गहरे समुद्र में अवैध शिकार में शामिल होने के कथित आरोपों में तीन ट्रॉलरों को हिरासत में लिया था, जिनका पंजीकरण आईएनडी-टीएन-10-एमएम 84, आईएनडी-टीएन -10-एमएम 88 और आईएनडी-टीएन-10-एमएम 340 है।

नक्सलियों ने IED ब्लास्ट से उड़ाया पुलिस ट्रक

दो जवान शहीद, बीजापुर-सुकमा बॉर्डर पर हमला, छह माह में सात की शहादत

एजेंसी

सुकमा/बीजापुर। छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर बॉर्डर पर रविवार को नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सिलगेर और टेकलगुडम के बीच नक्सलियों ने CRPF जवानों के ट्रक को IED ब्लास्ट कर उड़ा दिया। इस ब्लास्ट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) की कोबरा बटालियन के दो जवान शहीद हो गए।

जानकारी के अनुसार, जगरगुंडा क्षेत्र स्थित सिलगेर कैंप से 201 कोबरा वाहिनी के जवानों का मूवमेंट ROP (रोड ओपनिंग ड्यूटी) के दौरान ट्रक और बाइक से टेकलगुडेम की ओर था। वहां रास्ते में नक्सलियों ने IED प्लांट कर रखा था। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 3 बजे जैसे ही जवानों से भरा ट्रक वहां से निकला, IED की चपेट में आ गया।

ब्लास्ट के चलते ट्रक का चालक जवान विष्णु आर और सह चालक जवान शैलेंद्र शहीद हो गए। बाकी जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये जवान राशन लेकर जवान कैंप जा रहे थे। टेकलगुडम और इससे आगे का पूर्वती इलाका नक्सली कमांडर हिड़मा और देवा का गढ़ है। कुछ ही महीने पहले यहां सुरक्षाबलों का कैंप स्थापित किया गया है।

करीब महीना भर पहले बीजापुर जिले में थाना प्रभारी की गाड़ी नक्सलियों के लगाए IED की चपेट में आ गई थी। फरसेगढ़ थाना प्रभारी आकाश मसीह अपने एक जवान के साथ शासकीय काम से बीजापुर आ रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने फरसेगढ़ और रानीबोदली गांव के बीच कमांड IED ब्लास्ट कर दिया। हालांकि, इस घटना में थाना प्रभारी आकाश मसीह और जवान दोनों सुरक्षित हैं। वाहन के अगले हिस्से को नुकसान पहुंचा था। पूरी खबर पढ़ें...

सुकमा जिले के टेकलगुड़ेम में हुए नक्सली हमले में 2 जवानों की शहादत पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख व्यक्त किया है।

ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ना जरूरी : अमित शाह

विश्ववार्ता ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मॉनसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ आने की स्थिति में उससे निपटने की तैयारियों की रविवार को समीक्षा की। इस दौरान शाह ने कहा कि जो नदियां बारहमासी नहीं हैं, उनमें मिट्टी का कटाव अधिक होता है और गाद जमना बाढ़ का कारण बन जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों। बाढ़ की स्थिति में जलजमाव से निपटने के लिए सड़क निर्माण के डिजाइन में ही प्राकृतिक जलनिकासी को शामिल किया जाना चाहिए। शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में कम से कम 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई व पर्यटन विकसित हों। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी फायदा मिलेगा।

» पूर्वोत्तर में बनाने होंगे 50 बड़े तालाब

अमित शाह ने पिछले साल लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की। इसके साथ ही सभी एजेंसियों की ओर से अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर भी चर्चा हुई।

अभिभावकों की चिंता दूर करना सर्वोच्च प्राथमिकता

लोकसभा चुनावों के बाद संसद के पहले सत्र में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान देंगे विपक्षी मुहिम का जवाब

विश्ववार्ता ब्यूरो

नयी दिल्ली। सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की विश्वसनीयता और परीक्षाओं के संचालन को लेकर अभिभावकों में राष्ट्रीय अर्हता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर अविश्वास एवं चिंताओं को दूर करना सबसे बड़ी प्राथमिकता मान रही है और इसके लिए वह पूरे मामले में कुछ भी नहीं छिपायेगी और पूरी व्यवस्था में आमूलचूल सुधार करेगी। सूत्रों ने कहा कि सरकार इस मामले में हो रही विपक्षी राजनीति से बिल्कुल भी चिंतित नहीं है और इस मामले में संसद में दो दो हाथ करने के लिए तैयार है। कल से शुरू हो रहे लोकसभा चुनावों के बाद संसद के पहले सत्र में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान तथ्यों के साथ विपक्षी मुहिम का जवाब देंगे।

सूत्रों ने बताया कि 5 मई को बिहार के केंद्रों से नीट की स्नातक स्तर की परीक्षा देने वाले कुल 17 छात्रों को बिहार सरकार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा से बाहर कर दिया गया है। इससे पहले इन 17 छात्रों के अलावा 63 एवं 30 गुजरात के अभ्यर्थियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है। सरकार का मानना है कि बिहार पुलिस और गुजरात पुलिस ने इस मामले की जांच में अच्छा काम किया है। बिहार के 17 छात्रों को परीक्षा से निष्कासित करने का फैसला बिहार ईओयू की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को केंद्र को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में, बिहार ईओयू ने नीट स्नातक स्तर की परीक्षा में 'स्पष्ट रूप से पेपर लीक की बात कही है। सूत्रों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार आज राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने 1563 उम्मीदवारों के लिए दोबारा परीक्षा भी आयोजित की जिन्हें पहले परीक्षा समय के नुकसान के लिए अनुग्रह अंक दिए गए थे। इन 1563 उम्मीदवारों में से केवल 813 छात्र (लगभग 52 प्रतिशत) दोबारा परीक्षा में शामिल हुए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, चंडीगढ़ से दोनों में से कोई भी उम्मीदवार परीक्षा में शामिल नहीं हुआ। कुल 602 में से 291 छात्र छत्तीसगढ़ से, 1 छात्र गुजरात से, 494 में से 287 छात्र हरियाणा से और 234 मेघालय के तुरा से उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष नीट यूजी की परीक्षा में 23 लाख 33 हजार छात्रों ने भाग लिया जबकि वर्ष 2023 में यह संख्या करीब 20 लाख थी। इस वर्ष के परीक्षा में अव्वल एक लाख छात्रों ने 4500 से अधिक परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा में शामिल हुए थे। सूत्रों ने कहा कि जो छात्र आज परीक्षा में शामिल हुए थे, उन्हें संशोधित स्कोर जारी किया जाएगा। हालाँकि जिन छात्रों ने दोबारा परीक्षा नहीं दी है, उन्हें अब उनका पुराना मूल स्कोर (अनुग्रह अंक हटा कर) दिया जाएगा।

» नीट : राष्ट्रीय अर्हता एवं प्रवेश परीक्षा

राहुल बोले - आप मेरा परिवार हैं

राहुल गांधी ने वायनाड के लोगों के लिए लिखा भावुक पत्र

विश्ववार्ता ब्यूरो

नई दिल्ली। वायनाड की लोकसभा सीट छोड़ने का फैसला करने के बाद सांसद राहुल गांधी ने वहां के लोगों को एक भावुक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने लिखा कि उन्हें दुख है कि वह वायनाड सीट छोड़ रहे हैं, लेकिन एक ही तसल्ली है कि उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा उस सीट से लड़ने जा रही हैं। भाई राहुल को यकीन है कि अगर वायनाड के लोगों ने उन्हें मौका दिया तो वह अच्छा काम करेंगी। नवनिर्वाचित सांसद सोमवार को लोकसभा में शपथ लेंगे। उससे पहले राहुल की यह चिट्ठी सामने आई है।

राहुल ने मौजूदा लोकसभा चुनाव में वायनाड और बाद में रायबरेली से चुनाव लड़ा, उन्होंने दोनों सीटें जीत लीं। हालांकि, उन्होंने आखिरकार 17 जून को मां सोनिया गांधी द्वारा खाली की गई रायबरेली सीट को अपने पास रखने का फैसला किया। बहन प्रियंका उनकी छोड़ी हुई वायनाड सीट से चुनाव लड़ने जा रही हैं। इस बार राहुल का वायनाड के लोगों को पत्र लिखा है। उन्होंने रविवार को लिखा, मुझे खेद है लेकिन मेरी सांत्वना यह है कि प्रियंका वहां आपका प्रतिनिधित्व करेंगी।'' राहुल ने यह भी लिखा, ''मेरे लिए एक और सांत्वना यह है कि रायबरेली के लोग मेरे परिवार की तरह हैं। उनसे एक बंधन है। मेरा आपसे और रायबरेली की जनता से वादा है कि देश में फैल रही हिंसा और नफरत के खिलाफ लड़ेंगे।

प्रज्वल के भाई सूरज रेवन्ना दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार

बेंगलुरु। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना और बेटे एचडी रेवन्ना के बाद अब सूरज रेवन्ना पर भी यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगे हैं। सूरज रेवन्ना प्रज्वल रेवन्ना के छोटे भाई हैं। जेडीएस के एक कार्यकर्ता ने ही उनपर अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोप लगाए हैं। उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हो गई और उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया।

एफआईआर में कहा गया है कि सूरज रेवन्ना ने घन्नीकाड़ा स्थित अपने फार्महाउस में 27 साल के युवक का यौन शोषण किया। यह घटना 16 जून की बताई गई है। हालांकि जेडीएस नेता ने इन आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने पहले ही पुलिस को सूचना दी थी कि उनपर झूठे आरोप लगाकर उन्हें ब्लैकमेल करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा था कि एक शख्स ने उनसे 3 करोड़ रुपये की डिमांड की है।

'लोकतंत्र को खतरे' की रट लगाने वाला विपक्ष इमरजेंसी को क्यों नहीं करता याद ?

बोलने-लिखने पर सरकार का अंकुश नहीं, विपक्ष के दुष्प्रचार पर भी अंकुश नहीं, मोदी सरकार पर ऐसा आरोप अक्सर मढ़ते हैं राहुल गांधी

विश्ववार्ता ब्यूरो

नई दिल्ली। कांग्रेस के तमाम नेता यह आरोप मढ़ते थकते नहीं कि देश में लोकतंत्र खत्म हो गया है। राहुल गांधी तो विदेशी आयोजनों में भी शिरकत करने पर अनावश्यक रूप से यह बात कहते रहे हैं। समझ में नहीं आता कि वे किस लोकतंत्र की बात कर रहे हैं। उन्हें सरकार की आलोचना करने की खुली आजादी है। अपशब्दों का इस्तेमाल तो वे इस कदर करते हैं कि मानहानि के कई मामले वे झेल रहे हं। एक में तो फैसला उनके खिलाफ ही आ गया था जिसकी वजह से उनकी लोकसभा की सदस्यता खत्म हो गई खी। न मीडिया पर सेंसर है और न अभिव्यक्ति पर रोक, फिर कैसे मान लिया जाए कि देश में लोकतंत्र खत्म हो गया है। हालांकि गिरावट जरूर आई है, लेकिन इसके बावजूद भारतीय लोकतंत्र दुनिया में सबसे परिपक्व है। आइए, जानते हैं कैसे ? लोकतंत्र में लोक यानी मतदाता को को तंत्र (शासन) सुनिश्चित करने के लिए गोपनीय मताधिकार सबसे बड़ी ताकत के रूप में उपलब्ध है। है। भारतीय मतदाता अपने मन-मिजाज के बैरोमीटर पर सबको परखता है। किसको फर्श से अर्श तक उठाना है या किसे अर्श से उठा कर फर्श पर पटकना है, यह मतदाता ही तय करता है। पूरे इत्मीनान के बाद वह ईवीएम का बटन दबाता है। वह उम्मीदवार को बैरोमीटर से कई मानकों पर परखता है। उम्मीदवार के आचरण को देखता है। उसकी पार्टी और राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर उसके नेता को देखता है। जिसे पहले कभी अवसर दिया है, उसके कामकाज का आकलन तो बैरोमीटर में ही इनबिल्ट है। यानी कितनी जगहों से छन कर एक वोट किसी एक दल या उसके उम्मीदवार को मिलता है। सेकेंड प्रायोरिटी का भी ऑप्शन नहीं होता जो दुविधा में पड़ा मतदाता इस्तेमाल करे। ऐसे में क्या किसी मतदाता पर शक की गुंजाइश बचती है ? मतदान के लिए चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र एजेंसी है। चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में सरकार की बड़ी भूमिका तो है,

लेकिन वह किसी पार्टी का पक्षधर बन जाए, यह संभव नहीं। इसलिए कि उसके काम की समीक्षा के लिए देश में शीर्ष अदालत का भी प्रावधान है। विपक्ष सत्ताधारी दल के पक्ष में चुनाव आयोग के काम करने का अक्सर आरोप लगाता है। विपक्ष को ईवीएम में भी गड़बड़ी की आशंका रहती है। पर, ऐसे आरोप विपक्ष तभी लगाता है, जब उसे चुनाव में कामयाबी नहीं मिलती। 2004 से 2014 के बीच कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार थी। तब भी ईवीएम से ही चुनाव होते थे। चुनाव आयुक्त भी यूपीए सरकार द्वारा ही नियुक्त था। पर, 2014 के चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को कहां लाकर खड़ा कर दिया, यह सबको पता है। ईवीएम का विरोध सफलता की स्थिति में कभी नहीं होता। हार की हालत में ही ईवीएम से चुनाव संदिग्ध हो जाता है। तब चुनाव आयोग भी विपक्ष की नजर में निष्पक्ष नहीं रह पाता।अपने पिछले दो कार्यकाल में पीएम नरेंद्र मोदी के बारे में कितने अपशब्दों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं ने किया, यह सभी जानते हैं। मोदी ने खुद को देश का चौकीदार बताया तो राहुल गांधी ने चौकीदार चोर है यानी नरेंद्र मोदी चोर है का नारा उछाल दिया। झूठा, बेईमान, देश बेचने वाला, दंगाई जैसे अनेक अनेक विशेषणों से मोदी को विपक्ष नवाजता रहा है। दुनिया में मशहूर देश के दो बड़े उद्योगपतियों से मोदी के रिश्ते जोड़े गए। संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने के झूठे नैरेटिव विपक्षी नेताओं ने गढ़े और प्रचार किए। मोदी सरकार ने निहायत झूठे इन प्रचारों पर कोई एक्शन नहीं लिया। क्या ऐसा लोकतंत्र न रहने पर संभव होता? हां, लोकतंत्र खतरे में एक वक्त पड़ गया था। ज्यादा दिन नहीं बीते। 1975 का आपातकाल अब भी बड़ी आबादी के जेहन में बसा है। विपक्ष ने सत्तासीन इंदिरा गांधी के खिलाफ आवाज उठाई तो उन्हें जेलों में ठूंस दिया गया। हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द करने की राह बनाई तो इमरजेंसी थोप दी गई। मीडिया को सेंसर के त्रासद दौर से गुजरना पड़ा। अभिव्यक्ति की आजादी छीन ली गई। यहां तक कि शीर्ष अदालतों पर भी दबाव बनाने की कोशिश हुई। न्यायमूर्ति को प्रलोभन देने के प्रयास हुए। लोकतंत्र तो तब खत्म हुआ था। अभी तो ऐसी नौबत ही नहीं आई है। तभी तो जिसके मन में जो आता है, वह बोल जाता है। मल्लिकार्जुन खरगे हों, राहुल गांधी हों, ममता बनर्जी हों या अखिलेश यादव और तेजस्वी हों, वे जिस तरह सरकार या मोदी की खुल्लम खुल्ला विशिष्ट-अशिष्ट भाषा में आलोचना करते हैं, वह क्या लोकतंत्र न रहने पर संभव था ?

मणिपुर हिंसा : HC के चीफ जस्टिस ने जताई चिंता

इंफाल। मणिपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल ने हिंसा की वजह से न्यायपालिका में पैदा हुई अव्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हिंसा की वजह से राज्य सरकार कोर्ट के आदेशों का पालन करने में ठीक से सक्षम नहीं है। इसके अलावा न्यायपालिका की सुरक्षा और इन्फ्रास्ट्रक्चर डिमांड भी पूरी नहीं हो पा रही है। बता दें कि जस्टिस मृदुल 2008 में दिल्ली हाई कोर्ट के जज बने थे।

वर्तमान में उनका नाम देश के सीनियर जजों में शामिल है। अक्टूबर 2023 में उन्हें मणिपुर हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया था। एक इंटरव्यू में जस्टिस मृदुल ने कहा कि न्यायिक तंत्र के लिए काम करने में राज्य की सरकार सक्षम नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्य में हो रही हिंसा की वजह से न्यायपालिका को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

नौजवानों को रोजगार के नए अवसर देने पर जोर

केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने 'वीएलई संवाद' कार्यक्रम में लगभग सौ सीएससी वीएलई के साथ की मुलाकात

» सीएससी केंद्रों की सेवाओं को बिना किसी कष्ट के जनता को उपलब्ध कराने पर बल

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ/पीलीभीत। आज पीलीभीत में आयोजित 'वीएलई संवाद' कार्यक्रम में राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार जितिन प्रसाद ने लगभग सौ सीएससी वीएलई के साथ मुलाकात की और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया जिसमें ग्रुप प्रेसिडेंट भगवान पाटिल और स्टेट हेड सीएससी राजेश मिश्रा ने राज्यमंत्री का बुके और अंग वस्त्रम के साथ स्वागत किया।

स्टेट हेड सीएससी, राजेश मिश्रा ने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि उत्तर प्रदेश में 1 लाख 62 हजार से अधिक सीएससी केंद्र जनता को सेवा दे रहे हैं जबकि पीलीभीत जनपद में दो हजार से अधिक सीएससी वीएलई सक्रिय रूप से विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं में पात्र नागरिकों के पंजीकरण में सहयोग कर रहे हैं।

ये केंद्र पीएम स्किम्स पंजीकरण, डीबीटी भुगतान, बैंकिंग और आधार सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ग्रुप प्रेसिडेंट भगवान पाटिल ने आश्वासन दिया कि सीएससी योजना को स्थानीय नागरिकों तक पहुँचाने में सीएससी केन्द्रीय तथा राज्य कार्यालय त्वरित भूमिका निभाएंगे।

अपने उद्बोधन में राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत का जिक्र करते हुए कहा कि उनका यह पहला कार्यक्रम उनके कर्मभूमि पीलीभीत में हो रहा है। उन्होंने आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के अधीन सीएससी कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने, नौजवानों को रोजगार के नए अवसर देने और सीएससी केंद्रों की सेवाओं को बिना किसी कष्ट के जनता को उपलब्ध कराने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि कॉमन सर्विस केंद्रों की ब्रांडिंग की जाएगी ताकि स्थानीय नागरिकों को इनकी जानकारी हो सके। साथ ही, वीएलई की आमदनी बढ़ाने और स्थानीय लोगों को अधिक सेवाओं का लाभ देने पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने नये बैंक बीसी वीएलई को बीसी पत्र भी जारी किया।

इस कार्यक्रम में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी और सीएससी राज्य मुख्यालय के इन्द्र शुक्ला, अजय चौबे, मनमोहन यादव, पंकज तथा संतोष आदि उपस्थित रहे।

बिजली उत्पादन में यूपी को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी

दस नये थर्मल पॉवर प्लांट से पैदा होगी 5255 मेगावॉट बिजली

विश्ववार्ता ब्यूरो

» 2030 तक और तीन बड़े बिजली घरों की क्षमता में होगा इजाफा

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश को बिजली उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में जुटी हुई है। इसी साल 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश धरातल पर उतरने के बाद बड़े स्तर पर बिजली की मांग बढ़ेगी। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार अगले तीन साल में 10 नये थर्मल पॉवर प्लांट के जरिए तकरीबन 5255 मेगावॉट बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी करेगी। वहीं 2030 तक प्रदेश की तीन इकाइयों की क्षमता में विस्तार करके 5120 मेगावॉट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा।

प्रदेश में जिन 10 नये थर्मल पॉवर स्टेशन को शुरू करने की कवायद चल रही है उनमें 660 मेगावॉट की ओबरा सी यूनिट-2, इस वर्ष सितंबर तक, 660 मेगावॉट की जवाहरपुर यूनिट-2, इस वर्ष जुलाई तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-1, जुलाई 2024 तक, 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट जुलाई 2024 तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-2, दिसंबर 2024 तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-3, मार्च 2025 तक, 396 मेगावॉट की खुर्जा एसटीपीपी यूनिट-1 और 396 मेगावॉट की यूनिट-2, मई 2025 तक, 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री यूनिट-1 अगस्त 2027 तक और 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री, यूनिट-2 अगस्त 2027 तक क्रियाशील हो जाएगी। इन सभी पॉवर स्टेशन के शुरू होने से प्रदेश में अतिरिक्त 5255 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होने लगेगा।

योगी सरकार इसके अतिरिक्त 2030 तक प्रदेश की बिजली उत्पादन क्षमता में 5120 मेगावॉट का इजाफा करेगी। इसके अंतर्गत वर्तमान में मौजूद तीन इकाइयों की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। इसमें ओबरा डी-2 को 1600 मेगावॉट, अनपरा ई-2 को 1600 मेगावॉट और मेजा 2 को 1920 मेगावॉट उत्पादन क्षमता तक विस्तारित करना है।

बता दें कि मौजूदा वक्त में प्रदेश में स्थापित सभी थर्मल पॉवर प्लांट्स के जरिए तकरीबन साढ़े 6 हजार मेगावॉट बिजली का उत्पादन होता है। इसके अलावा हाइड्रो, विंड और सौर ऊर्जा सहित अन्य स्रोतों से भी बिजली का उत्पादन होता है, मगर विगत दशकों में बिजली उत्पादन को लेकर बरती गई उदासीनता के कारण वर्तमान समय में प्रदेश में बिजली की खपत और उत्पादन के बीच बड़ा अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। इस वर्ष गर्मियों में प्रदेश में बिजली की डिमांड 30 हजार मेगावॉट से भी अधिक रही है, जिसे अन्य राज्यों और प्राइवेट सेक्टर से खरीदकर 24 घंटे बिजली देने के संकल्प को पूरा किया गया।

समाजवादी शिक्षक सभा प्रदेश कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल, वृंदावन योजना, लखनऊ में समाजवादी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य अतिथि, समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का सम्मान समारोह प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एस. पी. सिंह पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम का संचालन प्रमुख महासचिव डॉ. कमलेश यादव ने किया। नेताजी मुलायम सिंह यादव एवं संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के पश्चात विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सभी पदाधिकारियों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मिली अपार सफलता के लिए धन्यवाद और बधाई दी गई।

मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने समाजवादी शिक्षक सभा के सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और देश के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। देश और समाज में सही राजनीतिक चेतना जागृत करने में शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शिक्षकों से अपेक्षा है कि देश में और प्रदेश में राजनीतिक परिवर्तन कर जनता और शिक्षक हितैषी सरकार बनाने में उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन करते रहेंगे।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. मानसिंह यादव ने समाजवादी शिक्षक सभा की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एस. पी. सिंह पटेल ने सभी पदाधिकारियों से 2026 में आगामी विधान परिषद के चुनाव तथा विधानसभा 2027 के चुनाव में विधिवत रणनीति बनाकर ज़िम्मेदारी एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उमा शंकर चौधरी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम, कौशल किशोर भदौड़ा, जंग बहादुर पटेल, प्रोफेसर निर्भय गुर्जर, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीमती वंदना वर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदेश महासचिव राम सजीवन रावत, दिग्विजय पटेल, डॉ. शाकिब, जितेन्द्र प्रसाद, प्रमोद यादव, राम लाल विश्वकर्मा। प्रदेश सचिव सर्वश्री डॉ. आशुतोष वर्मा, डॉ. आकिल हुसैन, डॉ. शरद वर्मा आदि ने उल्लेखनीय कार्य किए। इस अवसर पर प्रदेश भर से आए सैकड़ों ज़िला अध्यक्ष/महानगर अध्यक्ष एवं ज़िला महासचिव/महानगर सचिव आदि पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

आधुनिक शिक्षण प्रणाली से लैस होंगे यूपी के अनुदानित विद्यालय

विश्ववार्ता ब्यूरो

» तैयार की गई विस्तृत कार्ययोजना : विद्यालयों के कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की शिक्षण प्रणाली को आधुनिकता के जरिए उच्च गुणवत्ता युक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के अनुदानित विद्यालयों के कायाकल्प की तैयारी शुरू कर दी है। सीएम योगी की मंशा अनुसार तैयार की गई विस्तृत कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए अनुदानित विद्यालयों के कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू हो गई है जिसके अंतर्गत जल्द ही प्रदेश के अनुदानित विद्यालयों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए स्टूडेंट्स व स्टाफ के आधार व अन्य जानकारियों को समायोजित कर मोबाइल ऐप का विकास किया जाएगा। यह ऐप जियो टैगिंग व टीचिंग स्टाफ मॉड्यूल समेत कई खूबियों से लैस होगा तथा समाज कल्याण विभाग ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को इसके विकास का जिम्मा सौंपा है। प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए यूपीएलसी ने अपने यहां इंपैनल्ड कंपनियों के चयन और कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू करते हुए ई-निविदा के माध्यम से आवेदन मांगे हैं। प्रदेश के अनुदानित विद्यालयों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बेस्ड ऐप के विकास की तैयारी की जा रही है वह विभिन्न प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद विकसित होगा। इस क्रम में यूपीएलसी द्वारा कार्यावंटन के बाद चयनित की गई ऐप डेवलपमेंट सर्विस प्रोवाइडर एजेंसी को पहले डीटेल्ड प्रोजेक्ट स्टडी विभाग के अधियारियों से प्राप्त फीडबैक के आधार तैयार करना होगा।

सात वर्ष में बाबा विश्वनाथ की आय में चार गुना वृद्धि

विश्वनाथ धाम के विस्तार व सुविधाओं से दान और दर्शनार्थियों की संख्या में हुई रिकॉर्ड बढ़ोतरी

विश्ववार्ता ब्यूरो

» कोरोना काल के बाद फिर से भक्तों की संख्या में हुई बेतहाशा वृद्धि

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ धाम का विस्तार कर सुगम और अत्याधुनिक बनाया गया तो विश्व भर से शिव भक्तों की संख्या दिन ब दिन बढ़ने लगी। श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद बाबा की आय में भी कई वृद्धि हुई। डबल इंजन सरकार में सुविधाओं के विस्तार होने के बाद विश्वनाथ धाम में दान और दर्शनार्थियों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि भी हुई। वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2023 -24 में बाबा की आय में चार गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। बीच में कोरोना काल में भक्तों की संख्या में थोड़ी कमी आई थी, लेकिन इसके बाद फिर से इसमें बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई।

16 .22 करोड़ पहुंच गई भक्तों की संख्या

श्री काशी विश्वनाथ धाम के कायाकल्प के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगातार निरीक्षण और निर्देशन में मंदिर में कई सुविधाओं की बढ़ोतरी हुई। मंदिर का विस्तार और दर्शन की सुगमता ने काशी में तीर्थाटन को और बढ़ा दिया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि बाबा के आय में चढ़ावा, दान, टिकट और परिसर में नवनिर्मित भवनों के आय आदि के रूप में पिछले 7 साल में 4 गुना की वृद्धि हुई है। 13 दिसम्बर 2021 को हुए विश्वनाथ कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद मई 2024 तक बाबा के भक्तों की संख्या 16.22 करोड़ तक पहुंच गई।

डबल इंजन सरकार में मिलने लगीं विश्वस्तरीय सुविधाएं

धार्मिक और आध्यात्मिक नगरी काशी अनादिकाल से सनातन धर्म मानने वालों की तीर्थस्थली है। डबल इंजन सरकार में अब काशी में विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलने लगी है। इस प्राचीन शहर में दुनिया के हर कोने से पहुंचना आसान हो गया है, जिससे यहां भक्तों का प्रवाह बढ़ गया है। ऐसी मान्यता है कि सनातन परम्परा में दान से विशेष पुण्य मिलता है। धर्म की नगरी काशी में आने के बाद शिव भक्त दिल खोल कर चढ़ावा व दान कर रहे हैं।

मायावती ने भतीजे आकाश को फिर बनाया उत्तराधिकारी

लखनऊ। एक डेढ़ महीने के अंतराल पर बसपा मुखिया मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया और दोबारा बहुजन समाज पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक भी बना दिया गया है।

एक दिन पहले ही आकाश को उत्तराखंड उपचुनाव के लिए पार्टी का स्टार प्रचारक बनाया गया था, आकाश का नाम लिस्ट में मायावती के बाद दूसरे नंबर पर था। मायावती ने रविवार को लखनऊ में बसपा के सभी प्रदेश प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की जिसमें आकाश आनंद भी मौजूद थे। बैठक के दौरान आकाश आनंद ने बुआ मायावती का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भतीजे के सिर पर प्यार से हाथ रखकर दुलारा और पीठ थपथपाई।

अयोध्या में सेना भर्ती रैली 24 जून से

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ/अयोध्या। एआरओ अमेठी के अंतर्गत 13 जिलों (अम्बेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशी नगर, महराजगंज, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, संत कबीर नगर और सिद्धार्थ नगर) के लिए अग्निवीर भर्ती रैली 24 जून, 2024 से शुरू होगी। 24 जून 2024 से 02 जुलाई 2024 तक मुख्यालय भर्ती क्षेत्र, लखनऊ के तत्वावधान में डोगरा रेजिमेंटल सेंटर, अयोध्या में सेना अग्निवीर भर्ती रैली में भाग लेने के लिए रैली ग्राउंड, तैयार है।

अयोध्या के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार के साथ, स्थानीय सैन्य प्राधिकरण, ब्रिगेडियर के. रंजीव सिंह और नागरिक प्रशासन के सक्रिय सहयोग से भर्ती रैली आयोजित की जा रही है। इस बात पर जोर दिया जाता है कि उम्मीदवार किसी भी दलाल के शिकार न बनें।

रैली में फिजिकल फिटनेस टेस्ट (पीएफटी) होगा जिसमें 1.6 किलोमीटर दौड़, जिग जैग बैलेंस, 9 फीट डिच और बीम शामिल होगा। पीएफटी में सफल होने वाले सभी लोग शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) के लिए आगे बढ़ेंगे जिसमें उम्मीदवारों की ऊंचाई, वजन और छाती के विस्तार को मापना शामिल होगा। पीएमटी उत्तीर्ण करने वाले सभी लोग दस्तावेजीकरण के लिए आगे बढ़ेंगे। जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेज सही पाए जाएंगे, वे मेडिकल जांच के लिए बुलाए जाएंगे। 13 जिलों के अभ्यर्थी नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुसार भाग लेंगे:-

(i) 24 जून 2024 - एआरओ अमेठी के तहत सभी 13 जिलों यानी अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशी नगर, महाराजगंज, प्रयागराज, रायबरेली के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास) और अग्निवीर ट्रेड्समैन (08वीं पास) की श्रेणी, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, संत कबीर नगर और सिद्धार्थ नगर।

(ii) 25 जून 2024 - एआरओ अमेठी के तहत सभी 13 जिलों के लिए अग्निवीर कार्यालय सहायक/एसकेटी अग्निवीर तकनीकी की श्रेणी यानी अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशी नगर, महाराजगंज, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, संत कबीर नगर और सिद्धार्थ नगर।

(iii) 26 जून 2024 - अम्बेडकर नगर, बस्ती और महराजगंज जिलों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की श्रेणी।

(iv) 27 जून 2024-कुशीनगर, कौशांबी, संत कबीर नगर और सिद्धार्थ नगर जिलों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की श्रेणी।

(v) 28 जून 2024 - सुल्तानपुर और प्रयागराज जिलों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की श्रेणी।

(vi) 29 जून 2024 - प्रतापगढ़ और अमेठी जिलों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की श्रेणी।

(vii) 30 जून 2024 - अयोध्या और रायबरेली जिलों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी की श्रेणी।

(viii) 01 और 02 जुलाई 2024 - मेडिकल परीक्षण के लिए आरक्षित दिन।

जैसा कि रैली अधिसूचना में बताया गया है, सभी प्रतिभागियों को रैली नोटिफिकेशन में बताए गए सभी अनिवार्य दस्तावेज़ साथ लाना आवश्यक है। कार्यवाही सुबह 02:30 बजे मैदान में प्रवेश के साथ शुरू होगी।

सहायक अध्यापकों व प्रवक्ताओं के होंगे ऑनलाइन स्थानांतरण

ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया की अंतिम तिथि 26 जून 2024

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों/इण्टर कालेजों में कार्यरत सहायक अध्यापकों (एल0टी0) एवं प्रवक्ताओं का वार्षिक स्थानांतरण सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन प्रक्रिया 24 जून 2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से प्रारंभ होगी और आवेदन की अंतिम तिथि 26 जून 2024 निर्धारित है।

यह जानकारी माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि शिक्षक और शिक्षिकाएं किसी भी जानकारी के लिए कार्यदिवस में पूर्वाह्न 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक हेल्पलाइन नंबर 8317054632/8332870905 पर कॉल/व्हाट्सएप कर सकते हैं या ई-मेल onlineteachertransfer 2024@gmail.com के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। निदेशक माध्यमिक ने बताया कि स्थानांतरण के इच्छुक आवेदक मानव सम्पदा पोर्टल पर उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार वरीयताक्रम में अधिकतम 05 विकल्पों का चयन कर सकते हैं। स्थानांतरण के लिए उच्च गुणांक वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी। एक से अधिक आवेदकों के गुणांक समान होने पर अधिकतम आयु वाले आवेदक को वरीयता दी जाएगी और यदि आयु भी समान है तो वरिष्ठ शिक्षक को प्राथमिकता मिलेगी।

उन्होंने बताया कि शिक्षक व शिक्षिकाओं का ऑनलाइन स्थानान्तरण हेतु गुणांक का निर्धारण विभिन्न आधार पर किया जाएगा, जिसमें स्वयं कैंसर/एचआईवी (एड्स)/किडनी/लीवर गंभीर रोगग्रस्त शिक्षक/शिक्षिका द्वारा प्रतिष्ठित चिकित्सालय से प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर, जिनके पति/पत्नी/बच्चे किसी दुर्घटना में शारीरिक रूप से अपंग/दिव्यांग हैं या गंभीर रोगग्रस्त हैं, यदि पति/पत्नी नियमित कार्मिक हैं और राजकोष से वेतन आहरित कर रहे हैं, तो एक ही जनपद/नगर/स्थान पर स्थानांतरण हेतु वरीयता दी जाएगी, इसमें अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय/विद्यालय तथा बेसिक शिक्षा परिषद/सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल के अधीन कार्यरत कार्मिकों को भी उक्त मानक के अन्तर्गत उसी तरह गुणांक का लाभ दिया जायेगा। यदि पति/पत्नी सैनिक/अर्धसैनिक/केन्द्रीय सेवा के कार्मिक हैं और प्रदेश में तैनात हैं और केन्द्र/राजकोष से वेतन प्राप्त कर रहे हैं, ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जिनकी आयु 31 मार्च 2024 को 58 वर्ष पूर्ण हो चुकी है तथा मंदित बच्चों/चलन क्रिया से पूर्णतया प्रभावित दिव्यांग बच्चों के माता-पिता है। श्री देव ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन केवल मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक शिक्षक/शिक्षिकाएं, जो इस ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया में भाग नहीं लेंगे, उन्हें अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश निर्गत किए जाएंगे। विस्तृत दिशा-निर्देश मानव सम्पदा पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

शशि थरूर के ट्वीट पर मंत्री एके शर्मा का पलटवार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और ऊर्जा-नगर विकास विभाग के मुखिया श्री ए.के. शर्मा ने कांग्रेस नेता शशि थरूर द्वारा उत्तर प्रदेश के बारे में किए गए अभद्र ट्वीट का करारा जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा सभ्यता, संस्कृति व इंसानियत से परे है, जिस प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में उन्हें जीवनदान दिया, चुनाव ख़त्म होते ही उस प्रदेश का अपमान करना शुरू कर दिया। इससे साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस कितना मौकापरस्त और अवसरवादी है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और उनके नेताओं द्वारा किए गए खोखले वादें और दावे क्या थे और चुनाव ख़त्म होते ही कांग्रेस की सोच और नियत को उनके ही एक नेता शशि थरूर ने अपने ट्वीट के माध्यम से जाहिर कर दी। जिस प्रदेश की जनता ने उन्हें जीवनदान देकर लोकसभा की 06 सीटें दी हो, उनका धन्यवाद तो नहीं किया।

उपमुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद को अर्पित की श्रद्धांजलि

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने कैम्प कार्यालय पर राष्ट्रीय एकता और अखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद्, श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शिक्षाविद् और महान विचारक थे। राष्ट्र की एकता और विकास में योगदान के लिए उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे मानवता के सच्चे उपासक थे।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक विधान एक निशान एक प्रधान के नायक थे। उनका जीवन दर्शन आज भी अनुकरणीय है। हम सबको उनके जीवन दर्शन और सुकृत्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करना चाहिए।

समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल आज जायेगा कन्नौज

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल दिनांक 24 जून 2024 को जनपद कन्नौज जायेगा। जनपद कन्नौज के अकबरपुर ब्लाक मुगरापुर थाना कन्नौज निवासी श्री अरबाज व उनके चाचा तथा अन्य 4-5 लोग गुरसहायगंज के पास इंदुइयागंज मार्ग पर बने स्वमिंग पूल में नहाने गये थे वहां पर बिच्छू गैंग के लगभग 24-25 लोगों ने हमला कर दिया जिसमें कई लोग घायल हो गये जब कि अरबाज पुत्र मुफीद गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें कानपुर रेफर किया गया, अरबाज की रास्ते में ही मृत्यु हो गई जिसकी जांच एवं जानकारी तथा शोकाकुल परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल ग्राम अकबरपुर, कन्नौज पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यगण है अरविन्द यादव पूर्व विधायक छिबरामऊ कन्नौज, अनिल पाल पूर्व प्रत्याशी विधान सभा क्षेत्र तिर्वा, ताहिर सिद्दीकी पूर्व विधायक, कल्याण सिंह दोहरे पूर्व विधायक, मो. कलीम जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी कन्नौज, आकाश मौर्या प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी उप्र, कुक्कू चौहान तिर्वा कन्नौज, छोटे ठाकुर पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन गुरसहायगंज, यश दोहरे (अन्शुल) कन्नौज, राजेन्द्र सिंह यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख, बऊअन तिवारी पूर्व प्रत्याशी छिबरामऊ एवं राम शंकर वर्मा कन्नौज।

पौधरोपण लखनऊ को चार करोड़, कानपुर मंडल को 3 .13 करोड़ का लक्ष्य तो अयोध्या में 2 .20 करोड़ पौधों से आएगी हरियाली

योगी सरकार के प्रयास से सब मिलकर फिर करेंगे यूपी को हरा-भरा

विश्ववार्ता ब्यूरो

» कुल 35 करोड़ पौधे लगाने के लिए विभागों और मंडलों के लिए लक्ष्य निर्धारित

» वन-पर्यावरण विभाग 14 करोड़, ग्राम्य विकास विभाग लगाएगा 12 .59 करोड़ पौधे

लखनऊ। प्रकृति व परमात्मा की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश को हरा-भरा बनाए रखने के लिए योगी सरकार की पहल पर सब मिलकर कार्य करेंगे। योगी सरकार ने सबका साथ और सबके प्रयास की बदौलत इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण व उनके संरक्षण का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के हरित क्षेत्र को 9 से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 फीसदी तक ले जाना है। इसके लिए जनसहयोग भी जरूरी है। वहीं प्रदेशव्यापी अभियान में सभी विभागों व मंडलों के लिए भी लक्ष्य निर्धारण किया गया है। योगी सरकार का यह भी निर्देश है कि हर किसी को उच्च गुणवत्ता के पौधे सुलभता से मिल सकें, इसके लिए विधिवत तैयारी भी की जाए।

विभागवार तय किया गया लक्ष्य

योगी सरकार सभी के सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त करेगी। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ ही सकुशल पौधरोपण को लेकर विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। 35 करोड़ पौधे के लिए वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन की ओर से 14 करोड़, ग्राम्य विकास विभाग को 12.59 करोड़, कृषि को 2.50 करोड़, उद्यान विभाग 1.55 करोड़, पंचायती राज को 1.28 करोड़, राजस्व को 1.06 करोड़, नगर विकास को 35 लाख, उच्च शिक्षा को 18 लाख, रेशम को 14 लाख, लोक निर्माण, रेलवे व जलशक्ति को 13-13 लाख, बेसिक शिक्षा को 12 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 11 लाख, उद्योग को 9 लाख, औद्योगिक विकास व माध्यमिक शिक्षा विभाग को आठ-आठ लाख, गृह-पशुपालन को सात-सात लाख, ऊर्जा व सहकारिता को छह-छह लाख, आवास विकास, रक्षा व प्राविधिक शिक्षा को पांच-पांच लाख, श्रम व परिवहन विभाग को तीन-तीन लाख पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है।

सर्वाधिक लखनऊ मंडल में

अभियान के तहत सभी 18 मंडलों में भी पौधे लगाए जाएंगे। सबका लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। सबसे अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लखनऊ मंडल को दिया गया है। लखनऊ मंडल में चार करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। कानपुर मंडल में 3.13 करोड़, चित्रकूट में 2.76 करोड़, झांसी में 2.58 करोड़, मीरजापुर में 2.27 करोड़, अयोध्या में 2.20 करोड़, देवीपाटन में 1.95 करोड़, प्रयागराज में 1.89 करोड़, बरेली में 1.87 करोड़, वाराणसी में 1.78 करोड़, मुरादाबाद में 1.76 करोड़, आगरा में 1.74 करोड़, गोरखपुर में 1.43 करोड़, आजमगढ़ में 1.34 करोड़, अलीगढ़ में 1.20 करोड़, मेरठ मंडल में 1.14 करोड़, बस्ती में 1.08 करोड़ व सहारनपुर मंडल में 88 लाख पौधे लगेंगे। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग भी होगी। वहीं मंडलों में वन विभाग की तरफ से 12.60 करोड़ व अन्य विभाग मिलकर लगभग 22.40 करोड़ पौधे लगाएंगे।

पौधरोपण के लिए इस भूमि का किया गया चयन

योगी सरकार ने अफसरों को निर्देश दिया है कि पौधरोपण हर जगह हो, जिससे पूरे प्रदेश में हरियाली लहलहाए। वन भूमि, ग्राम पंचायत व सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेसवे व नहरों के आसपास, विकास प्राधिकरण औद्योगिक परिसर भूमि, रक्षा-रेलवे की भूमि, चिकित्सा संस्थान-शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय भूमि, कृषकों का सहयोग लेते हुए उनकी निजी भूमि, नागरिकों की ओर से निजी परिसर में पौधरोपण कर यूपी को हरा-भरा किया जाए।

एक नजर

डॉ. योगी रवि को मिला अवार्ड

अम्बेडकरनगर। अयोध्या में आयोजित 13 व 14 जून को योग महाकुंभ में योग गुरु डॉ. योगी रवि को महर्षि पतंजलि योग रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. योगी रवि कॉर्पोरेट योग और मानसिक स्वास्थ्य में पीएचडी हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में वे योग शिक्षक के रूप में पिछले 15 वर्षों से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने देश और विदेश में अब तक 25000 हजार से अधिक लोगों को योग से जोड़ा है। अयोध्या में आयोजित योग महाकुंभ में उन्होंने अपना योगदान दिया। इसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

पर्यावरण संतुलन को लेकर हों गंभीर

अम्बेडकरनगर। सामाजिक संस्था जागृति सेवा संस्थान की ओर से में श्रवणक्षेत्र धाम व आसपास के क्षेत्र में पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया। संगठन से जुड़े अरविंद कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण अंधाधुंध पेड़ों की कटान है। हम सभी को पर्यावरण संतुलन को लेकर गंभीर होना होगा। धरती को हरी भरी रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं।

राम नाम जपने से मिलता है सच्चा सुख

अम्बेडकरनगर। भौतिकता की चकाचौंध में सुख की कामना करना अज्ञानता के समान है। क्योंकि भौतिक वस्तुओं में सुख है ही नहीं। यदि सच्चे सुख की प्राप्ति करनी है तो राम नाम का जाप करें। यह संदेश धर्मा ग्रामोदय इंटर कॉलेज मधुपुर मीरनपुर में आयोजित कथा में प्रवाचक दिनेश शास्त्री ने दिया। प्रवाचक ने लोगों से अपने बेटे-बेटियों को रामचरितमानस पढ़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दो गोवंशों की मौत

अम्बेडकरनगर। बीती रात्रि तूफानी बरसात के बीच पानी में गिरे बिजली के 33 हज़ार हाईटेंशन तार के कारण करंट उतरने से दो गोवंशों की मौत हो गई है। पीड़ित परिवार ने अल्ट्राटेक के खिलाफ तहरीर देते गए न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती दी रात्रि में तूफानी बरसात के बीच अलीगंज थानाक्षेत्र के टांडा अकबरपुर मार्ग के कश्मिरिया पर स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के क्लिंकर गोदाम के पास 33 हज़ार हाईटेंशन बिजली का तार गिर गया। हाईटेंशन तार बरसात के जमा हुए पानी मे गिरने से पानी मे करंट उतर गया जहां कश्मिरिया निवासी दिलीप कुमार पुत्र रामबली की भैंस व जर्सी गाय करंट की चपेट में आने से मर गई। पीड़ित का आरोप है कि अल्ट्राटेक क्लिंकर गोदाम के पास अल्ट्राटेक कंपनी द्वारा घेरे गए अलमुनियम के कांटे युक्त तार के सहारे अल्ट्राटेक कंपनी द्वारा लगवाए गए विद्युत पोल में करंट उतरा जिसकी चपेट में आने से उनके गोवंशों की मृत्यु हुई इसलिए अल्ट्राटेक कंपनी से उन्हें क्षतिपूर्ति कराई जाए। अलीगंज थानाध्यक्ष शशांक कुमार शुक्ल ने बताया कि दोनों पशुओ को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा घटना की जांच की जा रही है। पशु चिकित्सक डॉक्टर पंकज यादव ने फार्मासिस्ट मसलाहुद्दीन के साथ दोनों पशुओं का पोस्टमार्टम करते हुए बताया कि पशुओ की मौत करंट के पानी मे उतरे बिजली के करंट हुई है। उक्त संबंध में बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता के सीयूजी मोबाइल पर वार्ता करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। बहरहाल बिजली के 33 हजार हाईटेंशन तार के गिरने से दो गोवंशों की मृत्यु हुई है जिसकी क्षतिपूर्ति के लिए पशु पालक काफी परेशान है और उनसे अल्ट्राटेक कंपनी से क्षतिपूर्ति की मांग किया है।

निशुल्क कोचिंग का लाभ पाने के लिए आवेदन कल तक

अम्बेडकरनगर। आईएएस, पीसीएस व नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवाओं को जिले में ही निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था सरकार ने की है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले ऐसे छात्र-छात्राएं 25 जून तक आनलाइन आवेदन के साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय पर जमा कर सकते हैं। अब तक 170 आवेदन विभाग को प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत युवाओं को यूपीएससी, नीट, जेईई, आईआईटी समेत कई विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जनपद में ही करवाई जाएगी। इसके लिए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के अलावा बीएनकेबी पीजी कॉलेज समेत अन्य विद्यालयों में कोचिंग चलाई जाती है। जहां एक जुलाई से पढ़ाई की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कुमार ने बताया कि जो छात्र-छात्राएं अभ्युदय योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग लेना चाहते हों वे अपने 10वीं व 12वीं और स्नातक की स्वप्रमाणित छायाप्रति, आधार कार्ड, आय व जाति प्रमाणपत्र व दो फोटो के साथ आवेदन पत्र अंतिम तारीख 25 जून तक हर हाल में जमा करा दें।

बैनामा शुदा भूमि में जबरिया कब्जे के विरोध पर जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार

टांडा, अम्बेडकरनगर। भूमि विवाद में दबंगो ने विपक्षी पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गया प्रसाद पाल पुत्र सोमई निवासी बीकापुर भोलनापुर थाना अयोध्या जिला अयोध्या व दुर्गा प्रसाद पुत्र नन्हकऊ निवासी बाबा का पुरवा रानो पाली थाना अयोध्या ने अलीगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2018 में ग्राम रुस्तमपुर थाना अलीगंज में खाता धारक कितबुल निशा पत्नी स्वर्गीय मो. यूनुस से गाटा संख्या 165 रकबा 0.2760 में से 4.5 बिस्वा भूमि क्रय किया था जिसका खारिज दाखिल होकर मेरे नाम ही है। मेरे विपक्षी आसम उर्फ आसिम पुत्र मो. अब्दुल लतीफ व तलहा पुत्र आसिम निवासीगण खासपुर थाना अलीगंज ने पूर्व में विवाद कर दिया था जिससे बीते दिनो सुलह हो गया है किन्तु फिर भी अपनी दबंगई से मेरी भूमि कब्जा किया था जिसे 15 जून को राजस्व व पुलिस टीम की मौजूदगी में उक्त भूमि का पैमाइश कराया गया था तथा प्रार्था अपना पीलर गाड़ा था जिसे मेरी विपक्षीगण उपरोक्त पिलर नष्ट कर दिए है। जब आज मैं आकर देखा तो पिलर उखाड़ कर फेंक दिया गया है। जब में पूछने गया तो तिजरा चौराहा पर विपक्षीगण मिले पूंछने पर मां बहन की गन्दी गन्दी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पेंशन के लाभार्थियों को अकाउंट से आधार-मोबाइल नंबर लिंक कराना अनिवार्य

अम्बेडकरनगर। जिले में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति के मृत्यु के उपरांत मिलने वाले विधवा पेंशन के लाभार्थियों के लिए उनका आधार कार्ड नंबर एवं मोबाइल नंबर बैंक खाते से लिंक होना जरूरी हो गया है। अगर लाभार्थियों ने आधार एवं मोबाइल नंबर को अपने बैंक खाते से जल्द लिंक नहीं कराया तो उन्हें पेंशन नहीं मिलेगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2024-25 में आधार से लिंक बैंक खाते में ही पेंशन की धनराशि का भुगतान किया जाएगा। जिन लाभार्थियों का आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर बैंक खातों से लिंक होंगे। उन्हीं लाभार्थियों को पेंशन प्रदान किया जाना संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि महिला कल्याण निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार विधवा पेंशन के लाभार्थियों के बैंक खातों को आधार नंबर से लिंक होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि विधवा पेंशन योजना के अंतर्गत जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे विधवा पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थी अपने आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर को अपने बैंक खाते से लिंक कराकर NPCI तथा DBT कराना होगा। उन्होंने बताया कि जिन लाभार्थियों का NPCI तथा DBT नहीं हुआ है। वह सम्बन्धित बैंक में जाकर करा लें। विधवा पेंशन से लिंक कराने के लिए अपने निकटतम जन सुविधा केंद्र पर जाकर विभागीय वेबसाइट पर अपना आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर शीघ्रता से लिंक करा लें। अगर इस कार्य को कराने उन्हें किसी तरह की समस्या आती है तो संबंधित लाभार्थी विकास भवन दबरई स्थित जिला प्रोबेशन कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

सार्वजनिक मार्ग के निर्माण में अवरोध के मामले में एसडीएम को निर्देश

जलालपुर, अम्बेडकरनगर। बीते पांच दशको से रास्ते के रूप में प्रयोग किए जा रहे आम रास्ते पर अराजक तत्व इंटरलॉकिंग निर्माण में बाधक बन गए है। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को पत्र भेज निर्माण में बाधक बन रहे आराजक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए रास्ते के निर्माण का आदेश मांगा है। प्रकरण जलालपुर के नगपुर ग्राम पंचायत के मुस्तफाबाद का है। ग्राम प्रधान तहसीन फातिमा ने जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में लिखा है कि डॉक्टर शब्बर के घर से मोहम्मद यावर के घर तक बीते पांच दशक से कच्चा रास्ता है। इसी रास्ते से सैकड़ों घरों के परिवारों का आना जाना होता है। यह रास्ता आगे चल कर छः मुख्य मार्ग को जोड़ता है। ग्राम पंचायत निधि से इंटरलॉकिंग का निर्माण किया जाना है जिसमें कुछ अराजक तत्व निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को मौके पर जा कर मामले के निस्तारण का निर्देश दिया है।

अभी तक साफ नहीं हो पाए नाले जलभराव का संकट संभव

मानसून नजदीक, गंभीरता नहीं दिखा रहा नगर पालिका प्रशासन

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। बारिश के मौसम ने दस्तक तो दे दी है, लेकिन अकबरपुर नगर के प्रमुख स्थानों पर होने वाले जलभराव की समस्या को दूर करने को लेकर नगर पालिका परिषद अकबरपुर प्रशासन गंभीरता नहीं दिखा रहा है। न तो क्षतिग्रस्त नालों को दुरुस्त कराया जा रहा और न ही नालों की बेहत्तर ढंग से साफ सफाई ही कराई जा रही।

> नाले व नालियों की बेहतर ढंग से साफ-सफाई का कार्य लगातार जारी है। सफाई कर्मचारियों के अलावा जेसीबी भी लगाई गई है। वातिग्रस्त नालों व नालियों को दुरुस्त भी कराया जा रहा है।
>
> **बीना सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर**

अकबरपुर नगर में हल्की बारिश होने पर होने वाली जलभराव समस्या को दूर करने को लेकर नगर पालिका प्रशासन बढ़ चढ़कर दावे तो कर रहा है, लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। अब कभी भी मानसूनी बारिश शुरू हो सकती है। ऐसे में नगर के लोगों को एक बार फिर से जलभराव जैसी समस्या से दो चार होना पड़ सकता है।

मालूम हो कि बारिश होने पर अकबरपुर नगर के पीडब्ल्यूडी कार्यालय के मुख्य गेट के सामने, बिजली कार्यालय के सामने, अकबरपुर बस स्टेशन के निकट, अकबरपुर अयोध्या मार्ग, उसरहवा गली, राबीबहाउद्दीनपुर, सब्जी मंडी समेत कई अन्य क्षेत्र में जलभराव ही जाता है। दरअसल इन क्षेत्रों में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था ही नहीं है। पीडब्ल्यूडी कार्यालय, कृषि भवन कार्यालय व बिजली विभाग कार्यालय के सामने न सिर्फ नाली की ढलान व गहराई बढ़ाने की जरूरत है बल्कि नियमित साफ सफाई भी जरूरी है।

उसरहवा मोहल्ले में नाली न सिर्फ संकरी है बल्कि बेहतर ढंग से साफ सफाई भी नहीं होती है। इसी प्रकार अकबरपुर अयोध्या मार्ग पर भी नाले का पूरी तरह से निर्माण नहीं हो सका है।

तीन हजार आबादी की राह जल्द होगी आसान

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के दो वार्ड की लगभग तीन हजार की आबादी के लिए बड़ी राहत की खबर है। लोकसभा चुनाव के चलते ठप पड़े सीसी रोड व इंटरलॉकिंग का कार्य एक बार फिर से प्रारंभ हो गया है। 15वें वित्त के तहत लगभग 40 लाख रुपये की लागत से न सिर्फ सीसी रोड, बल्कि इंटरलॉकिंग के साथ ही नाली का भी निर्माण तेजी से चल रहा है।

लोगों को सुचारु आवागमन के साथ ही जलनिकासी व कई अन्य प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने के लिए नगर पंचायत क्षेत्र अशरफपुर किछौछा में बड़े पैमाने पर काम कराए जा रहे हैं। जलभराव समस्या दूर करने के लिए जहां क्षतिग्रस्त नालियों को दुरुस्त कराया जा रहा तो वहीं नए सिरे से नाले व नाली का भी काम कराया जा रहा है। इसके साथ ही प्रकाश व्यवस्था को भी चुस्त दुरुस्त किया जा रहा है।

इसी क्रम में बीते दिनों लगभग 40 लाख रुपये की लागत से नगर पंचायत के बसखारी व बसखारी उत्तरी में 15वें वित्त योजना के तहत इंटरलॉकिंग व सीसी रोड के साथ नाली निर्माण को बोर्ड ने मंजूरी प्रदान की थी। नगर पंचायत कार्यालय के अनुसार बसखारी मोहल्ले में 16 लाख 16 हजार रुपये की लागत से प्रभू निषाद के घर से पल्लू भैरवदीन के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण जबकि बसखारी उत्तरी में 23 लाख 91 हजार रुपये की लागत से द्वारिका के मकान से भोला के घर तक सीसी रोड व नाली का निर्माण इसमें शामिल रहा। निर्माण कार्य तेजी से प्रारंभ हुआ लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते लगभग तीन माह तक कार्य ठप रहा। अब जबकि चुनाव समाप्त हो गया तो एक बार फिर से निर्माण कार्य तेजी से प्रारंभ हो गया। माना जा रहा है कि एक पखवाड़ा के अंदर दोनों कार्य पूर्ण हो जाएंगे। इससे लगभग तीन हजार की आबादी को सुचारु आवागमन के साथ ही जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।

उधर अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगा। इसके अलावा नगर पंचायत क्षेत्र के अन्य मोहल्लों में भी तेजी से विकास कार्य कराए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने सुंदरीकरण में तेजी लाने के दिए निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के अभिनव पहल के तहत जनपद अंबेडकर नगर में विगत एक वर्ष में कई चौराहों का सौंदर्यीकरण किया गया है। जिसमे गौहन्ना चौराहे दोस्तपुर रोड अकबरपुर का निरीक्षण किया गया। वहा पर सैनिक की मूर्ति लगाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबन्धित अधिकारियो को उसके सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए गए।

बता दें कि इसके पूर्व में भी फौवारा तिराहा शहजादपुर, सीडीओ ऑफिस के सामने, सात घोड़ों से युक्त चौराहे पर मूर्ति लगाई गई हैं तथा वहां पर एक पार्क भी विकसित किया गया है साथ ही साथ कलेक्ट्रेट परिसर में सजावटी लाइट लगवाई गई तथा परिसर में मधुबनी पेंटिंग कराई गई है, कलेक्ट्रेट में आए हुए फरियादियों के लिऐ प्रतीक्षा कक्ष भी बनवाया गया है।योगा पार्क, सहित अनेक चौराहों का सौंदर्यीकरण कराया गया है। इसके साथ ही साथ अन्य चौराहों के सौंदरीकरण के कार्य चल रहे हैं।शहजादपुर फुब्बारा तिराहे पर 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के दिन यहां पर राम की मूर्ति पूजन कर स्थापित की गई है। अकबरपुर नगर के सुंदरीकरण के क्रम में गौहन्ना चौराहे पर सैनिक की मूर्ति स्थापित होने के बाद डीएम ने जायजा लिया। कहा कि नगर के सुंदरीकरण कार्य में और तेजी लाई जाए। बीते करीब डेढ़ वर्ष से अकबरपुर नगर के स्वरूप को बदलने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें रंगबिरंगी लाइटें लगाने के साथ ही सड़कों के चौड़ीकरण व चौराहों का सुंदरीकरण शामिल है। कलेक्ट्रेट के निकट योगा पार्क, जनपद न्यायालय के निकट प्रगति के प्रतीक सात घोड़ों की मूर्ति व कटरिया तिराहे पर सैनिकों की मूर्ति लगाने के बाद बीते दिनों ही गौहन्ना चौराहे पर भी सैनिक की प्रतीकात्मक मूर्ति स्थापित कर दी गई। निरीक्षण के दौरान यहां पहुंचे डीएम ने नगर परिषद अधिकारियों को नगर के सुंदरीकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

स्मैक की भेंट चढ़ा एक और नौजवान, नशीला इंजेक्शन भी कई घरों को कर रहा है बर्बाद

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। टांडा नगर में नशा के चंगुल में फंस चुके एक नौजवान का शव सुनसान गली से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पवित्र सरयू तट किनारे आबाद प्राचीन ऐतिहासिक औद्योगिक बुनकर नगरी टांडा में नशीला इंजेक्शन व स्मैक की बिक्री पर पाबंदी लगाने को लेकर समाज सेवियों द्वारा लगातार मांग की जाती रही है लेकिन प्रशासन व पुलिस को ठेंगा दिखाते हुए लगातार स्मेक व नशीले इंजेक्शन की जमकर बिक्री हो रही है।

टांडा नगर पालिक क्षेत्र के मोहल्लाह सिकंदराबाद में स्थित कसाई टोला की एक गली में ९ पानी की पाइप बिछाई गई और गली को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। उक्त गली में शनिवार की रात्रि में स्थानीय लोगों ने एक युवक को नाली में मृत्यु गिरा हुआ देखा तो स्थानीय सभासद मो. ज़ाहिद उर्फ छोटू को सूचना दिया और उसके बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दिया गया। सूचना पर तत्काल कोतवाली निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी, एसएसआई वेद प्रकाश यादव, एसआई दिनेश रॉय कई सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। मृतक की पहचान राहुल मौर्य

पुत्र जानकी मौर्य निवासी टांडा नगर के मोहल्लाह कस्बा छोटी बाजार थाना अलीगंज के रूप में हुई। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दिया गया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताते हैं कि मृतक स्मैक व नशीले इंजेक्शन के चंगुल में बुरी तरह फंस चुके था और गलियों से कबाड़ बीन कर आने नशे का इंतज़ाम करता था।

बहरहाल टांडा नगर में स्मैक व नशीले इंजेक्शन की चपेट में आने से कई घर बर्बाद हो रहे हैं जिनको बन्द कराने की समाज सेवियों द्वारा लगातार मांग की जा रही है।

बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। भाजपा ने भारतीय जन संघ के संस्थापक डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 71 वें बलिदान दिवस पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन और भाजपा जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू के संयोजन में जनपद के सभी बूथों पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने अपने बूथ 245 पर मण्डल अध्यक्ष सुग्रीव कन्नौजिया बूथ अध्यक्ष बाबू लाल के साथ डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरान्त कहा कि डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश भक्ति का अनूठा मिशाल पेश करते हुए भारत की एकता अखंडता के लिए कश्मीर में अपने प्राणों की बलि दिया लेकिन कभी देश की अखंडता और संप्रभुता के साथ समझौता नहीं किया।उन्होंने कहा कि डाक्टर साहब ने राष्ट्रहित में सत्ता का त्याग करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देश में 2 विधान 2 प्रधान और 2 निशान का विरोध किया था और स्वतंत्र भारत का पहला आंदिलन छेड़ा था। उन्होंने कश्मीर में प्रवेश के लिए लग रहे परमिट को रद्द करने और पश्चिम बंगाल को भारत से अलग करने की सोच के खिलाफ भी लड़ाई लड़ा था।डाक्टर मुखर्जी जी की ही बलिदान और लड़ी गई लड़ाई का परिणाम है कि आज हम कश्मीर में बिना रोक टोक आ जा सकते हैं और पश्चिम बंगाल भारत का अभिन्न अंग है।

बलिदान दिवस जिला संयोजक विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू ने बताया कि डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की बलिदान दिवस को जनपद के प्रत्येक बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया।मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्प कर बलिदान दिवस मनाने में मुख्य रूप से विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय,पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद,जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,राम प्रकाश यादव,ज्ञान सागर सिंह,यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,शिव नायक वर्मा,रमा शंकर सिंह,जिला उपाध्यक्ष डाक्टर राना रणधीर सिंह,मनोज मिश्र,रमेश चंद्र गुप्ता,डाक्टर रजनीश सिंह,सुमन पाण्डेय,रफत एजाज,जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह,दिलीप पटेल देव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,पूर्व विधायक त्रिवेणी राम,जय राम विमल,संजू देवी,अनीता कमल,जिला मंत्री संजय सिंह,दीपक तिवारी,चंद्रिका प्रसाद,विनय पाण्डेय,पंकज वर्मा, सुनील पासवान,जिला कार्यालय सह प्रभारी धीरेंद्र प्रताप सिंह,डाक्टर संतोष कुमार सिंह, मनीष मिश्र,बजरंगी पाठक सहित मंडलों के मण्डल अध्यक्ष एवम बूथ अध्यक्ष गण शामिल रहे।

रिजवान ने रची स्वयं के अपहरण की साजिश ,पुलिस ने किया पर्दाफाश

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जलालपुर से बसखारी के लिए ऑटो रिक्शा पर बैठ कर निकले पुन्थर टांडा निवासी मो. रिजवान को जलालपुर पुलिस ने मोबाइल सर्विलांस के सहारे मात्र चन्द घंटा में ही किछौछा से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की पूंछतांछ में रिजवान ने जो खुलासा किया वो हैरान कर देने वाला था।

रिजवान पुत्र रफीउल्लाह निवासी पुन्थर ने जलालपुर पुलिस को बताया कि उसने स्वयं के अपहरण की साज़िश रची र्थ जलालपुर कोतवाली निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने 25 वर्षीय मो. रिजवान के अपहरण की सूचना पर तत्काल मोबाइल सर्विलांस लगाते हुए अंतिम लोकेशन प्राप्त किया और फिर सर्विलांस सेल व मुखबिरों के सहारे हमराही सिपाहियों के साथ किछौछा पहुंच कर रिजवान को सकुशल बरामद कर लिया। जलालपुर कोतवाली पुलिस ने रिजवान को उसके परिजनों के हवाले कर दिया तथा रिजवान ने दोबारा पुनरावृत्ति न करने का वादा किया। अपहरण की साजिश रचने के पीछे का कारण पूंछने पर मो. रिजवान ने कहा बस यूं ही भाई को फोन कर दिया था।

बताते चलेंकि टांडा कोतवाली क्षेत्र के पुन्थर गाँव निवासी मो. रिजवान अपने ननिहाल नगपुर जलालपुर गया हुआ था और शनिवार की सुबह 09 बजे जलालपुर के जमालपुर चौराहा बसखारी मार्ग से ऑटो रिक्शा पर बैठ कर घर के लिए निकला था और कुछ देर बाद अपने भाई को फोन कर बताया था कि कुछ लोग उसे पकड़ कर मार रहे है और उसके बाद से मोबाइल बन्द हो गया था।

उक्त फ़र्ज़ी घटना से सिर्फ परिवार व रिश्तेदार ही नहीं बल्कि प्रशासन व समाजसेवी भी चिंतित हो गए लेकिन जलालपुर कोतवाली पुलिस की तत्परता के कारण मात्र चन्द घंटा में ही पुलिस ने रिजवान को बरामद कर स्वयं के अपहरण करने का पर्दाफाश किया। उक्त घटना शनिवार पूरे दिन सोशल मीडिया व विभिन्न क्षेत्रो में चर्चा का विषय बनी रही।

भंडाफोड़ 25 साल से न ही सड़क की न हुई मरम्मत और न ही गड्ढा मुक्त

ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के भ्रष्टाचार की खोली पोल, लगाया आरोप

विश्ववार्ता संवाददाता

अम्बेडकरनगर। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को विभागों के मुखिया ही पलीता लगा रहे हैं। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस नीति अपना रही है लेकिन लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), निर्माण खंड में निर्माण कार्यों में खेल हो रहे हैं।

माप पुस्तिका (एमबी) में निर्माण कार्यों का बजट अधिक होता है जबकि भौतिक सत्यापन में कुछ और ही कहानी होती है।जलालपुर तहसील क्षेत्र निमटिनी चौराहे पर से मथुरा रूसूलपुर हसनपुर परेजाबाद कौडाही होते हुए एन एच 233को जोड़ने वाली सड़क किनारे लगभग एक दर्जन गांव है जहां की लगभग चालीस हजार गांव बसें हुए है दो प्राथमिक विद्यालय दो उच्च प्राथमिक विद्यालय मौजूद है इस रोड से लगभग हजारों की संख्या में लोगों का आवागमन रोज रहता है इस रास्ते के बन जाने से रफीगंज भियांव मारहरा हैदराबाद चितईपटी माधवपुर निमटिनी दुलहूपुर रुस्तमपुर अमोला बहुत से ग्राम सभा को इस सड़क के बन जाने से बसखारी जाने के लिए लगभग 5 किलोमीटर की दूरी कम होगी डबल इंजन सरकार लगभग दस वर्ष का कार्यकाल पूरा हो गया जबसे सरकार बनी तभी से गड्ढा मुक्त सड़क एवं रिपेयर का ढिंढोरा पीटा जा रहा है लेकिन ग्रामीणों ने विश्व वार्ता को बताया कि 25

वर्ष बीत चुके न कभी रिपेयर हुआ और ना ही गड्ढा मुक्त हुआ और रिपेयर की बात तो दूर सवाल उठना लाजिमी हो गया की 25 वर्षों में बहुत सी सरकारें आई और बहुत सी चली गई वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार चल भी रही जनता के मन में सवाल खड़ा हो रहा है कहीं ऐसा तो नहीं की कागज में ही रिपेयर और गड्ढा मुक्त कर दिया गया यह सवाल जनता के जेहन में गूंज रही । लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड के जिम्मेदार अधिकारी मीडिया कर्मियों को विधिक नोटिस देकर अपना भ्रष्टाचार छुपाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं।वहीं एक तरफ जनता एवं प्रधान आरोप लगा रहे हैं कि अधिशाषी अभियंता एम के अनिल सरकार को बदनाम करने पर उतारू हैं । वहीं पर लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मीडिया कर्मी को विधिक नोटिस देकर अपना भ्रष्टाचार छुपाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा हैं। वहीं मीडिया कर्मी लोक निर्माण विभाग से जन सूचना 2005 के अंतर्गत जानकारी मांग रहा है कि कितने सड़क गड्ढा मुक्त किए गए हैं ।लेकिन लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सूचना देने में पसीने छूट रहे है। कहीं ऐसा तो नहीं कुछ सड़कें कागजों में सिर्फ गड्ढा मुक्त कर दिया गया वैसे जनता भी सवाल उठा रही है लोक निर्माण विभाग के कार्य शैली पर आखिर जिलाधिकारी लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड के कार्यो पर जांच बैठाएंगे अगर जांच बैठा तो लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की गर्दन फंसना तय फिलहाल देखने वाली बात होगी कब जांच बैठेगा।

छात्रों को स्कूल बुलाने के लिए घर-घर जाएंगे शिक्षक

आलापुर, अम्बेडकरनगर। बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से तहसील क्षेत्र के सभी 310 परिषदीय विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन कराने के लिए 28 जून से विशेष अभियान चलाया जाएगा। परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षक घर घर दस्तक देते हुए एक-एक बच्चे का ब्योरा जुटाएंगे।

परिषदीय विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन कराने के लिए कवायद तेज हो गई है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 28 जून से विद्यालय खुल जाएंगे। ऐसे में प्रधानाध्यापक व शिक्षक अपने-अपने क्षेत्र में रैली निकालकर अभिभावकों को बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालय में कराने के लिए प्रेरित करेंगे। इससे पहले शिक्षकों को 25 से 27 जून तक विद्यालय खोलकर साफ सफाई कराकर छात्र-छात्राओं के अनुकूल वातावरण बनाने का निर्देश शासन की तरफ से जारी किया गया है। 28 जून को विद्यालय खुलने पर चाइल्ड फ्रेंडली वातावरण सृजित कर विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी जहांगीरगंज संतोष कुमार पांडेय व रामनगर शैलजा मिश्रा ने बताया कि स्कूल खुलने के बाद शिक्षक घर-घर दस्तक देंगे। अभिभावकों को जागरूक करने के साथ बच्चों का ब्योरा भी इकट्ठा किया जाएगा।

एक नजर

फरार चल रहे 9 वारण्टियों को गिरफ्तार किया

शाहजहांपुर। जलालाबाद पुलिस ने वांछित 9 आरोपीयों गिरफ्तार किया है। जिनको गिरफ्तार किया गया है उनमे कश्मीर पुत्र बड़े निवासी ग्राम दिवियापुर 2. सचिव व राजीव पुत्र सुरेश निवास ग्राम मगटोरा 4. हरिसरन ग्राम कुडरा 5. नन्हकू पुत्र रामपाल निवासी ग्राम झौहना 6. सुनील कुमार पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम दुमकापुर 7. दीपू पुत्र सिरिया उर्फ श्रीपाल निवासी ग्राम सराय साधऊ 8. महेन्द्र पुत्र रामौतार निवासी ग्राम कोली निकट बौड़ा महुआडांडी व 9. नवी हसन पुत्र सत्तार निवासी ग्राम कोठी वाला बाग गुनारा उनके घरों से गिरफ्तार किया गया।

चोरी की योजना बनाते पुलिस ने दो को पकड़ा

बरेली। चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की योजना बनाते हुए दो किशोरों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें बाल सुधार ग्रह भेजा जाएगा। थाना इज्जतनगर थाने में तैनात दरोगा रवेंद्र कुमार ने बताया वह बैरियर टू में रात को गश्त कर रहे थे। इस दौरान वह लोग पीलीभीत रोड पर मेट्रो पोलिटन स्कूल से 20-25 कदम दूर पर पहुंचे। स्कूल के सामने रोड पर उन्हें टार्च की रोशनी दिखाई दी। पुलिस टीम वहां दबे पाव पहुंची। इस दौरान उन्होंने सुना कि दो किशोर आपस में बात कर रहे हैं कि मौसम ठंडा हो गया है। वह किसी घर में अब चोरी कर सकते हैं लोग सो गए होगें। जैसे ही उनके पास पुलिस टीम पहुंची दोनों किशोर पुलिस को देखकर भागने लगे। इस दौरान दोनों ही वहां खड़े अर्जुन के पेड़ से टकरा कर पुलिया के पास गिर गए। पुलिस ने दोनों युवको को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए किशोरों ने अपना नाम शेर सिंह 17 पुत्र रूकमलाल निवासी धौरेरा माफी थाना इज्जतनगर, आलोक 17 पुत्र रिंकू राजपूत निवासी आजमनगर चौराहा कोतवाली बताया। पूछताछ में दोनों किशोरों ने कबूल किया कि वह किसी मकान में चोरी करने की योजना बना रहे थे।

स्वतंत्रता सेनानी आश्रित कमला जौहरी का निधन

बरेली। नाथ नगरी के कुंवरपुर निवासी स्वतंत्रता सेनानी रहे स्वर्गीय राम बहादुर लाल जौहरी की पत्नी श्रीमती कमला जोहरी का जो उनकी आश्रित थी का निधन हो गया। 93 वर्षीय कमला जोहरी की कोई संतान नहीं थी। सिटी शमशान भूमि पर उनका अंतिम संस्कार उनके भतीजे आलोक बहादुर जौहरी ने किया। सिटी शमशान भूमि पर श्रद्धांजलि देने वालों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोध जौहरी आदर्श जौहरी अशोक जौहरी आनंद जौहरी राहुल प्रदीप अनुदीप जौहरी सहित शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की

बरेली। भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना के दिशा निर्देशन में महानगर के 9 मंडलों में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने मिलकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जीवन के बारे में विस्तार से पदाधिकारी ने कार्यकर्ताओं को जानकारी दी, वन एवं पर्यावरण मंत्री ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा हमें उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए उन्होंने अपना जीवन पूरा समाज के लिए समर्पित कर दिया इसलिए उनके बताए गए मार्ग पर हम सभी को चलना चाहिए महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए गुलशन आनंद ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि पर नमन करते हुए विस्तार से जानकारी दी। भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर महानगर के सभी 9 मंडलों के बूथ स्तर पर भी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि सभी महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षद एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

संत कबीर का 627 वां प्रकटोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया

सहारनपुर। संत शिरोमणि कबीर साहिब सेवा समिति के तत्वाधान में संत कबीर साहब का 627 वां प्रकटोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया इस अवसर पर उनके आदर्शों और सिद्धांतों को जीवन में अपने पर बल दिया गया। गंगोह रोड धर्मदास कॉलोनी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित समारोह का शुभारंभ समिति अध्यक्ष इंजीनियर सतपाल सिंह, सचिव मोतीराम,,कोषाध्यक्ष प्रेमचंद कोरी ने संयुक्त रूप से संत कबीर साहब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रवज्जलित कर माल्यार्पण कर आरती के साथ किया।

डीएम ने सुपर नेपियर घास की बुवाई की

विश्ववार्ता संवाददाता

सहारनपुर। बेजुबान पशुओं के लिए हरे चारे की समुचित व्यवस्था के लिए जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने रिमाउंट डिपो पहुंचकर अपने हाथों से सुपर नेपियर घास की बुवाई की। रिमाउंट डिपो में घोड़ों को ट्रेनिंग दी जाती है जिन्हे सेना एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों की सेवाओं में प्रयोग किया जाता है। डीएम ने कहा कि नेपियर घास जैसी पोष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक घास मिलने से घोड़ों को बेहद फायदा होगा। उन्होंने कहा कि बेजुबान पशु बहुत संवेदनशील होते हैं वह अपने मालिक अपने राष्ट्र के प्रति वफादार होते हैं। उन्होंने बताया कि निराश्रित गौवंशो के लिए जनपद की सभी गौशालाओं और चरागाहों की भूमि के साथ साथ भारी मात्रा में किसानों द्वारा भी नेपियर घास की बुवाई की गई है। जिससे बेजुबान पशुओं को वर्षभर हरे चारे की उपलब्धता आसानी से हो रही है। डॉ0 दिनेश चंद्र ने बताया कि रिमाउण्ट डिपो पर 50 एकड़ भूमि पर नेपियर घास को रोपित किया जाएगा। डिपो पर बुआई के लिए बीज की उपलब्धता कराई गई है। डीएम ने कर्नल श्री नवदीप यादव और उनकी टीम द्वारा रिमाउंट डिपो के विकास और वहां पर रहने वाले घोड़ों की ट्रेनिंग के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। रिमाउंट डिपो के अधिकारियों द्वारा नेपियर घास के बीज उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उनके साथ उपजिलाधिकारी सदर युवराज सिंह सहित रिमाउंट डिपो के अधिकारी मौजूद रहे। डॉ0 दिनेश चंद्र ने कहा कि कृषकों को नेपियर का बीज भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इच्छुक कृषक जिलाधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि खेती के लिए उपयुक्त सार्वजनिक भूमि पर नेपियर घास का रोपण कराएं। उन्होंने जनपद के सभी कृषकों से नेपियर घास के अधिक से अधिक उत्पादन करने की अपील करते हुए अन्य कृषकों को भी प्रेरित करने की बात कही। डॉ0 दिनेश चंद्र ने निर्देशित किया कि चारागाह की भूमि पर अधिक से अधिक नेपियर घास की बुआई की जाए। उन्होंने कहा कि नेपियर घास का उत्पादन वर्ष भर किया जा सकता है। इसके फायदे बताते हुए उन्होने कहा कि नेपियर घास का उत्पादन हरे चारे की निरंतर उपलब्धता के लिए आत्मनिर्भरता, विशेष रूप से पूरे वर्ष निराश्रित एवं आश्रित पशुओं के पौष्टिक आहार के रूप में बेहतर विकल्प है। ये एक पौष्टिक चारा है जोकि न केवल खाद्यान्न आवश्यकता को पूर्ण करेगा बल्कि गौवशों को स्वस्थ रखने में मदद करेगा।

जिला एवं महानगर में नई कार्यकारणी का गठन

बरेली। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में मंडल, जिला एवं महानगर में नई कार्यकारणी का गठन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी एवं कार्यक्रम आयोजक प्रदेश अध्यक्ष श्री बनवारी लाल पाठक रहे।अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल पाठक ने मंडल में नितिन महाराज को मंडल अध्यक्ष एवं विशाल शर्मा को पुनः मंडल महामंत्री नियुक्त किया , जिला अध्यक्ष पद पर विपिन शर्मा एवं देवेंद्र शर्मा को जिला महामंत्री नियुक्त किया , जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विष्णु भारद्वाज एवं शिवकुमार शर्मा को नियुक्त किया , महानगर अध्यक्ष पद पर रामकृष्ण शुक्ला व्यापार मंडल के वरिष्ठ नेता एवं महानगर महामंत्री पद पर प्रखर पाठक को नियुक्त किया गया, महानगर अध्यक्ष महिला पद पर कृष्णा भारद्वाज को नियुक्त किया गया।

मेहंदी ढोलक मॉडलिंग व डांस सीखने में बच्चे दिखा रहे रुचि

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहांपुर। खिरनी बाग स्थित बड़ा मंदिर के अंदर अनूप एकेडमी आर्ट के नेतृत्व में 20 मई से चल रहे समर कैंप का आज समापन हो गया। समर कैंप के समापन पर आदर्श दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई ने समर कैंप में आए हुए बच्चों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर उत्साह वर्धन किया। समर कैंप में बालक व बालिकाओं को मेहंदी ढोलक मॉडलिंग और डांस की बारीकियां सिखाई गई। जिसमें बच्चों ने रुचि दिखाई। समर कैंप में प्रशिक्षण दे रहे दीपक गुप्ता ने बताया कि बच्चों में टेलेंट की कोई कमी नहीं है। जरूरत है तो उसे निखारने की कैंप में छोटे-छोटे बच्चे भी आ रहे हैं, जिन्हें डांस सिखाया जा रहा है। छोटे होने के बावजूद बच्चों की कैचिंग पावर अच्छी है। बच्चों को जो स्टेप समझाए जाते हैं वे उन्हें तुरंत फॉलो करने लगते हैं। कई छोटी बच्चियां डांस करते समय परी जैसी लगती है। इसके अलावा मेहंदी व ढोलक मॉडलिंग में भी बच्चे, बच्चियां अच्छा परफॉमेंस कर रहे हैं। दीपक गुप्ता के साथ प्रशिक्षण दे रही अदिति कुमारी भी बच्चों के प्रदर्शन से खुश हैं।

बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बैठक

बरेली। इंडो बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिशन द्वारा श्री बॉडी बिल्डिंग यू पी 25 क्लासिक बरेली श्री बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बैठक हुई। 29 जून , शनिवार को शाम 7 बजे लाल फाटक रोड, में होगा।

आईबीएफए के प्रदेश अध्यक्ष नदीम खान ने बताया जिला स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 7 वर्ग भाग में आयोजित होगी और नए युवा खिलाड़ियों के लिए नेचुरल वर्ग में प्रतियोगिता होगी प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण सर्वेश शाहू मि इंडिया (मुंबई) बॉडी शो रहेगा, आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए नगद पुरस्कार, बिग ट्रॉफी सर्टिफिकेट, मेडल,गिफ्ट आदि से नवाजा जाएगा निर्णायक मंडल में राष्टीय स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में कौशल सिंह, अमित चौहान, मनमोहन सिंह तनेजा,आलम सिद्दीकी, पंकज सिंह, अरुण चौहान, कृष्ण सिंह, लक्ष्य सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

साधना से बचे सांस, बढ़े जीवन : भारत भूषण

» योग दिवस श्रृंखला का समापन डॉक्टर्स को योग प्रशिक्षण से

विश्ववार्ता संवाददाता

सहारनपुर। मोक्षायतन योग संस्थान द्वारा 101 दिन पहले बहाई गई योग की अविरल धारा में स्नान करने हेतु आज दंत चिकित्सक भी सम्मिलित हुए, योग गुरु पदम् श्री भारत भूषण ने आज स्वांस विज्ञान के बारे में विस्तार से बताया कि किस प्रकार योग साधना के द्वारा स्वांस के सही उपयोग से हम अपना जीवन और बढ़ा सकते हैं किसी भी कार्य को और बेहतर कर सकते हैं और श्रेष्ठ जीवन जी सकते हैं। योगगुरु ने विरेचन क्रिया का लाभ बताया कैसे अपने फेफड़ों को स्वस्थ रखते हुए हृदय को अधिक मजबूत और नाभि को संतुलित व स्थिर बनाए रख सकते हैं। उन्होंने योग और चिकित्सा विज्ञान के निकट संबंध को समझते हुए महर्षि पतंजलि का उदाहरण दिया और बताया कि वह चित्त को निरोग करने वाले योग और शरीर को निरोग करने वाले चिकित्सा विज्ञान दोनो के ही प्रणेता थे।डॉक्टर्स को उड़यिान बंध व अग्निसार क्रिया का अभ्यास कराते हुए भारत योग द्वारा विश्व को दी गई योग गतियों के बारे में भी बताया, गुरु देव ने 101 दिनों से चलती आ रही इस योग संस्कार श्रृंखला को वैदिक यज्ञ द्वारा पूर्ण करते हुए ये संदेश दिया की योग गंगा निरंतर बहती रहनी चाहिए और ये तभी संभव है जब हम दैनिक जीवन में योग सूत्रोंको अपनाएं। आज इस समारोह में डेंटल एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉक्टर शैलजा चटर्जी, सचिव आयुष धवन और डाक्टर ऋषभ रंजन,डॉक्टर मेदीरत्ता आदि उपस्थित रहे। स्वामी भारत भूषण ने योग को आरोग्य और आनंद का साधन बताते हुए कहा कि वह आनंद हमे अपने भीतर ही खोजना होगा उन्होंने कहा कि दांत चिकित्सकों को इस बात पर आनंदित और गौरवान्वित होना चाहिए कि वह लोगों को खाने पचाने लायक बनाने के साथ हंसने और मुस्कुराने लायक बना देते हैं वरना सामने का एक दांत टूट जाने पर भी इंसान मुस्कुराना भूल जाता है।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 104 मरीजों का चैकअप

सहारनपुर। पंजाबी एकता समिति के 11वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में आज गुरुद्वारा रोड पर मुफ्त त्वचा रोग चौक अप कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे शहर की प्रसिद्ध स्किन स्पेशलिस्ट डा जसप्रीत कौर द्वारा 104 मरीज़ो का मुफ्त चैकअप करके मुफ्त परामर्श और मुफ्त दवा वितरण किया गया कैम्प मे मुहाँसों, त्वचा का कालापन,गंजापन, दाद, खुजली, सफ़ेद दाग, एलर्जी, नाख़ून की बीमारी आदि से सम्भधित मरीज़ो ने लाभ लिया। कैम्प का शुभारम्भ समिति के संरक्षक एवम प्रसिद्ध उद्योगपति अशोक बजाज और शहर के प्रसिद्ध सर्जन डा सी एस आनंद द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया।

इस मौके पर समिति द्वारा तीनो कैम्प संयोजक डा मोहित कपूर,एस सी सपड़ा, डा दीपक ठक्कर को एवम जन चेतना समिति के अध्यक्ष गोविंदर सिंह, पंजाबी महासभा के अध्यक्ष योगेश दुआ।

उप नगर आयुक्त ने सदर बाजार में दुकान के बाहर अतिक्रमण हटाया

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहांपुर। जनमानस की सुविधा के दृष्टिगत व महानगर में यातायात को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी ने महानगर क्षेत्र के सदर बाजार से बहादुरगंज तक सड़क के दोनों साइड पर दुकानदारों, फल व सब्जी विक्रेताओं आदि द्वारा अवैध रूप से सड़क पर कर रखे गए अतिक्रमण को हटवाए जाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के समय उप नगर आयुक्त ने दुकानदारों द्वारा सड़क पर अवैध रूप से रखे सामानों को दुकानों के अंदर करवाया तथा दुकानदारों, सब्जी व फल विक्रेताओं आदि को निर्देशित किया कि यदि भविष्य में सड़क पर अवैध अतिक्रमण पाया गया, तो सम्बंधित के विरुद्ध जुर्माना तथा सामान जब्तीकरण आदि की कार्यवाही की जाएगी, जिसके वो स्वयं जिम्मेदार होंगे। साथ ही महानगर में यातायात को सुगम बनाने हेतु दुकानदारों, व्यापारियों से सहयोग की अपेक्षा भी की गई। इसके साथ ही दुकानों के सामने खड़े वाहनों के मालिकों से अपने-अपने वाहनों को नगर निगम द्वारा संचालित पार्किंग स्थलों पर खड़े करने का अनुरोध किया। अभियान में उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी के साथ मुख्य सफाई एवं खादय निरीक्षक हरवंश दीक्षित, सम्पति विभाग की टीम व प्रवर्तन दल टीम उपस्थित रही।

बागवान का शव वेटिंग एरिया में मिला

बरेली। एक साल पहले डिप्रेशन के चलते घर से निकले बागवान का शव बरेली जक्शन पर टिकट विंडो के पास वेटिंग एरिया में पड़ा मिला। लोगों ने इसकी जानकारी जीआरपी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी लेने के बाद शव की पहचान कर इसकी जानकारी परिवार वालों को दी। और शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जिला रामपुर के थाना टाडा बादरी निवासी ५५ वर्षीय अंजाम अली बागवानी करते थे। एक साल पहले वह डिप्रेशन के शिकार हो गए। और बगैर बताए वह घर से निकल गए। परिवार के लोगों ने उन्हें काफी तलाश किया। लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। बीती रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उनका शव बरेली जक्शन के पास टिकट विंडो केपास वेटिंग एरिया में उनका शव पड़ा हुआ था। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

वाहन की टक्कर से युवक मरा, एक घायल

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना मिर्जापुर क्षेत्र के रामगंगा नदी के कोलाघाट पुल पर अज्ञात वाहन की टक्कर से अनियंत्रित होकर एक बाइक पलट गई। जिससे बाइक चालक युवक हिमांशु देवल पुत्र विद्याराम देवल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।जबकि उसके साथ कस्बा कलान निवासी सुमित पुत्र राजेश घायल हो गया। जिसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया जलालाबाद में उपचार चल रहा है लिए सूचना पर थाना मिर्जापुर के थाना प्रभारी विनोद कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पाहुन पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और पुलिस ने सबको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है पिता विद्या राम देवल ने बताया उसका लड़का आज सवेरे 7:30 बजे घर से निकला था बोला था कि वह वीडियो बनाने जा रहा है हिमांशु देओल कम टू हेल नाम का एक यूट्यूब चैनल चलता है। हेड इंजरी होने के कारण युवक मौत हो गई उसने कान में एयर फोन लगाना तो जरूरी समझा पर हेलमेट नहीं लगाया हेलमेट लगा होता तो जान बच सकती थी।

दो गुटों में हुई गैंगवार में अब तक 12 गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। शनिवार सुबह इज्जतनगर में बजरंग ढावे के पास दो गुटों में हुई गैगवार से पूरा बरेली दहल गया था। घंटो चली फायरिंग व आगजनी से पीलीभीत बाईपास बजरंग ढावे केपास रोड दहशत में जाम हो गया। सौ राउंड से भी ज्यादा हुई फायरिंग के बाद दूसरे दिन भी क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोग अभी भी डरे सहमें है। इस मामले में पुलिस ने दोनों ही पक्ष से करीब १२ लोगों को हिरासत में ले लिया है। जिसमें दो घायलों का पुलिस अभिरक्षा में इलाज चल रहा है। पुलिस राजीव राणा की तलाश में दबिश दे रही है। उसके एक खास गुर्गे को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उससे पुछताछ की जा रही है। वहीं इस मामले में पुलिस सहित तीन लोगों की तरफ से एफआईआर दर्ज कराई गई है। थाना इज्जतनगर के लालपुर निवासी आदित्य उपाध्याय का पीलीभीत मिनी बाईपास पर बजरंग ढावे के आगे करीब आठ सौ गज जमीन पर मार्वल कारोबार है। इस जमीन को लेकर संजय नगर का बिल्डर राजीव राणा से विवाद चल रहा है। वह जमीन को अपनी बताता है। इसी बात को लेकर शनिवार सुबह करीब साढ़े पाच बजे राजीव राणा ने अपने साथी सहित करीब २० से २५ गुंडों के साथ दो जेसीबी लेकर चाहरदीवारी को तोडने पहुंच गया। इस दौरान वहां मौजदू आदित्य उपाध्याय के चौकीदार ने उन्हेंसूचना दी। जब इसका पता आदित्य उपाध्याय को चला तो वह अपने साथियों केसाथ वहां पहुंच गया। जेसीबी में आग लगा दी गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर घंटो फायरिंग हुई। इस दौरान कार से आदित्य ने अपनी कार से राजीव राणा पक्ष के लोगों को खदेड़ दिया। उसने कार से संजय नगर निवासी संजय और डेलापीर निवासी रोहित के टक्कर मार दी और इस दौरान कार नाले में पलट गई। कार की टक्कर से दोनों घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने आदित्यव व उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया। वहीं राणा पक्ष से करीब दस लोगों को पुलिस ने देर रात गिरफ्तार कर लिया था। राजीव राणा पक्ष के मठलक्ष्मीपुर निवासी ललित सक्सेना को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को पुलिस ने राजीव राणा के खास गुर्गे को भी हिरासत में ले लिया है। दोनों पक्षों से १२ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस राजीव राणा का हिस्ट्री खंगाला रही है। पुलिस ने इस मामले में अभी तक दोनों पक्षों से १२ लोगों को गिरफ्तार किया है।

लघुशंका करने गए युवक का ई-रिक्शा चोरी

बरेली। लघुशंका करने के लिए अपना ई-रिक्शा खड़ा कर उसमें ताला डालकर गए युवक का ई-रिक्शा चोरी हो गया। उसने आसपास के लोगों से अपने ई-रिक्शा के बारे में पूछा लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इस मामलें में ई-रिक्शा चालक ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना थाना शाही क्षेत्र के कुल्छा गांव निवासी सत्यवीर सिंह पुत्र कांता प्रसाद ने बताया उसने हिमांशु एंड ब्रादर्श फतेहगंज पश्चिमी साहूकारा बरेली फर्म से आठ महीने पहले लोन पर ई-रिक्शा लिया था। वह ई-रिक्शा चला कर अपने परिवार का गुजारा करता है। २२ जून को १० बजे के समय अपने ई-रिक्शा से सुभाषनगर रेलवे पुलिया के पास से गुजर रहा था। इस दौरान उसे पेशाब आई तो वह ई-रिक्शा पर ताला डालकर पेशाब करने चला गया। पेशाब कर वह वापस आया तो देखा उसका ई-रिक्शा गायब था। उसने वहां कई लोगों से पूछा लेकिन उसके ई-रिक्शा का कोई सुराग नहीं लगा।

पिता के सपने को पूरा करना मेरा प्रथम प्रयास

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहाँपुर। क्षत्रिय हमेशा समाज का दिशा नायक रहा है। पिता जी के एक एक सपने को पूरा करना मेरा प्रथम प्रयास रहेगा। कोई भी मेरे दर से मायूस हो कर ना जाए मेरा संकल्प है। उक्त उदगार अरविंद सिंह नव निर्वाचित विधायक ददरौल ने क्षत्रिय महासभा के द्वारा महाराणा प्रताप भवन पर आयोजित अभिनंदन समारोह में व्यक्त किये। विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि जनता ने जो अपना अपार समर्थन और स्नेह दिया है उसके लिए जीवन भर कर्जदार रहूँगा।

समाज के किसी भी व्यक्ति को जब भी जरुरत हो मुझसे भेट कर सकता है, मैं जनता के लिए हमेशा तैयार रहूंगा। ददरौल विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाने का पूरा प्रयास करूंगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष के के सिंह ने कहा कि समाज ने पूरी निष्ठा के साथ अपना काम किया है। अब समाज के सम्मान व स्वाभिमान की जिम्मेदारी आपकी है। पूरे जनपद के क्षत्रिय समाज की आपसे अपेक्षा है। कोषाध्यक्ष बाबा सेठपाल सिंह ने कहा की महाराणा प्रताप भवन क्षत्रियों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधीयों का केन्द्र है। ईस अवसर पर प्रियांशु रघुवंशी, ब्लॉक प्रमुख, दीवाकर सिंह, फतेह बहादुर सिंह, शिवकुमार सिंह, राजकुमार सिंह, जगत पाल सिंह, प्रधान, राघवेंद्र सिंह, शिलेन्द्र सिंह, जे.बी. सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सीवी सिंह, भोजराज सिंह, उदयवीर सिंह, अरुण सिंह राठौर, सुधीर कुमार सिंह, वेदपाल सिंह, वैभव सिंह, अवधेश सिंह, राजीव सिंह चंदेल, हरिपाल सिंह, अमितोष कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन मुकेश सिंह परिहार ने किया।

महिला ने पुलिस पर लगाया सुनवाई न करने का आरोप

बरेली। एक महिला ने थाना सुभाषनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बेटी को एक युवक ने बाइक चढ़ाकर उसकी बेटी को मारने का प्रयास किया। जब वह बाइक से बच गई तो उसको ईट पत्थर मारकर अपहरण का प्रयास किया। वह चौकी गई तो पुलिस ने सुनवाई नहीं कि पुलिस की मौजदगी में आरोपियों ने उसे व उसके परिवार को मारापीटा। इस मामले में महिला की तरफ से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

थाना सुभाषनगर के मढ़ीनाथ शिव मंदिर के पास रहने वाली सुनीताा गिरी पत्नी बृजभूषण गिरी ने बताया कि १५ जून की शाम उनकी बेटी हिमांशी घर आ रही थी। इस दौरान मढ़ीनाथ पुलिया के पास उनकी बेटी को जान से मारने की नीयत से अरविंद कुमार पुत्र नत्थूलाल निवासी संत गाडवे नगर शांतिबिहार ने उसे घेर लिया उस पर बाइक चढ़ाकर उसे जान से मारने का प्रयास किया। उसको जबरन उठाकर अरविंद ने अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। विरोध पर उस पर ईट-पत्थर से हमला शुरू कर दिया। इस दौरान सुनीता को पता लगा तो वह मौके पर पहुंच गई। उन लोगों ने तुरंत ही पुलिस कंट्रोल रूम के फोन किया। इस दौरान जीआरपी पुलिस के पहुंचने पर आरोपी फरार हो गए। उसके कुछ देर बाद अरविंद की मां राधा देवी, बहन शिवानी, भाई गौरव पुलिस को लेकर पहुंच गईं।

पुलिस के सामने ही शिवानी को धक्का देकर खीच लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उनके सोने केकुंडल खीच लिए। सभी ने उन लोगों के साथ पुलिस की मौजूदगी में मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस मामले में सुनीता गिरी की तरफ से अरविंद कुमार पुत्र नत्थूलाल, राधा देवी पत्नी नत्थूलाल, शिवानी पुत्री नत्थूलाल, गौरव पुत्र नत्थूलाल और अरविंद केसाथियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जनसम्पर्क अभियान चलाकर रालोद को मजबूत किया जायेगा

सहारनपुर। राष्ट्रीय लोकदल की एक आवश्यक बैठक में संगठन की मजबूती व नीतियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। महासचिव अयूब हसन ने कहा कि रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी के केन्द्रीय सरकार में मंत्री बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है और नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। उन्होंने बताया कि जयंत चौधरी द्वारा दो दिन पूर्व ही हथिनीकुण्ड बैराज के अधिकारियों से नहरों में पानी छोडने को कहा गया था जिस पर नहरों में पानी छोड़ा गया। नहरों में पानी आने से किसानों को फसलों की सिंचाई करने में राहत मिली है। पूर्व सचिव रजनीश चौहान ने कहा कि रालोद को मजबूत करने के लिए प्रत्येक गांव में जनसम्पर्क अभियान चलाया जायेगा। किसान हित पार्टी के एजेंडे को मजबूत किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता चौ.अर्जुन सिंह ने की तथा संचालन सचिन चौधरी ने किया।

तैयारी उद्घाटन ठाकुर गजराज सिंह व विभोर राणा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीराम सेना द्वारा रिबन काट कर किया जाएगा

ऐतिहासिक होगा कल गौ सेवक सम्मान समारोह : विजयकांत चौहान

विश्ववार्ता संवाददाता

सहारनपुर(बडगांव)। विजयकांत चौहान भगतसिंह जूनियर संस्थापक वन्देमातरम मिशन एक चिंगारी ट्रस्ट संचालक प्राचीन सिद्ध पीठ श्री गौ देवी मंदिर गौशाला नुमाइश कैम्प सहारनपुर ने आज बड़गांव में एक पत्रकारवार्ता आयोजित कर बताया कि 25 जून बड़गांव में भव्य गौसेवक सम्मान समारोह का आयोजन होगा जिसमे हरिद्वार करनाल ऋषिकेश देहरादून सहारनपुर से कई सन्त महापुरुषों ओर महामंडलेश्वर ओर अखाड़ो के सन्तो का आगमन होगा।

गौ सेवक सम्मान समारोह में बड़गांव नानौता जड़ौदा पांडा देववन्द सहारनपुर देहरादून हरिद्वार रंनखण्डी आदि क्षेत्रों के निस्वार्थ सेवा कर रहे 108 गौ सेवको का विजयकांत चौहान भगतसिंह जूनियर संस्थापक वन्देमातरम मिशन एक चिंगारी ट्रस्ट के नेतृत्व व संचालन में सन्त महापुरुषों महामंडलेश्वर व निरंजनी अखाड़े हरिद्वार के प्रमुख श्री रघुवीर गिरी जी महाराज द्वारा पगड़ी पटका माला पहनाकर सम्मान पत्र प्रदान कर आशीर्वाद के साथ ऐतिहासिक सम्मान होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर पण्डित राजेन्द्र अंथवाल जी अध्यक्ष गौ सेवा आयोग उत्तराखण्ड ,योगी जयनाथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सन्त सुरक्षा परिषद आचार्य महामंडलेश्वर सन्त कमल किशोर जी महामंडलेश्वर जोगेंद्र नाथ स्वामी मंगलानंद महाराज रहेंगे।

उद्घाटन ठाकुर गजराज सिंह व विभोर राणा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीराम सेना द्वारा रिबन काट कर किया जाएगा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकिशोर अध्यक्ष गौरक्षा दल उत्तराखण्ड,ठाकुर सुरेंद्र पाल सिंह एडवोकेट प्रदेश प्रभारी कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल , अश्वनी शर्मा जिला उपाध्यक्ष पशु क्रूरता निवारण समिति हरिद्वार यशवंत राणा युवा नेता नानौता विश्व दीपक राणा वरिष्ठ समाजसेवी सिसोनी सहारनपुर आदि अन्य कई सामाजिक धार्मिक गौसेवा में समर्पित कई हस्तियों का कार्यक्रम में आगमन होगा।

विजयकांत चौहान ने बताया कि गौ सेवक सम्मान समारोह कराने का उद्देश्य गौसेवा में पिछले कई वर्षों से निस्वार्थ रूप सेवा करने वाले युवाओं और किसी भी रूप तन मन धन से गौशालाओ को सहयोग कर उत्साह बढ़ाने वाले गौ सेवको का सम्मान करना है जिससे अन्य गौ सेवा करने की सोच रखने वाले गौ सेवको को भी गौ सेवा में सहयोग करने सहभागी बनने की प्रेरणा मिले।

ठाकुर सुरेंद्र सिंह एडवोकेट प्रदेश प्रभारी श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति दल ने कहा कि वन्देमातरम मिशन एक चिंगारी पिछले दो दशकों से भी ज्यादा समय से युवाओ में देश भक्ति की भावना जगाना का कार्य निरन्तर निस्वार्थ कर रहा है मिशन वन्देमातरम देश के बलिदानी शहीदों के पदचिन्हों पर चलने हेतु युवाओ को जागरूक करने का अभियान मिशन वन्देमातरम जारी रखेगा

इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोगी विकास रोहिला, कुलदीप पांचाल, अमित धीमान, प्रिंस त्यागी, शुभम लाला रणवीर चौहान जोशी राणा अमित धीमान सन्दीप सैनी, राधेश्याम मित्तल,मोहित रोहिला, जितेश धीमान, बादल हिंदुस्तानी, राहुल आर्य, विवेक प्रताप सिंह राय, अभिषेक त्यागी ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

एक नजर

उल्टी दस्त के चलते किशोरी की मौत

भरुआ सुमेरपुर। क्षेत्र के ग्राम विदोखर पुरई में एक किशोरी की उल्टी दस्त के चलते इलाज को ले जाते समय मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। रविवार को गांव में ही किशोरी का अंतिम संस्कार किया गया। विदोखर पुरई निवासी कालकादीन प्रजापति ने बताया कि उसकी पुत्री सपना 16 वर्ष को शनिवार को उल्टी दस्त शुरू होने पर घर पर ही बेहोश हो गई थी। उसे इलाज के लिए हमीरपुर लेकर पहुंचे। लेकिन हालत गंभीर होने पर बेटी को तुरंत कानपुर रेफर किया गया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में इसकी मौत हो गई। जिस पर उसे लेकर वापस लौट आए और रविवार को इसका गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया।

संदिग्ध दशा में ग्रामीणों ने युवक को दबोचा

लालगंज, प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में शनिवार की देर रात झाड़ी में बाइक देख ग्रामीण सकते में आ गये। इधर चोरी की बढ़ी वारदातों को लेकर ग्रामीण रतजगा कर रहे हैं। ऐसे मे सडक किनारे झाडी में बाइक को देख ग्रामीणों मे चोरी की घटना की आशंका उत्पन्न हो गयी। ग्रामीण भी छिपकर बाइक की नाकेबंदी करने लगे। सांगीपुर थाना क्षेत्र के देउम पूरब गांव के निकट सड़क किनारे एक बाइक झाड़ी में ग्रामीणों को खड़ी दिखी। बाइक को लेकर धीरे धीरे गांव तथा आसपास फुसफुसाहट बढ़ गयी। आशंकित ग्रामीणों ने बाइक को झाडी से हटाकर अन्यत्र ले जाकर छिपकर नाकेबंदी करने लगे। रात करीब दो बजे एक युवक झाडी में खड़ी बाइक को नदारद देख उसकी खोजबीन करने लगा। तभी ग्रामीणों ने हल्ला मचाते हुए उसे दौड़ा लिया। ग्रामीणों के मुताबिक बाइक की खोजबीन बदमाश परेशान भटक रहे थे। ग्रामीणों के चंगुल में बाइक की खोजबीन करने वाला युवक आ गया। चोरी की आशंका में भयभीत ग्रामीणों ने उसकी पिटाई कर दी। सूचना पर सांगीपुर पुलिस पहुंची तब ग्रामीणों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पिटे युवक को बाइक सहित थाने लेकर चली गयी। रविवार को पुलिस के मुताबिक ग्रामीणों को चोरी की आशंका हो गयी थी। थानाध्यक्ष सांगीपुर मनीष कुमार का कहना है कि मामला आशनाई से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। जांच कर सत्यता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

युवक ने कुएं की गरारी से लगाई फांसी, मौत

बांदा। युवक ने शनिवार की रात कुएं की गरारी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव निवासी 28 वर्षीय अरूण उर्फ पप्पू पुत्र शोभा अपने घर के बाहर बने कुएं में लेटता था। शनिवार की रात किसी वक्त अरूण ने कुए की गरारी से कुए में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सुबह मां सियाप्यारी ने शव लटकता देखा तो वह चीख पड़ी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भतीजे जितेद्र ने बातया कि पांच वर्ष पहले वह ट्रेन से गिर कर पड़ा था। जिससे उसकी कमर में चोट आ गई थी। वह चल फिर नही पाता था। घिसट कर चलता था। उसकी पत्नी गुलबियां भी अपने मायके ग्योड़ी बाबा में रह रही थी। इसी से परेशान होकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

ट्रक ने युवती को रौंदकर काफी देर घसीटा, मौत

बांदा। सड़क किनारे बैठी युवती को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित परिजनो और ग्रामीणो ने मुआवजे की मांग को लेकर जाम लगा दिया। जाम करीब तीन घंटे तक लगा रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के बड़ोखर बुजुर्ग गांव निवासी 38 वर्षीय कमला पत्नी कैलाश प्रसाद रविवार की सुबह पड़ोसी की महिलाओ के साथ खेतो की तरफ गई थी। वह सड़क किनारे बैठे तभी बांदा से नरैनी की ओर जा रहे ट्रक ने उसे कुचलते हुए सौ मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। श्व के चीथडे उड गए। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। घटना से आक्रोशित परिजनो और ग्रामीणो ने सड़क पर जाम लगा दिया। इस बीच तमाम वाहन फंस गए। ग्रामीणो की मांग थी कि मृतका के परिजनो को दस लाख मुआवजा दिया जाए और ब्रेकर बनवाया जाए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उठाने का प्रयास किया लेकिन परिजनो ने शव उठाने नही दिया। जाम करीब तीन घंटा तक लगा रहा। नरैनी सर्किल का पूरा फोर्स मौके पर पहुंच गया। किसी तरह पुलिस के उच्चाधिकारियो ने मुआवजा दिलाए जाने का अश्वासन दिया। तब जाकर जाम खोला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के देवर संतोष ने बताया कि उसका पति मजदूरी करता है। उसके एक पुत्र राकेश है।

कैच द रेन अभियान को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

उरई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अधिकाधिक वर्षा जल संचयन के लिए मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर प्रदेश में चल रहा 'कैच द रेन' अभियान की कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान के केंद्रीय मध्यवर्तनों में जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन, सभी जल निकायों की गणना, भू- टैगिंग एवं सूची तैयार करना, जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक योजना बनाना, जनपद में जल शक्ति केंद्रों की स्थापना करना व सघन वनीकरण और जागरूकता सर्जन शामिल है। अभियान इस वर्ष अपने पांचवें चरण में पहुंच चुका है। इसके अंतर्गत पारंपरिक जल निकायों, जलस्रोतों का नवीनीकरण और पुनः उपयोग, बोरवेल पुनर्भरण, वाटरशेड का विकास, गहन वनारोपण, छोटी नदियों के कायाकल्प के साथ ही 'नारी शक्ति से जल शक्ति' के थीम पर जन जागरुकता कार्यक्रम,जनपद की हाइड्रो जियोलॉजिकल परिस्थिति के अनुसार जल संचयन संबंधी अन्य कार्यों को प्राथमिकता से कराया। इसके अलावा सभी शासकीय, अर्धशासकीय भवनों पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अमृत सरोवरों के जल प्रभाव में रुकावट को ठीक किया जाए। 'कैच द रेन अभियान 2024' केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसके अंतर्गत मानसून के प्रारंभ से पहले प्राथमिकता के आधार पर जल स्रोतों यथा तालाब, कृत्रिम पुनर्भरण संरचना, छोटी नदियां, चेकडैम, जल निकाय के डिसिल्टिंग और पुनरुद्धार के कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, जिससे कि वर्षा ऋतु में अधिकाधिक वर्षा जल का संचयन करते हुए जल शक्ति अभियान को सार्थकता प्रदान की जाए।

इस बात के भी निर्देश हैं कि सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय भवनों यथा कार्यालय भवन, प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन आदि पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना सुनिश्चित करा ली जाए।

डीएम की अध्यक्षता में गंगा समिति व पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न

विश्ववार्ता संवाददाता

उरई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति व जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने वर्षाकाल 2024-25 में विभागवार वृक्षारोपण के लक्ष्य आवंटन के संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 9206440, पौधों को लगाया जाएगा, इसके लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली गई है, और सम्बंधित विभागों को लक्ष्य आवंटित कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया के विभाग वार जो भी वृक्षारोपण के लक्ष्य दिए गए हैं समय रहते स्थलों को चिन्हित कर लिया जाए और पौधों की सुरक्षा से संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी जाए जिससे जो भी पेड़ लगाए जाए उसकी सुरक्षा एवं देखभाल हो सके और उनसे प्रगति रिपोर्ट भी प्राप्त की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम को निर्वाचन की तरह इलेक्शन मोड पर कराया जाना है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा वृक्षारोपण तिथि का निर्धारण होने के उपरांत वृक्षारोपण लक्ष्य को सत प्रतिशत प्राप्त करने हेतु जनपद को सेक्टर व ज़ोन में विभाजित कर पौधों को मत पत्र के रूप में आगणित करते हुए ग्राम पंचायत को पोलिंग बूथ के समतुल्य मानते हुए संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को ग्राम वृक्षारोपण कोऑर्डिनेटर वन विभाग के सम्बंधित वन विद को सेक्टर वृक्षारोपण समन्वयक कोऑर्डिनेटर संबंधित न्याय पंचायत स्तर पर सेक्टर कोऑर्डिनेटर एवं उक्त के अतिरिक्त वन विभाग के क्षेत्रीय वनाधिकारी को तहसील स्तर पर नोडल वृक्षारोपण समन्वय तथा तहसील स्तर पर किसी भी आकस्मिक कठिनाई के त्वरित व सामाजिक निस्तारण हेतु संबंधित उप जिलाधिकारी एवं वन विभाग के सहायक बन संरक्षक को संयुक्त टीम के रूप में जोनल कोआर्डिनेटर नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के दौरान पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड, बांस की जाली आदि बनाए जाए।

युवक का महोबा में मिला शव

विश्ववार्ता संवाददाता

भरुआ सुमेरपुर। क्षेत्र के विदोखर मेंदनी के एक युवक का महोबा जनपद के चादों गांव के पास बबूल के पेड़ पर लटकता शव मिला। पिता ने हत्या करके शव लटकाने की बात कही है। पुलिस आत्महत्या बता रही है।

विदोखर मेंदनी निवासी रामबहादुर पाल ने बताया कि उसका पुत्र दीपेंद्र उर्फ दीपू 27 वर्ष कस्बे के बांकी मार्ग में किराए का कमरा लेकर रहता था। बीते बृहस्पतिवार को यह बाइक से अपनी ससुराल बिलौटा कुरारा पत्नी को लेने गया था। शुक्रवार को शाम करीब 5 बजे यह पत्नी को बगैर लिए वापस लौट आया और कमरे में बाइक खड़ी करके कहीं चला गया।बताया कि शनिवार को शाम करीब 3 बजे इसका शव महोबा कोतवाली के चादों गांव के समीप निर्जन स्थान पर बबूल के पेड़ पर लटकता मिला।जिसकी सूचना महोबा पुलिस ने फोन पर दी। सूचना पाकर वह परिजनों के साथ महोबा पहुंचा। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को दोपहर बाद गांव लाया गया। शव के गांव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दो

» ससुराल से वापस लौटने के बाद लापता हुआ था युवक

भाइयों में बड़ा था। अचानक हुई इस घटना से पिता राजबहादुर, मां बिट्टो, भाई सत्येंद्र पाल, पत्नी नीतू, पुत्र पीयूष का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक का रविवार को गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के ताऊ लाला भैया पाल ने हत्या की आशंका जाहिर की है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तहरीर देंगे। पति की मौत की सूचना मिलने पर पत्नी नीतू अपने पुत्र पीयूष के साथ महोबा पहुंची। जहां उसका रो रोकर बुरा हाल हो गया।

प्रभारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

उरई जालौन। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन माधौगढ़ कोतवाली में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया जिसमे 4 प्रार्थना पत्र आए जिसमे एक का मौके पर निस्तारण किया गया जिसमे एक प्रार्थना न्यायालय से संबंधित आया जिसमे अमित तिवारी पुत्र रमेश चंद्र तिवारी निवासी ग्राम मिझौना ने शिकायत करके बताया कि लल्लू राम, राम प्रकाश, परशु राम, पुत्र लक्ष्मी प्रसाद निवासी ग्राम मिझौना के निवासी है जिसने अमित तिवारी द्वारा थाना समाधान दिवस मे प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया की मेरी पैत्रिक जमीन पर उक्त लोगो द्वारा कब्जा किया है जिसकी शिकायत कमिश्नर झांसी , व न्यायालय मे प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की जिसमे प्रार्थी की आराजी मौजा अहेता व तजपुरा की आराजी जमीन पर अवैध कब्जा कर

लिया गया जिसकी पैमाइश कराकर सुरक्षित किए जाने की मांग की । जिसमे पूर्व में की गई शिकायत के आधार पर प्रार्थी के पिता रमेश चंद्र पुत्र लक्ष्मी नारायण के नाम की आराजी मौजा अहेता की गाटा संख्या 17/1 वा 40/1, व 83/1, व 11तथा 12 /108,/1 वा 27/1 व 20 ऊ 17/ 1, व 12/1, व मौजा की गाटा संख्या 34/1 व तज पुरा की गाटा 240 व 183 पर विपक्षी लोगो द्वारा बटवारा करके कुरा फाट बनाए गए तथा एस डी एम माधौगढ़ के आदेश स 914 / एस टo / एस डी एम के द्वारा दिo 21/11/23 को सयुक्त टीम गठित कर प्रार्थी को कब्जा दिलवाया गया किंतु विपक्षी ने उक्त आदेश को माना गया विपक्षी दबंग लोग है जो माननीय न्यायलय के आदेश को नही मान रहें और विपक्षी दबंग होने की वजह से जबरन लाठी डंडा लेकर लड़ने आ जाते है और प्रार्थी को जोतने बखरने नही दे रहे। और प्रार्थी की जमीन पर विपक्षी लोग जबरन कब्जा कर रहे जिसको रोका जाए और राजस्व अधिकारी लेखपाल, कानून गो व पुलिस बल को भेज कर मौके की स्थिति का निरीक्षण कराकर विपक्षी लोगो को रोक कर समस्या का समाधान कर शीघ्र निस्तारण किया जाए और प्रार्थी को न्याय दिलाया जाए क्योंकि विपक्षी लोग धन बल , बाहुबल व सत्ता बल का प्रयोग कर प्रार्थी को दबाना चाहते और प्रशासन की बात नहीं मानते कहते विपक्षी सत्ता धारी और बाहुबली होने की धमकी देते और कभी भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मामले को सुलझाने की कोशिश की गई तो उक्त विपक्षी गण मौके से भाग जाते । अतः श्री मान जी से निवेदन है कि मुझ प्रार्थी को न्याय दिलाने की कृपा करे ।अमित तिवारी, पुत्र रमेश चंद्र तिवारी , एसएसआई विश्राम सिंह, s I रामौतार सिंह, s I राहुल, s I अजब सिंह s I शैलेन्द्र सिंह, कानून गो मंसूर खा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे ।

महाआरती में सैकड़ों लोगों ने लिया नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प

हमीरपुर। नशे-मांस से मुक्त चरित्रवान समाज निर्माण हेतु हर माह की भांति इस माह भी सरीला के शल्लेश्वर धाम मंदिर में समपन्न हुईं महाआरती क्रम महाआरती क्रम के प्रारंभ में माँ गुरूवर के जयकारे क्रमशरूबहन आध्या व प्रांशी ने लगवायें!

इसके उपरांत माताआदि शक्ति जगतजननी जगदम्बा एवं योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज की पावन आरती समपन्न की महाआरती में उपस्थित लोगों को भगवती मानव कल्याण संगठन के तहसील सचिव पुष्पेंद्र यादव ने कहा कि हर मनुष्य के तीन प्रमुख कर्तव्य है धर्म की रक्षा , राष्ट्र की रक्षा , एवं मानवता की सेवा गुरूवर ने तीन धाराओं का गठन किया है धर्म की रक्षा के लिए पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम राष्ट्र की रक्षा के लिए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी एवं मानवता की सेवा के लिए भगवती मानव कल्याण संगठन का गठन किया है इन तीनों धाराओं का लक्ष्य व्यापक है भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चुनूबाद कुशवाहा ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य है नशा- मांस भय- भूख, भृष्टाचार , जातिवाद, छुआछूत, सांप्रदायिकता से मुक्त चरित्रवान समाज का निर्माण करके देश का विकास करना है पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हनुमान मिश्रा ने बताया कि आप सभी लोग अपने - अपने घरों में गुरु पूणिमा 21 जुलाई को 5 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ अवश्य कराये और नयें लोगों को पाठ में शामिल करें और टीम प्रमुख का सहयोग करे!

अंत में पार्टी के जिला महासचिव अजय शिवहरे ने महाआरती में आये सभी लोगों का आभार व्यक्त किया!

सिग्नल लाइट खराब होने से वाहन स्वामियों को नहीं है दिक्कत

बांदा। सिगनल लाइट खराब होने से छुट्टा सांड की तरह एक दूसरे को लोग देखकर चलते है। फिलहाल एक हफ्ते से एक्सीडेंट अभी तक नहीं हुआ है। बाबूलाल चौराहा स्थित टैªफिक सिगनल एक हफ्ते से खराब चल रहा है। लोगों का आवागमन एक दूसरे को देखते हुये चल रहा है। लोगों का कहना है कि हरी, पीली, लाल बत्ती को देखकर रूककर निकलना पडता है। मौके में ट्रैफिक पुलिस होने के बावजूद भी लगातार क्लियर लाइन पर भी लोग जाम लगा लेते थे जिससे जाने वालों को दो-चार मिनट खडे होकर अपना टाइम बर्बाद करना पडता है। लोगों का यह भी कहना है कि ट्रैफिक गार्डों के रहते हुये भी अपनी लाइन में जाने के लिये आगे खडी गाडियों को लोग हटाने को कहते थे तो लडाई झगडा शुरू कर देते थे। बाबूलाल ट्रैफिक चौराहा से निकलने वाले लोगों का कहना है कि एक हफ्ते से ट्रैफिक सिगनल खराब जरूर पडा है लेकिन यातायात में कोई लोगों को परेशानी नहीं हो रही है। हालांकि जब सिगनल सही था और बत्तियां चालू थी तो धूप में खडे होकर इंतजार करना पडता था जैसे ही हरी बत्ती जलती थी तो लोग तेजी से निकलना शुरू हो जाते थे जिससे आये दिन चौराहे में एक दूसरे से भिंडन्त हो रहती थी। कुछ वाहन स्वामियों का कहना था कि यातायात ट्रैफिक अधिकारियों एवं सिपाहियों के द्वारा आगे लगाये मोबाइल के भय से मोटरसाइकिल वाहन स्वामी रफ्तार पकड लेते थे कि कहीं चालान न हो जाये। हालांकि लोगों ने कहा कि इस समय हम लोग छुट्टा सांड की तरह एक दूसरे को देखकर निकलते है। अभी तक कोई भी छोटा मोटा एक्सीडेंट नहीं हो पाया है।

डीसी मनरेगा की कार्यवाही से मनरेगा के जुगाड़ में फिर गया पानी

विश्ववार्ता संवाददाता

भरुआ सुमेरपुर। उच्चाधिकारियों की आंखों में धूल झोंककर कार्य योजना में शामिल कार्यों का बगैर स्टीमेट तैयार कराये मशीनों से कार्य कराने के बाद स्टीमेट बनाकर बाद में भुगतान कराने की योजना में शनिवार को डीसी मनरेगा की जांच ने पानी फेर दिया है। बगैर स्टीमेट के कराए जा रहे तालाब खुदाई के कार्य को श्रमदान घोषित कर देने से ब्लॉक कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

ब्लॉक में तैनात कुछ तकनीकी सहायकों ने मनरेगा कार्य कराने के लिए कुछ अलग ढंग के तरीके ईजाद किए हैं। इस अलग ढंग के तरीके से कार्य योजना में शामिल किसी भी कार्य को बगैर स्टीमेट के धीरे से शुरू करा दिया जाता है। अगर विवाद की स्थिति बनी तो सरकारी मशीनरी पल्ला झाड़कर अलग खड़ी हो जाती है और अगर विवाद अथवा शिकायत नहीं हुई तो बाद में स्टीमेट बनाकर भुगतान करा लिया जाता है। कुछ ऐसा ही जुगत मवई जार के पाथामाई तालाब में लगाई गई और कार्य

» बगैर स्टीमेट के मशीनों से कार्य कराना पड़ा महंगा

शुरू करा दिया गया। तालाब की कुछ मिट्टी ग्राम प्रधान कामता प्रसाद वर्मा के निजी विद्यालय में डाली गई है। शेष तालाब की पार में डाल दी गई है। मामला मीडिया में आने पर डीसी मनरेगा मनोज कुमार राय गांव पहुंचे और जांच के बाद कार्य को श्रमदान घोषित कर दिया है। इससे ब्लॉक की सरकारी मशीनरी में हड़कंप मच गया है। अब सभी सफाई देते घूम रहे हैं।

राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी एक सच्चे देशभक्त : भवानीदीन

विश्ववार्ता संवाददाता

भरूआ सुमेरपुर। आजादी के संघर्ष के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संगठन संघर्ष और शहादत के साक्षी राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी के जन्मदिन पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने कहा कि राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी एक सच्चे देशभक्त थे। राष्ट्र के स्वतंत्रता संग्राम में लाहिड़ी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म बंगाल के पबना जिले के मोहनपुर गाव मे बंगाली ब्राह्मण क्षितिमोहन और बसन्तकुमारी के घर 23 जून 1901 को हुआ था।

इनके पिता और भाई बंगाल की क्रांतिकारी संस्था अनुशीलन समिति के सदस्य थे। ये नौ वर्ष की उम्र से बनारस आकर मामा के यहां रहने लगे थे। इनकी शिक्षा बनारस मे हुई। इनको आजादी के संघर्ष की प्रेरणा विरासत मे मिली थी। ये शचीन्द्रनाथ सान्याल के सम्पर्क में जाकर पूरी तरह क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़ गये थे।

इन्हें काकोरी और दक्षिणेश्वर बम घटना का मास्टर माइंड माना जाता था। उक्त दोनों केस में इन्हें क्रमशः फांसी एवं दस वर्ष की सजा हुई। इन्हें 26 वर्ष की आयु मे 17 दिसम्बर 1927 को गोन्डा जेल में फांसी पर लटका दिया गया। फांसी मे चढ़ने के पूर्व वन्दे मातरम की हुंकार भरते हुये लाहिड़ी के अमर वाक्य आज भी चर्चित हैं कि मै मर नहीं रहा हूँ, अपितु भारत को स्वतंत्र कराने के लिये पुनर्जन्म ले रहा हूँ। इस कार्यक्रम मे बाबूलाल, सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिन्स, रिचा, आशुतोष, विकास, पवन, दस्सी, अजय आदि शामिल रहे।

तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, महिला की मौत

बांदा। सड़क पर टूटे पड़े पेड़ से टकराकर बाइक गिर पड़ी जिसमें महिला की मौत हो गई। बहू और पौत्र घायल हो गए। उन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। परिजनो ने बगैर पोस्टमार्टम के शव का अंतिम संस्कार कर दियाा।

शहर के धीरज नगर निवासी 60 वर्षीय कौशिल्या पत्नी कल्लू अपनी 40 वर्षीय बहू रेखा और 20 वर्षीय पौत्र विक्की के साथ बाइक में बैठकर कमासिन थाना क्षेत्र के सिकरी गांव जा रही थी। तभी कमासिन से कुछ दूर पहले आधी में पेड़ रास्ते में टूटा पड़ा था। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद गिर पड़ी। जिससे तीनो लोग घायल हो गए। वहां से गुजर रहे राहगीरो ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनो को उठाकर सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया।

लाइनमैन के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 23.06.2024 को थाना कोतवाली नगर से उ0नि0 अंकित श्रीवास्तव मय हमराह का0 प्रदीप यादव, मो0 आरिफ, का0 आलोक रंजन द्वारा देखभाल क्षेत्र/ शान्ति व्यवस्था डियूटी व विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत मु0अ0सं0 347/24 धारा 353, 504, 506, 394 भादवि से संबंधित 01 अभियुक्त मो0 अशफाक पुत्र मो0 रमजान निवासी ग्राम टक्करगंज थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत रेलवे स्टेशन की बाऊण्ड्री के पास से गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के कब्जे से लूट के 1200/- रूपये बरामद किये गये ।

बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई है ।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त मो0 अशफाक उपरोक्त ने बताया कि दिनांक 22.06.2024 को दोपहर में बिजली विभाग के लाइनमैन ने मेरे घर का बिजली कनेक्शन काटा था, जिसके आक्रोश में मैंने अपने साथी पप्पू कूलर वाला व मोहल्ले के 02 अन्य लोग के साथ मिलकर मारा पीटा था और लाइनमैन के पास से मिले 27000/- रूपये लूटकर भाग गये थे, हमारे विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत होने पर पप्पू कूलर वाले ने मुझ लूट के 1200/- रूपये देकर मुझे शहर से बाहर भाग जाने को कहा था और मैं मुम्बई जाने के लिए स्टेशन आया हुआ था ।

जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक सम्पन्न

प्रतापगढ़। जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक कल सायंकाल कैम्प कार्यालय के सभागार में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में खेलों के अवस्थापना की सम्भावनाओं के बारे में विचार किया गया और जनपद खेलों के क्षेत्र में कैसे विकास करें इस पर भी चर्चा की गयी। समिति के सदस्यों ने जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के खाते में ज्यादा से ज्यादा धनराशि उपलब्ध हो इस पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने सदस्यों से जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के खाते में धनराशि सहयोग करने की अपील की। बैठक में जनपद में खेलों के विकास, खेलों की प्रतियोगितायें करने के सम्बन्ध में भी विस्तृत चर्चा हुई तथा जनपद में खेल कैसे विकसित हो इन सम्भावनाओं पर भी विचार किया गया।

मुख्य उद्यान विशेषज्ञ ने आम के बाग का किया निरीक्षण

प्रतापगढ़। जनपद के विकास खण्ड कुण्डा में आम के बागों की बैगिंग का कार्य कराया गया था। मुख्य उद्यान विशेषज्ञ औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र खुशरूबाग

प्रयागराज कृष्ण मोहन चौधरी द्वारा बैगिंग की हुई बाग का निरीक्षण किया गया। अजय सिंह ग्राम महराजपुर ब्लाक कुण्डा के 2 हेक्टेयर आम की बाग में बैगिंग हुआ था। परिणामतः फल बेदाग एवं उच्च गुणवत्ता का प्राप्त हुआ है जिसकी कीमत बाजार में सामान्य आम के फल की तुलना में दोगुना प्राप्त हो रहा है। बैगिंग किये हुये आम के फलों को कुण्डा, प्रतापगढ़ से दुबई निर्यात करने की तैयारी चल रही है।

आरोप इस समय केन्द्र एवं प्रदेश की सरकारों में कौन कितने पेपर लीक कराता है इसकी प्रतिस्पर्धा चल रही है

छात्रों एवं युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है भाजपा : प्रमोद

विश्ववार्ता संवाददाता

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मौजूदा केंद्र की मोदी सरकार नीट, नेट एवं यूजीसी की परीक्षाएं अथवा अन्य परीक्षाओं में पेपरलीक के जरिए देश के छात्रों एवं युवाओं के भविष्य के साथ जानबूझकर खिलवाड़ कर रही है। उन्होनें नीट पीजी, यूजीसी नेट, सीएसआरआई नेट जैसी परीक्षाओं के भी रदद होने पर केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकार पर रविवार को यहां जमकर हमला बोला। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस समय केन्द्र एवं प्रदेश की सरकारों में कौन कितने पेपर लीक कराता है इसकी प्रतिस्पर्धा चल रही है। उन्होने सरकार पर पेपरलीक के मसले पर कड़ी विफलता का आरोप लगाते हुए कहा कि इस गोरखधंधे में ऊपर से नीचे तक सभी लोग शामिल हैं और उनकी मिलीभगत से ही पेपरलीक हो रहे हैं। रविवार को विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने मजबूती के साथ ऐलान किया कि पेपरलीक के जरिए युवाओं के भविष्य को अंधकार में झोंके जाने को लेकर कांग्रेस संसद सत्र में यह मुददा जोरदार ढंग से उठायेगी। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने यह भी कहा कि कांग्रेस की केन्द्र में सरकार बनने पर लीक प्रूफ परीक्षा प्रणाली बनायी जाएगी। उन्होने कहा कि उनकी पार्टी की सरकार बनने की स्थिति में इस प्रणाली के जरिए पेपरलीक की गुंजाइश खत्म करने के साथ प्रतिभाओं को टॉपर बनने का पारदर्शी अवसर सुनिश्चित होगा। उन्होनें यह भी तंज कसा कि उच्चस्तरीय परीक्षाओं के जरिए अरबों की धनराशि की

कमाई करने के बाद भी सरकार छात्रों के भविष्य की अनदेखी कर रही है। उन्होने यह भी सवाल उठाया कि परीक्षाओं की पवित्रता भंग होने के बावजूद अभी तक देश के प्रधानमंत्री इस अहम मसले पर खामोश क्यूं हैं। प्रेसवार्ता के दौरान राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की मौजूदा सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार में एक सप्ताह में निर्माणाधीन तीन पुल गिर गया। उन्होनें कहा कि यह एनडीए के राज में भ्रष्टाचार की कलई खोलते हुए यह साबित कर रहा है कि इस समय भाजपा की सरकारों में नीचे से ऊपर तक चारों तरफ भ्रष्टाचार का ही बोलबाला है। उन्होनें कहा कि सभी विभागों में लूट मची हुई है जिससे हर व्यक्ति पीड़ति हो उठा है। उन्होनें सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और लूट के मामले मे हर हाल में अंकुश नही लगा तो देश न्याय के लिए जिम्मेदारों को जबावदेही के मामले में कभी क्षमा नही करेगा। उत्तर प्रदेश में बरेली, फिरोजाबाद, अलीगढ़ सहित कुछ जिलों में इधर हिंसक घटनाओं की बढोत्तरी को भी राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गंभीर चिन्ता का विषय ठहराया। उन्होने कहा कि सरकार को हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कड़े कदम उठाना चाहिए। वहीं उन्होनें कहा कि प्रदेश में केन्द्र एवं राज्य के बीच उत्पन्न आपसी खींचतान के कारण विकास कार्यो की गति में कमी आयी है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि जब केन्द्र एवं प्रदेश दोनों स्थानों पर एक ही राजनैतिक दल की सरकार है तो फिर राजनैतिक महत्वाकांक्षा के चलते यह खींचतान क्यों? उन्होने कहा कि केंद्र को चाहिए कि वह प्रदेश सरकार को स्वतंत्रतापूर्वक कार्य करने दे। उन्होनें कहा कि केन्द्र यदि राजनैतिक खींचतान का माहौल प्रदेश में बनाये रखेगा तो इसका दुष्परिणाम प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से जनता को भुगतना पड़ेगा। प्रदेश में लगातार बने बिजली संकट को लेकर भी उन्होनें राज्य सरकार के कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया। वहीं सिंचाई के क्षेत्र में नहरों में क्षमता के साथ पानी की अनुपलब्धता को राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कृषि क्षेत्र के लिए बेहद चिन्ताजनक हालात करार दिया है।

विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने संग्रामगढ़ में अपने बहनोई एवं पूर्व प्रमुख पुष्पा के ससुर पं. श्याम कुमार शर्मा के हाल ही में निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, केडी मिश्र मौजूद रहे।

संपादकीय

हिस्सेदारी पर खींचतान

लोकसभा चुनाव में अपने गठबंधन के चलते यूपी में शानदार सफलता पाने वाली कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का गठजोड़ अपने अंतर्विरोधों से उबर नहीं पा रहा है। सियासत में दो महत्वाकांक्षी राजनीतिक दलों के आपसी हितों का टकराव कोई नई बात नहीं है। इन हालात में ही पार्टी नेतृत्व के सबको साथ लेकर चल पाने के कौशल की परख हो पाती है। दरअसल, रायबरेली सीट से राहुल गांधी की जीत के बाद यूपी में पार्टी के लिये नई संभावनाएं तलाश रही कांग्रेस एक बार फिर प्रदेश में विस्तार के लिये संगठन को नए सिरे से खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। राहुल ने भले ही सपा के वोट बैंक के सहारे रायबरेली से जीत हासिल की हो, लेकिन वह अपनी जीत को इस तरह से प्रचारित कर रहे हैं जैसे यूपी की जनता कांग्रेस को फिर से बीजेपी के विकल्प के रूप में देखने लगी है। राहुल गांधी ने केरल की वायनाड सीट से त्यागपत्र देकर रायबरेली सीट का संसद में प्रतिनिधित्व करने का निर्णय कर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है, अब यह ऊर्जा कब तक बरकरार रहेगी, कोई नहीं जानता है। इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर चुनाव लड़ रही कांग्रेस को यूपी में 6 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई थी। यूपी को लेकर राहुल गांधी की रणनीति को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है। साढ़े तीन दशक से उत्तर प्रदेश में अपनी खोए जनाधार को तलाश रही कांग्रेस को अबकी लोकसभा चुनाव के नतीजों से नई उम्मीद जागी है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की निगाह अब उत्तर प्रदेश पर सबसे अधिक है। बीजेपी ने आम चुनाव में काफी खराब प्रदर्शन किया था, इससे भी कांग्रेस में खुशी का माहौल है। बहरहाल, यह एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है कि समाजवादी पार्टी ने यूपी में कांग्रेस को वह सब कुछ दे दिया है जिसकी उसे वर्षों से दरकार थी, लेकिन अब अखिलेश इसकी कीमत वसूलना चाहते हैं। अखिलेश भी कांग्रेस से इस बात की अपेक्षा कर रहे हैं कि वह भी यूपी में बाहर उन राज्यों में उसको हिस्सेदारी दे जहां जल्द विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को उसका हिस्सा नहीं दिया तो सपा प्रमुख अपनी साइकिल से कांग्रेस को उतारने में देरी नहीं करेंगे। फिलहाल लगता है कि आम चुनाव के बाद यूपी में विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस-सपा का गठबंधन महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव पर निर्भर करेगा। अगर कांग्रेस इन दो राज्यों में सपा को सीट देने के लिए तैयार हुई, तभी सपा यूपी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के किसी दावे पर विचार करेगी। बहरहाल, समाजवादी पार्टी के लिये यह अच्छी खबर है कि हरियाणा-महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों और उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उप चुनाव में भी सपा-कांग्रेस का गठबंधन बरकरार रहेगा। इससे जहां यूपी में कांग्रेस को तो अन्य राज्यों में समाजवादी पार्टी को अपना विस्तार करने का मौका मिलेगा, इससे सपा को सबसे बड़ा फायदा यह हो सकता है कि उसको क्षेत्रीय की जगह राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल जाये। इस रणनीति के साथ राहुल-अखिलेश आगे बढ़ रहे हैं। दोनों दलों का आलाकमान काफी फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। इसीलिये यह भी तय किया गया है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से गठबंधन पर बात करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ही अधिकृत होंगे ताकि हाल में सम्पन्न मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव जैसी तल्खी दोनों दलों के बीच दोबारा न पैदा हो। वैसे यह स्वभाविक भी था क्योंकि इससे फायदा दोनों ही दलों को मिलेगा। यूपी में शीघ्र ही विधानसभा की 10 रिक्त सीटों पर चुनाव होने हैं। कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत सपा से विधानसभा उपचुनाव में भी साझेदारी चाह रही है। इस साल अक्टूबर में महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं। वहीं 2025 में पश्चिम बंगाल, दिल्ली और बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। सपा में चर्चा रही है कि कि अगर कांग्रेस महाराष्ट्र और हरियाणा में उनकी पार्टी को कुछ सीटें देने पर रजामंद हुई, तभी यूपी के उपचुनाव में कांग्रेस को कोई सीट देने पर विचार किया जा सकता है।

कटाक्ष ▶ हसन जैदी

सहयोगियों की गंभीरता भी स्पष्ट करेगा बजट

प्रेम शर्मा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जुलाई में पेश होने जा रहे पूर्ण बजट में नए टैक्स स्लैब का भी ऐलान कर सकती हैं. नया टैक्स स्लैब भी मिडिल क्लास फोकस करेगा। कुल मिलाकर ये कह सकते हैं कि अगर अनुमान और दावे सही साबित हुए तो आने वाला बजट मिडिल क्लास के लिए ऐतिहासिक बदलावों वाला साबित हो सकता है। कई उद्योग संगठन जैसे सीआईआई और फिक्की आदि भी सरकार और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से पर्सनल इनकम टैक्स में कटौती की मांग कर रहे हैं। इस साल लोकसभा चुनावों के चलते फरवरी में अंतरिम बजट पेश हुआ था।

मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने तीसरी पारी शुरू कर दी है। इस बीच नीट परीक्षा को लेकर वह हर तरफ से दबाव में दिख रही है। ऐसी स्थिति में जुलाई के तीसरे सप्ताह में आने वाला बजट केन्द्र, राज्य कर्मचारियों के लिए आशा की किरण दिख रहा है। केन्द्र एवं राज्य के कार्मिक लगातार पुरानी पेंशन, आठवें वेतन आयोग के गठन सहित कई मांगों को लगातार केन्द्र सरकार से दुहारा रहे है। उद्योगों से लेकर आम जनता की भी काफी आशाये आगामी बजट से जुड़ी हुई है।

आशा अनुरूप प्रदर्शन न कर पाने की कसक भी भाजपा नेतृत्व में समाहित है। आगामी कई राज्यों के विधानसभा चुनाव करीब है। ऐसे में मोदी थ्री के पहले बजट में केन्द्र सरकार का रूख दिखाई देना तय है। निश्चित तौर पर यह कयास लगाए जा रहे हैं कि केन्द्र सरकार आगामी बजट में कड़े निर्णय लेने से परहेज करेगी। केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद अब केंद्रीय बजट की तैयारियां शुरू हो गई हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट 2024-25 पर सुझाव लेने के लिए सभी राज्यों और विधानमंडल वाले केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा कर चुकी है। जुलाई के तीसरे सप्ताह में केंद्रीय बजट पेश किया जा सकता है। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव से पहले एक फरवरी 2024 को अंतरिम बजट लाया गया था। केंद्रीय कर्मचारी संगठनों ने भी वित्त मंत्री के समक्ष पुरानी पेंशन बहाली, आठवें वेतन आयोग का गठन, मेडिकल सुविधाओं की बेहतरी, स्टाफ बेनिफिट फंड, रेस्टोरेशन कम्युटेशन ऑफ पेंशन, इनकम टैक्स स्लैब, होम लोन रिकवरी व रेलवे की क्षमता में वृद्धि आदि मांगें शामिल हैं।

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी बजट में टैक्स छूट देकर मिडिल क्लास को बड़ी राहत दे सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली नई सरकार आगामी बजट में खपत को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार करोड़ रुपये (6 अरब डॉलर) से ज्यादा के उपायों पर विचार कर रही है। संभावित उपायों में कम कमाने वालों के लिए टैक्स की दरों में कटौती भी शामिल है।

बहरहाल, जो कुछ विशेषज्ञों पता चल रहा है, उसके

अनुसार वित्त मंत्रालय के अधिकारी उन टैक्स पेयर्स के लिए टैक्स में कटौती पर विचार कर रहे हैं जो सबसे ज्यादा खर्च करते हैं। मतलब बजट में उन लोगों को टैक्स पर फायदा दिया जा सकता है जिनकी सालाना कमाई 5 से 10 लाख रुपये के बीच है। अभी इस इनकम ब्रैकेट में 5 से 20 फीसदी की दर से इनकम टैक्स लगता है। बजट में इन दरों को कुछ कम किया जा सकता है। ब्लूमबर्ग ये भी दावा किया गया है कि केंद्र सरकार की ओर से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जुलाई में पेश होने जा रहे पूर्ण बजट में नए टैक्स स्लैब का भी ऐलान कर सकती हैं. नया टैक्स स्लैब भी मिडिल क्लास फोकस करेगा। कुल मिलाकर ये कह सकते हैं कि अगर अनुमान और दावे सही साबित हुए तो आने वाला बजट मिडिल क्लास के लिए ऐतिहासिक बदलावों वाला साबित हो सकता है। कई उद्योग संगठन जैसे सीआईआई और फिक्की आदि भी सरकार और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से पर्सनल इनकम टैक्स में कटौती की मांग कर रहे हैं। इस साल लोकसभा चुनावों के चलते फरवरी में अंतरिम बजट पेश हुआ था। करीब दो महीने चले चुनाव के बाद इसी महीने पीएम मोदी की अगुवाई में लगातार तीसरी बार सरकार का गठन हुआ है। अब जुलाई के दूसरे या तीसरे सप्ताह में पूर्ण बजट आने की उम्मीद है। राज्यों के कर्मचारी, शिक्षक संगठन पुरानी पेंशन, बहाली, आठवें वेतन आयोग के गठन के साथ मौजूदा परिस्थितियों और महंगाई के दौर में वेतनमान, भत्ते और पेंशन लाभ का रिवाइज करने की मांग कर रहे हैं। इससे पहले कर्मचारी संगठन, प्रधानमंत्री मोदी से लेकर डीओपीटी मंत्री के साथ पत्राचार कर चुके हैं। यही नहीं, केन्द्र में लगभग 10 लाख और राज्यों में एक करोड़ से अधिक पदों की रिक्तियां बताई जा रही हैं। ऐसे में कर्मचारी संगठन लगातार आउटसोर्सिंग को पूरी तरह बंद कर स्वीकृत पदों के सापेक्ष नियमित नियुक्तियों की मांग कर रहे है। यही नहीं, हर तरफ विस्तार होने और संख्यावृद्धि के अनुसार अतिरिक्त पदों का सृजन और तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के नियमित कार्मिकों की भर्ती पर जोर दिया जा रहा है। कर्मचारी संगठनों का दावा है कि नियमित और तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भार्तियों से सरकार की रोजगार देने की मंशा भी पूरी होगी तथा उसका रोजगार देने का वायदा पूरा होगा।मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में नौकरियों पर जोर रहने की उम्मीद है। इसके लिए प्रॉडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना का विस्तार ऐसे सेक्टर्स में किया जा सकता है जिनमें लोगों को ज्यादा रोजगार मिलता है। इनमें फर्नीचर, खिलौने, फुटवियर और टेक्सटाइल्स शामिल हैं। टेक्सटाइल्स में और ज्यादा सेगमेंट्स को इस योजना में शामिल किया जा सकता है।

इसके साथ ही बजट में एमएसएमई सेक्टर, महिलाओं की आय का स्तर बढ़ाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने पर जोर रह सकता है। इनमें से कई मुद्दे सरकार के 100 दिन के एजेंडे का भी हिस्सा हैं। मिडिल क्लास के लिए रियायत हाउसिंग लोन के लिए ब्याज दर सब्सिडी के रूप में दी जा सकती है। पीएलआई योजना का और अधिक क्षेत्रों में विस्तार करने का प्रस्ताव कुछ समय से विचाराधीन है। इनमें विशेष रसायन भी शामिल हैं। इस सेक्टर में यूरोपीय कंपनियां पीछे हट रही हैं। उनकी चिंता निवेश के आकार को लेकर है। विदेशी कंपनियां इस मुद्दे पर सरकार से स्पष्टता चाहती हैं। एमएसएमई पैकेज का विवरण अभी तक तय नहीं हुआ है, लेकिन इसका उद्देश्य छोटी कंपनियों को मजबूत बनाना है। खेती-किसानी के बाद यह सेक्टर सबसे ज्यादा नौकरियां देने वाला क्षेत्र है। इसलिए बजट में इस पर खास जोर रहने की उम्मीद है। हाल में हुए लोकसभा चुनावों में रोजगार का मुद्दा प्रमुखता से उठा और कई जानकारों का मानना है कि इस मामले में व्यापक असंतोष के कारण बीजेपी बहुमत के आंकड़े से चूक गई।

बजट 3.0

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे-
vishwavarta.response@gmail.com

नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुत्थान के मायने

नालंदा में लगाई गई आग किसी इमारत, पुस्तकालय को नष्ट करने का नहीं, बल्कि भारत के गौरव को आहत करने का प्रयास था क्योंकि प्राचीन मगध साम्राज्य में 5वीं शताब्दी ई. में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय का नाम समूची दुनिया में था। इसमें दुनिया भर के दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे। दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था, जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, सहित दुनिया भर के विद्वानों को आकर्षित किया।

प्रो. महेश चंद गुप्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इसी के साथ सदियों के बाद नालंदा विश्वविद्यालय पूरे विश्व में ज्ञान के प्रसार के लिए उठ खड़ा हुआ है। 455 एकड़ में 1749 करोड़ की लागत से बना नालंदा विश्वविद्यालय का नया परिसर केवल कंकरीट की एक इमारत भर नहीं है बल्कि इस इमारत के निर्माण से हमारे देश का गौरवशाली इतिहास पुनर्जीवित हुआ है। यह भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ा एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके जरिए समूची दुनिया में ज्ञान की अलख जगाने के साथ-साथ एक नया इतिहास रचा जाना तय हो गया है।

तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के महज दस दिन बाद मोदी नालंदा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में गए हैं। मोदी का नालंदा जाना अनायास नहीं है बल्कि यह उनका पूरे सोच-विचार, विमर्श और चिंतन के बाद लिया गया निर्णय है। अब यह बात किसी से छिपी नहीं है कि मोदी जो भी निर्णय करते हैं, उसमें कोई न कोई बड़ा उद्देश्य निहित होता है। मोदी नालंदा के बहाने देश को आगे बढने का संदेश दे रहे हैं। सदियों पहले समूचे विश्व के लिए ज्ञान का सागर बने जिस नालंदा को आक्रांताओं ने जलाकर खाक और तहस-नहस कर दिया था, उसका पुनरुत्थान एक बहुत बड़ा और युगांतकारी कदम है। श्रीराम मंदिर की स्थापना के उपरांत नालंदा हमारे राष्ट्र के पुनरुत्थान का एक और उदाहरण बना है। कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी। नालंदा में प्राचीन विश्वविद्यालय के खंडहरों के पास नई इमारत की तामीर हमें गौरवान्वित कर रही है। वैसे तो इमारतें रोज बनती हैं मगर नालंदा में यह नव निर्माण अनूठा है, देश के लिए गर्व का विषय है। नालंदा में मोदी ने कहा भी है कि ''मैं नालंदा को भारत की विकास यात्रा के लिए एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, नालंदा मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा है उद्घोष इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा के ध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनस्थापना भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है।'' मोदी ने सच ही कहा है क्योंकि आक्रांताओं ने नालंदा के वैभव को तीन बार नष्ट किया। दो बार इसका पुननिर्माण किया गया। 12 वीं शताब्दी में कुतुबद्दीन ऐबक के सेनापति बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय के लाखों पुस्तकों वाले पुस्तकालय में आग लगवा दी। इतिहासकारों के अनुसार यह विनाशकारी आग तीन महीने तक भडक़ती रही, जिससे वहां सब कुछ नष्ट हो गया।

नालंदा में लगाई गई आग किसी इमारत, पुस्तकालय को नष्ट करने का नहीं, बल्कि भारत के गौरव को आहत करने का प्रयास था क्योंकि प्राचीन मगध साम्राज्य (आधुनिक बिहार) में 5वीं शताब्दी ई. में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय का नाम समूची दुनिया में था। इसमें दुनिया भर के दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे। दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था, जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनिया भर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईस्वी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे। इतिहासकारों के अनुसार सदियों पहले नालंदा में दाखिला आसान नहीं था। यहां प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। यह सब इतना वैभवशाली था, जो आसुरी शक्तियों और विनाशकारी सोच वालों से देखा नहीं जा रहा था। आसुरी शक्तियों ने समय-समय पर हमारे वैभव को मिटा कर हमें निराश, हताश और आहत करने के लिए प्रयास किए। अतीत में समय चक्र कुछ ऐसे चला जिससे आसुरी शक्तियां हावी हो गईं। विदेशी आक्रांताओं की वजह से एक लंबे कालखंड तक देश में प्रतिकूल हालात बने रहे। आक्रांताओं ने हमारे नालंदा जैसे विशाल भवन नष्ट कर दिए। हमारे अस्तित्व के खात्मे की कोशिशें की गईं मगर वह ज्ञान को भला किस प्रकार मिटा पाते। उस ज्ञान को कैसे मिटाते, जो हमारे सहज स्वभाव में है। वक्ती तौर पर भवनों को ढहा देने वाले आक्रांता खुश हो कर चले गए लेकिन जिस प्रकार काले बादलों का अंधेरा छंटने पर सूर्य की सप्त रश्मियां वातावरण को फिर से जगमग कर देती हैं, उसी प्रकार राष्ट्रीय महत्व के संस्थान और उत्कृष्टता के रूप में नामित नालंदा विश्वविद्यालय से पुनः शिक्षा का उजियारा फूटना शुरू हो गया है।

पुनरुत्थान

कविता

विशाखा मुलमुले

पानी का पुल

मैं तुम्हें तुम्हारे आब से चीन्हती हूँ
तुम मुझे मेरी करुणा से
दोआब पर बैठे हम शांत समय में
संगम पर पाँव पखारते हैं
जब टूटकर बिखरते हैं तुम्हारे आँसू
छलक उठती है
मेरे नैनो से गंगा-जमुना
हर बार तेरी आँख से टपका मोती
बन जाता मेरी आँख का पानी
मीलों-मीलों खारे जल में
नीले-नीले दर्द के पल में
फ़ासला हो तब भी
सुन लेते हैं हम पुकार
जैसे सुन लेती है खारे जल की
सबसे वृहद मछली
रक्त संबंध से नहीं जुड़े हम
पानी का पुल है हमारे मध्य
और दो अनुरागी साध लेते हैं
पानी पर चलने की
सबसे सरलतम कला !

खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों का तुष्टिकरण बंद करें जस्टिन ट्रूडो

डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

पियरे ट्रुडो कनाडा के वर्तमान प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के पिता थे जिनके नक्शे कदम पर ही जस्टिन चल रहे हैं। असल में जस्टिन कनाडा के ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें खालिस्तान समर्थकों का संसद में साथ मिला हुआ है। यदि खालिस्तान समर्थक जस्टिन को समर्थन देना बंद कर दें तो जस्टिन सरकार धड़ाम से गिर सकती है। वस्तुतः यही वह कारण है जिसके रहते जस्टिन भारत सरकार की मंशाओं के विरुद्ध आतंक के साथ खड़े दिखाई देते हैं। जस्टिन ट्रुडो की लिबरल पार्टी के केवल 158 सदस्य हैं जबकि कनाडा की 338 सदस्यों वाली संसद में बहुमत के लिए 170 सांसदों की आवश्यकता होती है।

इस गणित के हिसाब से जस्टिन को अपने पद पर बने रहने के लिए 12 सांसद कम हैं जिनकी पूर्ति न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के 24 सदस्य करते हैं। ये 24 सदस्य न केवल खालिस्तान समर्थक हैं बल्कि उनके मुखिया जगमीत सिंह एक कट्टर खालिस्तानी अलगाववादी हैं। यही कारण है कि जस्टिन ट्रूडो अपनी सरकार बचाए रखने के लिए खालिस्तान समर्थक डेमोक्रेटिक पार्टी का समर्थन करते दिखाई देते हैं। असल में 2019 और 2021 के चुनाव परिणामों ने जस्टिन को खालिस्तान अलगाववादियों के ऊपर निर्भर कर दिया। इस निर्भरता के कारण भारत के दबाव के बावजूद जस्टिन जगमीत से नाता नहीं तोड़ सकते जिसका भरपूर फायदा खालिस्तान अलगाववादी उठाते हैं। जस्टिन का जगमीत से गठजोड़ कॉन्फिडेंस एंड सप्लाई कहा जाता है जिसका अर्थ है विश्वास और आपूर्ति। इसका आशय यही हो सकता है कि जब तक सरकार अलगाववादियों की इच्छाएं पूरी करती रहेगी तब तक वे सरकार का साथ देते रहेंगे। इसका सीधा अर्थ यही है कि 2025 तक जस्टिन अलगाववादियों की कठपुतली बने रहेंगे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि 1974 के पहले तक भारत और कनाडा के बीच न केवल सौहार्दपूर्ण संबंध थे बल्कि दोनों देशों के बीच अच्छे आर्थिक और कूटनीतिक संबंध भी थे। लेकिन भारत के पहले परमाणु परीक्षण के बाद ये रिश्ते खराब होते चले गए। पियरे ट्रुडो कनाडा के दो बार प्रधानमंत्री रहे। जब वे देश के दूसरी बार प्रधानमंत्री बने तब भारत में खालिस्तान आंदोलन की शुरुआत हुई थी। भारत ने जब इस आंदोलन को सख्ती से रोकने का प्रयास किया तो अलगाववादी कनाडा भाग गए जो उन्हें निरापद देश साबित हुआ।

इन अलगाववादियों ने न केवल सामुदायिक तौर पर बल्कि राजनीतिक स्तर पर भी अपनी साख बधाई साथ ही स्थानीय राजनीति में भी सक्रिय हो गए जिससे उनके प्रभाव में इतनी वृद्धि हुई कि वे कनाडा

सरकार को भी प्रभावित करने में सक्षम हो गए। भारत में पंजाब में जब स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार हुआ तब खालिस्तान समर्थक बड़ी संख्या में भाग कर कनाडा में बस गए तथा भारत विरोध में खुले रूप में सक्रिय हो गए। यही नहीं, ऑपरेशन ब्लू स्टार की कार्रवाई का बदला लेने के लिए इन अलगाववादियों ने 23 जून 1985 को कनिष्क विमान में ब्लास्ट करके 329 लोगों को मौत के घाट उतार दिया जिसमें 22 भारत में जन्मे नागरिक थे तथा शेष भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। भारत सरकार ने इस आतंकवादी कारगुजारी की कनाडा से जांच की मांग की लेकिन जांच इसलिए पूरी नहीं हुई क्योंकि निष्कर्ष अलगाववादियों के विरुद्ध हो सकते थे। जांच 21 साल बाद शुरू भी हुई तो दिखावे के लिए कनाडा ने एक आतंकी को मामूली सजा देकर समय से पहले रिहा कर दिया। यही नहीं सरकार हमेशा यह कहती रही कि जांच अभी चल रही है जो सरासर झूठ के सिवाय कुछ नहीं था।आज की स्थिति में जस्टिन ट्रूडो इन अतिवादियों के लिए पूर्ण समर्पित नेता के रूप में कार्य कर रहे हैं। यदि ऐसा न होता तो कनाडा संसद में भारत से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कनाडा भागे अलगाववादी खालिस्तानी सरगना हरदीप सिंह निज्जर की प्रथम बरसी पर कनाडा संसद में श्रद्धांजलि न दी जाती। कनाडा सरकार का यह कृत्य पूरी तरह से भारत विरोधी और खालिस्तान आंदोलन के पक्ष में है। यही कारण है कि भारत ने इस कृत्य पर कड़ी आपत्ति जताई है। वर्तमान कनाडा सरकार से भारत के विवाद का मुख्य कारण जस्टिन ट्रुडो द्वारा सितंबर 2023 में सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के तार भारत सरकार से जुड़े होने का आरोप लगाना रहा। भारत ने इस प्रकरण में जहां ट्रुडो के दावे को खारिज किया वहीं कहा कि यदि कनाडा सरकार के आरोप सही हैं तो उसे प्रणाम देना चाहिए। भारत ने निज्जर की हत्या में सरकार के हाथ होने को बेतुका और प्रेरित बताकर खारिज कर दिया था। भारत ने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि कनाडा अपनी धरती से खालिस्तान समर्थकों को प्रश्रय दे रहा है। हरदीप सिंह निज्जर भारत द्वारा घोषित अलगाववादी था। अभी मिली जानकारी के अनुसार निज्जर को खुद कनाडा सरकार ने नो फ्लाई जोन में रखकर उसकी हवाई यात्राओं पर रोक लगा दी थी। यही नहीं सरकार ने उसके बैंक अकाउंट से धन के लेनदेन पर भी रोक लगाई थी। लेकिन जब 18 जून 2023 को उसकी सरे के गुरुद्वारे में अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी तो जस्टिन ने सारा दोष भारत सरकार पर मढ दिया। निश्चित ही कनाडा सरकार का यह कृत्य सिख अलगाववादियों के तुष्टिकरण का है जिसका परिणाम दोनों देशों के बीच तनाव का कारण बना। कनाडा के इस के इस कृत्य के विरोध में भारत सरकार ने कठोर कदम उठाते हुए भारत में कनाडा के राजनयिक स्टाफ के 41 सदस्यों को वापस भेज दिया। अब केवल 21 अधिकारी कर्मचारी ही भारत में कार्यरत हैं।

इसके बाद भी कि दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों में तनाव था कनाडा सरकार ने कहा कि यदि भारतीय लोग कनाडा में अध्ययन, नौकरियां या निवास के लिए आते हैं तो हम उनका स्वागत करेंगे। क्योंकि दोनों देश नहीं चाहते कि उनके बीच के संबंध निचले स्तर तक खराब हों इसलिए अभी 18 जून को इटली में संपन्न हुए जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन के बीच मुलाकात हुई जिसमें जस्टिन के सुर बदले बदले नजर आए। उन्होंने कहा भारत के साथ कई बड़े मुद्दों पर हम साथ हैं। कनाडा भारत से आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा का समर्थन करता है। कोई शक नहीं कि आज के दौर में पारस्परिक रिश्तों के बिना देशों की तरक्की एक मुश्किल टास्क है इसलिए मतभेद होते हुए भी एक दूसरे का सम्मान करते हुए आगे बढ़ना दोनों पक्षों की मजबूरी है। लेकिन कनाडा को इस बात को समझ लेना चाहिए कि यदि वह दशकों से चले आ रहे सिख अलगाव वादियों का समर्थन करता रहेगा तो संबंधों में तल्खी बरकरार रहेगी। भारत आतंकवाद का विश्व में सबसे बड़ा विरोधी है और इस मुद्दे पर कठोर रूख अपनाते हुए उसने पाकिस्तान से हर तरह के संबंध विच्छेद कर रखे हैं जिसका नुकसान पाकिस्तान को भुगतना पड़ रहा है। कनाडा को भारत से अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए खालिस्तानी अलगाववादियों का तुष्टिकरण करने से बचना चाहिए। आज भारत न केवल एक बढ़ती हुई आर्थिक शक्ति है बल्कि वह विश्व पटल पर एक सम्मानित और मजबूत देश है। ऐसे में कनाडा और भारत दोनों देशों के बीच अच्छे संबंधों का होना दोनों देशों के हित में है। भारत चाहता है कि कनाडा खालिस्तान समर्थकों का समर्थन न करते हुए उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करे। पिछले कुछ दिनों में खालिस्तान अलगाववादियों की गतिविधियां बेहद आपत्तिजनक रही हैं जो भारत के लिए चिंता का कारण हैं।

जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **आनंद अग्निहोत्री***, **सलाहकार संपादक** - गोलेश स्वामी, **एसोसिएट एडिटर**- मलय समीर शर्मा, **उत्तराखंड कार्यालय**- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

आसमान में छाई बदली, बढ़ी उमस

दोपहर बाद चटख धूप निकलने से फिर हावी हुई गर्मी

» किसानों व आम लोगों को बेकरारी से मानसून का इंतजार

विश्ववार्ता संवाददाता

सीतापुर। पिछले एक माह से भीषण गर्मी से बेहाल हो चुके लोगों को आसमान में छाए बादलों से थोड़ी सी राहत मिली।

बीते बुधवार की रात बूंदाबांदी होने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई, लेकिन उमस भरी गर्मी ने लोगों को रुलाना शुरू कर दिया है। गर्मी से उकता चुके लोगों व अन्नदाता अब इंद्रदेव से यह उम्मीद लगाए है कि बारिश कितनी जल्दी होगी। जेठ माह की दुपहरी की कौन कहे सुबह व शाम ने भी बेहाल रखा।

धूप से बचने का प्रयास करती महिला

चिलचिलाती गर्मी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस बार तापमान 45 डिग्री सेल्सियस भी पार कर गया। झुलसती धूप में लोगों का घरों से निकलना तकरीबन बंद ही हो गया था। मजबूरीवश अथवा जरूरी कार्य से जो लोग घरों से बाहर निकले तो वह गमछे से सिर व चेहरे को ढककर निकले। हीट वेव का कई लोग शिकार भी बन गए। बीते बुधवार की रात तेज हवाएं चलीं और बूंदाबांदी भी हुई जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी सी राहत भी मिली। पिछले कई दिनों से आसमान में छाए बादल बिन बरसे ही चले गए।

बादल छाए रहने व हवाओं के चलने से गर्मी से मामूली ही सही मगर राहत तो मिली है, लेकिन बारसात से पहले ही उमस ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 39 व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। ऐसे में हर किसी को मानसून के आने का बेसब्री से इंतजार है।

बाइक सवार लुटेरों ने नोचा कान का बाला, केस दर्ज

महोली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र की बड़ागांव पुलिस चौकी इलाके में रविवार को बाइक सवार नकाबपोश लुटेरे महिला के कान के बाला नोचकर फरार हो गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी जिले के नीमगांव थाना क्षेत्र के बढ़रिया निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र राजकुमार सिंह रविवार को मोटरसाइकिल से अपनी बहन को छोड़ने महोली इलाके के कठिघरा छोड़ने आ रहा था। सुबह 10 बजे के करीब जब यह लोग परसेहरा व ढकिया के मध्य पहुंचे तभी पीछे से बगैर नंबर की अपाचे बाइक पर सवार तीन नकाबपोश लुटेरों ने मोटरसाइकिल आगे लगा दी।

वीरेंद्र सिंह ने बाइक धीमी की तभी लुटेरों ने कान का बाला नोच लिया और बड़ागांव तिराहे की तरफ भाग निकले। वीरेंद्र ने लुटेरों का पीछा किया मगर वह भागने में सफल रहे। बताते हैं कि एक लुटेरे को पुलिस ने ट्रेस कर लिया है।

बाइक पर ट्वाय गन लहराकर बनाई रील

» वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने लिया एक्शन

» दो पर शांतिभंग की कार्यवाही, बाइक सीज

विश्ववार्ता संवाद

महमूदाबाद (सीतापुर)। यातायात नियमो का मखौल उड़ाते हुए रील बनाकर वायरल करने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही की है। बाइक सवार दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया और साथ ही वीडियो में दिख रही बाइक को सीज कर दिया है।कोतवाली क्षेत्र के रेउसा मार्ग पर एक बाइक पर सवार चार लोग हुड़दंग कर रहे थे। जिसका वीडियो कई सोशल मीडिया हैंडल पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो वायरल होने का पुलिस ने संज्ञान लिया और वीडियो में दिख रहे युवाओं की पहचान शुरू कर दी गई थी। वीडियो में चार लड़के एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर प्लास्टिक ट्वाय गन लहराते हुए रील बनाकर यातायात निमयों की धज्जियां उड़ा रहे थे। हरकत में आई पुलिस ने कोतवाल के नेतृत्व में वायरल वीडियों की जांच शुरू की, जिसके बाद अर्पित विश्वकर्मा पुत्र सन्तशरण निवासी ग्राम नकरसेन त्रिपुरा और ललित कुमार पुत्र हैसियत सिंह निवासी ग्राम नकरसेन त्रिपुरा थाना रामपुर मथुरा को रविवार को हिरासत में लिया।

यह दोनों युवक अपने दो अन्य किशोर साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर प्लास्टिक ट्वाय गन लहराते हुए रील बनाकर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। सीओ दिनेश शुक्ला ने बताया कि वायरल वीडियों के आधार पर प्लास्टिक ट्वाय गन लहराते हुए रील बनाकर यातायात निमयों का उल्लंघन कर रहे अर्पित विश्वकर्मा और ललित कुमार पर शांतिभंग की कार्यवाही की गई है।

वहीं बाइक पर सवार दो अन्य नाबालिक किशोरों को हिदायत देकर छोडा दिया गया है। वीडियों में दिख रही बाइक को सीज किया गया है।

महिला ने ठेकेदार पर पति को गायब करने का लगाया आरोप

» युवक की पत्नी ने पुलिस को तहरीर दे मांगा इंसाफ

विश्ववार्ता संवाद

लहरपुर (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवीनगर निवासी ठेकेदार पर महिला ने पति को लुधियाना से गायब करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। नवीनगर निवासिनी रोशनी पत्नी ठाकुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि पीड़िता के पति की तबियत खराब होने पर ठेकेदार लालता निवासी ग्राम नवीनगर पीड़िता व उसके पति ठाकुर को कश्मीर से वापस घर आ रहे थे।

लुधियाना स्टेशन पर ठेकेदार लालता उतर गया और सभी को स्टेशन के बाहर बैठा दिया। जिसके बाद दो अन्य व्यक्ति आ गए और ठेकेदार ने उनसे रुपये लिए और ठेकेदार लालता मौके से निकल गया। उपरोक्त दोनों लोगों ने उसके पति ठाकुर को पकड़ कर अपने साथ लेकर

चले गए। पीड़िता रोती-चिल्लाती रही मगर उसकी किसी ने नहीं सुनी। वापस गांव आने पर पीड़िता ने 20 जून को एक प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया था लेकिन तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पीड़िता ने दूसरी बार कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर अपने पति का पता लगाने एवं ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया तहरीर के आधार पर जांच कर कार्यवाही को निर्देशित किया गया है।

पुरानी रंजिश में युवक व महिलाओं को पीटा

» पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

विश्ववार्ता संवाद

लहरपुर (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मूडी खेरा में पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

नसीम खां पुत्र पुत्तन खां निवासी ग्राम मूडीखेरा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह शनिवार देर शाम दरवाजे पर बैठा था, तभी पुरानी रंजिश को लेकर गुलफान, रिजवान पुत्रगण नाजिम खां, इमरान व कासिम पुत्रगण उस्मान निवासी ग्राम मूडीखेरा ने पीड़ति को देखकर गंदी-गंदी गालियां दी और लात-घूसों व लाठी-डंड़ों से जमकर पिटाई कर दी। जिससे पीड़ति के शरीर में

युवक व महिला की पिटाई करते दबंग

काफी चोट आई है। पीड़ति की पत्नी रहीनुमा व भाभी शबनम पत्नी सलीम उसे बचाने लगी तब उपरोक्त लोगों ने उन्हें भी बुरी तरह से मारा पीटा है। जिससे तीनों को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चिकित्सीय परीक्षण कराकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी। वहीं किसी ने मारपीट की घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

सिंचाई के अभाव में सूख रही फसलें किसान परेशान

मिश्रिख (सीतापुर)। तहसील क्षेत्र मिश्रिख में सिंचाई के अभाव में फसले सूख रही है। अन्न दाता कहा जाने वाला किसान काफी चिंतित और परेशान हो रहा है। तहसील क्षेत्र में फसलों की सिंचाई का मुख्य साधन नहर है। लेकिन नहर में पानी नाम मात्र छोड़ कर खाना पूर्ती की जा रही है। किसानों के खेत नहर से काफी उचाई पर है। जिससे नहर के कुलाबो में पानी नही आता है। क्योंकि नहर का पानी कुलाबो के नीचे ही रहता है। जिसके चलते किसानों की फसले झुलस कर सूख रही है। किसानों के सामने सिंचाई का कोई अन्य साधन न होने के कारण किसान काफी परेशान है। कुछ किसान नहर में पंपिंग सेट लगाकर फसलों की सिंचाई जैसे–तैसे करते है। सरकारी नलकूपों की स्थितियां काफी खराब है। अधिकांश सरकारी नलकूप तो खराब ही पड़े है। किसानों ने सरकार से परेशानियां दूर करने की मांग की है।

सीएम से मिले विधायक मनीष रावत विकास पर की चर्चा

सीएम से वार्ता करते विधायक मनीष रावत

विश्ववार्ता संवाद

सिधौली (सीतापुर)। स्थानीय भाजपा विधायक मनीष रावत ने राजधानी लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र के विकास के बारे में चर्चा की। विधायक मनीष रावत ने बताया कि सिधौली विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा के रूप में विकसित करने का उनका प्रयास है।

यह विधानसभा राजधानी से जुड़ी हुई है। नैमिषारण्य जाने के लिए इसी विधानसभा से होकर पर्यटक गुजरते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए यहां का विकास कराया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ विकास के प्रस्तावों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा भी की, जो सार्थक रही।

एक नजर

पांच वांछित व वारंटी हुए गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में चार वांछित व एक वारंटी को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है। बिसवां पुलिस ने अनीस पुत्र अब्दुल अजीज, सूफियान पुत्र मतीन व गुफरान पुत्र लतीफ निवासीगण ग्राम सांडा थाना बिसवां को गिरफ्तार कर लिया। रामपुर मथुरा पुलिस ने वारंटी बाबूराम पुत्र राममिलन निवासी छेदुपुरवा थाना रामपुरमथुरा को गिरफ्तार किया है। संदना पुलिस ने रेप के अभियुक्त मुनेंद्र दीक्षित पुत्र अरुण दीक्षित निवासी ग्राम गंगूपुर थाना संदना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

गैंगेस्टर का वांछित गिरफ्तार

सीतापुर। रेउसा पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त आफताब उर्फ मुटरू पुत्र मुन्ना निवासी करसा थाना रेउसा को बहराइच रोड करसा मोड़ से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त शातिर अपराधी हैं जिनके विरुद्ध पूर्व में चोरी व नकबजनी जैसे अपराध पंजीकृत हैं। अभियुक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

प्रसिद्ध शिक्षाविद रामगुलाम वर्मा का निधन

लहरपुर। क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर निवासी प्रसिद्ध शिक्षाविद रामगुलाम वर्मा (80) का रविवार को आकस्मिक निधन होने पर क्षेत्र में शोक की लहर। भारी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी। ज्ञातव्य की स्वर्गीय राम गुलाम वर्मा क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज कल्याणपुर के पूर्व प्रधानाचार्य एवं वर्तमान में सरस्वती शिशु मंदिर अकबरपुर के प्रबंधक एवं नगर क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंध समिति के अध्यक्ष थे, उनके निधन का समाचार मिलते ही सपा विधायक अनिल कुमार वर्मा, ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, विद्या मंदिर प्रबंधक आशीष मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष रमेश मल्होत्रा, हिंदी साहित्य परिषद के अध्यक्ष संतोष कश्यप, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के आचार्य एवं प्राचार्य, मास्टर केशव राम वर्मा, मास्टर मूलचंद वर्मा, मास्टर उदयवीर सिंह, मास्टर केदारी लाल, मास्टर दुर्गेश वर्मा, गजराज वर्मा, प्रशांत वर्मा प्रधान, पूर्व प्रधान नीलू गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, सुशील वर्मा प्रधान, अमरेंद्र वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, शशि वर्मा, प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज इदरीश, मास्टर शिवकुमार वर्मा, अपना दल विधानसभा अध्यक्ष दिनेश पटेल,सहित भारी संख्या में लोगों ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

ई रिक्शा चालकों की समस्याओं को लेकर बैठक

लहरपुर। नगर क्षेत्र के विश्वा तिराहा गेट के निकट ईदगाह स्थल बाग में ई रिक्शा चालकों की समस्याओं को लेकर सेवा ई रिक्शा यूनियन की बैठक महामंत्री अजीत वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को नगर क्षेत्र की ईदगाह स्थल बाग में सेवा ई रिक्शा यूनियन के महामंत्री अजीत कुमार वर्मा की अध्यक्षता में ई रिक्शा चालकों की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के भारी संख्या में ई रिक्शा चालकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में, ई रिक्शा चालकों ने आरोप लगाया कि बस संचालक व मैनेजरों के द्वारा ई रिक्शा चालकों को परेशान कर उनसे अभद्रता भी की जाती हैं और ई रिक्शा में बैठी सवारियों को उतार लिया जाता हैं, जिससे ई रिक्शा चालकों के कार्य मे बाधा उत्पन्न होती हैं और सवारियां न मिलने से रोजी रोटी का भी संकट उत्पन्न हो रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए महामंत्री अजीत कुमार वर्मा ने बताया कि, ई रिक्शा चालकों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं के निदान के लिए सोमवार को एक प्रतिनिधि मंडल उप जिलाधिकारी व कोतवाली प्रभारी से मिलकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करेगा। इस मौके पर छैल बिहारी मिश्रा, शाहरुख, असद बेग, नुरुल हक़, डब्लू गुप्ता, नन्दा गोस्वामी, रिजवान, उदय राज, अनिल कुमार, दुर्गेश , विनायक, सोनू मौर्य सहित भारी संख्या में ई रिक्शा चालक मौजूद थे।

सम्मानित किए गए साहित्यकार कमलेश मौर्य

बिसवां। साहित्कार कमलेश मौर्य मृदु को लखनऊ में कला श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। उत्कर्ष ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश द्वारा कला स्रोत परिसर में आयोजित कण–कण में राम चित्र कला प्रदर्शनी के समापन समारोह के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संतप्रवर सुनील कौशल शास्त्री– वृंदावन , विशिष्ट अतिथि हरीशंकर –अयोध्या, संस्कार भारती के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बांकेलाल गौड़, सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता, पूर्व उपाध्यक्ष उप्र राज्य ललित कला अकादमी गिरीश चंद्र मिश्र ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इसी क्रम में कला कुंज भारती पत्रिका के संपादक पद्म कांत शर्मा प्रभात सहित चित्र कला प्रदर्शनी में सहभागी कला साधकों को भी सम्मानित किया गया। संस्कार भारती बिसवां के महामंत्री घनश्याम शर्मा, संरक्षिका श्रीमती डा सरला अवस्थी, राष्ट्रीय कवि संगम के जिलाध्यक्ष आनंद खत्री, साहित्य सुधा गीतांजलि के संस्थापक अरविंद सिंह मधुप, सृजन साहित्य संस्थान के संस्थापक संदीप मिश्र सरस, वृंदारकनाथ मिश्र, देवकिनन्दन मौर्य सहित बड़ी संख्या में नगरवासियों ने श्री मृदु जी व प्रभात जी को बधाई दी है।

बलिदान दिवस पर याद किए गए डा . मुखर्जी

रामपुर मथुरा। राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए खुद का बलिदान देने वाले जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी के बलिदान दिवस पर विधायक ज्ञान तिवारी ने कनरखी, अटौरा (बरुही) सुदीप अवस्थी, तुलसीपुर बंजर प्रेम शुक्ला, अखरी (गोंदहा) रामबहादुर मिश्रा, ग्वाहडीह प्रदीप दिक्षित, शमशेरनगर केवीं शर्मा, गोण्डा देवरिया (मल्लाहन पुरवा) छोटेलाल, उमरी गनेशपुर, प्रमोद शुक्ल, हरिहरपुर लल्लूराम वर्मा व हुकुम सिंह, अचलापुर शिव नरायण, टिकठा प्रधान पुत्तन दीक्षित तथा सुरजनपुर में विसंभर मौर्य के यहां बूथ अध्यक्ष व सेक्टर संयोजकों के साथ बलिदान दिवस मनाया।

विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान विचार धारा के मुखर्जी ने कश्मीर से धारा-370 को हटाने के लिए व्यापक आंदोलन किया।

कोटेदार के विरुद्ध ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

» उचित दर विक्रेता पर चावल न बांटने का आरोप

विश्ववार्ता संवाद

सिधौली (सीतापुर)। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत किरतापुर के ग्रामीणों ने कोटेदार पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर राशन की दुकान के निरस्त किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि गांव की उचित दर विक्रेता शबनम पत्नी मतीन द्वारा माह जून 2024 के खाद्यान्न में चावल का घोटाला किया है।

कोटेदार द्वारा प्रत्येक कार्डधारक से बायोमैट्रिक मशीन पर अंगूठा लगवा लिया जाता है और राशन में केवल गेहूं दिया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा विरोध किए जाने पर कोटेदार द्वारा अभद्रता करते हुए कार्डधारकों को गालियां तथा धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार अराजक किस्म की महिला

है। ग्रामीणों ने कार्ड धारकों के बयान दर्ज कर कोटेदार के विरुद्ध कार्रवाई व कोटा निरस्त किए जाने की मांग की। इस दौरान ग्रामीण महेश चंद्र, सरजू प्रसाद, विद्यासागर, छोटकन, रमेश चन्द्र, राजाराम, दयाशंकर, विमलेश व ललित सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

गरीब की भूमि पर दबंग ने किया जबरन कब्जा

» लेखपाल की पैमाइश के बाद भी नहीं किया खाली

» एसडीएम व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर मांगा इंसाफ

विश्ववार्ता संवाद

मिश्रित (सीतापुर)। तहसील क्षेत्र के कस्बा आंट निवासी बबलू पुत्र हसमत अली उर्फ ओके ने उपजिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देने के साथ ही मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। जिसमें आरोप लगाया है कि उनके नाम एक भूखंड गाटा संख्या 468 मिल जुमला रकबा 0.777.80 वर्ग मीटर कस्बा आंट में स्थित है। तहसील की खतौनी में उनके नाम अंकित है।

इस प्लाट में तीन सह खातेदारों ने अपने हिस्से की भूमि में मकान निर्मित कर लिया है परंतु पीड़ति गरीब होने के कारण अपना मकान निर्मित नहीं कर सका था। जिससे उसका छठवां भाग खाली पड़ा है। पीड़ति ने अपने भूखंड में सीमेंट के पिलर लगाकर बंदकर दिया था, परन्तु 21 जून को आंट निवासी दबंग निशात मिर्जा, इमरान मिर्जा पुत्रगण शहीद मिर्जा ने सभी पिलर उखाड़ कर फेंक दिया और भूखंड पर जबरिया कब्जा करने का प्रयास करने लगे। पीड़ति ने मांमले का शिकायती पत्र एसडीएम को दिया था। उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेज कर नाप कराई। नाप के दौरान पीड़ति का छठवां हिस्सा निकला था परंतु आरोपी रसूखदार होने के कारण पीड़ति को कब्जा नहीं करने दे रहे हैं। आरोप है कि तहसील और पुलिस प्रशासन उनसे मिला हुआ है। पीड़ति के भूखंड पर जबरिया कब्जा कराने में आरोपियों का सहयोग कर रहा है। पीड़ति ने शिकायती पत्र एसडीएम को देने के साथ सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की हैं।

बाइक सवार की मौत

रेउसा। थाना रेउसा इलाके में तंबौर लहरपुर मार्ग पर सुमेर गांव थाना तंबौर निवासी अमेरिका, माधव व माधुरी पत्नी माधव बाइक से घर से लहरपुर दवा लेने जा रहे थे। लकड़ी से लदे ओवर लोड ट्रैक्टर ट्राला को ओवर टेक करने के दौरान अचानक सामने से आ रही ओमनी वैन से टकरा गए। जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज हेतु सीएचसी तंबौर लाया गया। जहाँ से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में अमीरका (40) पुत्र बुधराम की मृत्यु हो गई। वहीं दो अन्य का इलाज किया जा रहा है।

गोमती नदी में मृत मिला मगरमच्छ

» वन विभाग ने पीएम को भेजा, दो दिन पहले हुए थी मौत

विश्ववार्ता संवाद

महोली (सीतापुर)। पिसावां इलाके के गोमती नदी में मृत हालत में एक मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ का पीएम कराने के बाद उसके शव को दफन कर दिया। वन विभाग के अनुसार पीएम में मगरमच्छ के दो दिन पहले मरने की पुष्टि हुयी है।

शव सड़ जाने की वजह से मौत के कारण का पता नहीं चल सका है।महोली

वन रेंज के प्रेमपुर गांव के निकट गोमती नदी में रविवार को मृत हालत में एक विशाल काय मगरमच्छ को देखकर ग्रामीण डर गये। हिम्मत जुटाकर ग्रामीण नजदीक पहुचे तो देखा वह मरा हुआ था और मौकें पर बदबू आ रही थी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ के शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया। वन दरोगा राहुल कुमार ने बताया पीएम में डॉक्टर ने दो दिन पहले मगरमच्छ की मौत होने की पुष्टि की है। शव सड़ने की वजह से मौत की वजह नही मालूम हो सकी। इस सम्बंध में महोली रेंजर कल्पेश्वर नाथ से फोन बात की गयी तो बताया कि जानकारी तो हुयी लेकिन पीएम हुआ या नही जानकारी नही है। दबी जुबान लोग मगरमच्छ की मौत को तस्करी से जोड़कर देख रहे हैं।

खेत देखने गए किसान को सांप ने डसा, मौत

लहरपुर (सीतापुर)। नगर के मोहल्ला लोखरियापुर निवासी किसान की खेत में सांप काटने से मौत होने का मामला सामने आया है। किसान की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम नगर के मोहल्ला लोखरियापुर निवासी मोहम्मद इब्राहिम मंसूरी (50) अपने खेत को देखने ग्राम हटिया गए थे वहीं पर उनको सांप ने कांट लिया। सांप काटने का एहसास होने पर आस पास के ग्रामीणों ने उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती करा कर परिजनों को सूचना दी। इसी बीच इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने घटना की सूचना तहसील प्रशासन को दे दी है।

प्रहलादपुर का उपनिदेशक पंचायत ने किया निरीक्षण, देखी हकीकत

विश्ववार्ता संवाद

लहरपुर (सीतापुर)। विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गौरिया प्रहलादपुर का शनिवार देर शाम निरीक्षण उपनिदेशक पंचायत एसएन सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार पटेल उपस्थित थे।

उपनिदेशक के द्वारा ग्राम पंचायत में अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र व सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया गया जो कि क्रियाशील पाए गए। इस मौके पर उन्होंने ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने पुराने शौचालयों व छूटे हुए पात्र लोगों के शौचालयों के सर्वे का निर्देश

दिया और 15 वें वित्त आयोग से सर्वे में पंचायत सहायक के सहयोग के लिए कर्मचारी रखने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा, ग्राम प्रधान वसीम वानों, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सोनू अंसारी, सचिव शारदा प्रसाद राणा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

कार्यक्रम कबिरा खड़ा बाजार में मांगे सब की खैर, ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर

जो काशी में तन तजे शरीरा, रामै कौन निहोरा रे

» कबीर जयंती पर संगोष्ठी व काव्य पाठ का आयोजन

विश्ववार्ता संवाद

बिसवां (सीतापुर)। कबीर समाज सुधारक के साथ ही विश्व प्रेमी व्यक्तित्व के कवि थे। उन्होंने समाज की कुरीतियों, जाति पांत के बंधन को छोड़कर मानव कल्याण को प्राथमिकता दी। समाज की रूढ़विादी सोच को बदलने का काम किया यह बात बिसवां में कबीर जयंती के अवसर पर साहित्य सुधा गीतांजलि समिति द्वारा आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत पवन दास ने की तथा मुख्य अतिथि साहित्यकार कवि अरुणेश मिश्रा थे। वक्ताओं ने कहा कबीर दास भक्ति काल के ऐसे कवि थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सुधार के कार्यों में बिता दिया।

भले ही वह शिक्षित नहीं थे परंतु

संगोष्ठी का काव्यपाठ में मौजूद साहित्यकार

उन्होंने समाज की कुरीतियों रूढ़विादिता की सोच को बदलने का काम किया, चाहे वह जिस धर्म का हो डटकर मुकाबला किया। 1398 में लहरतारा तालाब काशी में नीमा तथा नीरू नामक परिवार ने उन्हें पाल पोस कर बड़ा किया। बताते हैं कि रामानंद स्वामी के आशीर्वाद से एक विधवा ब्राह्मणी ने उन्हें जन्म दिया था जो बाद में लोक लाज के डर से लहरतारा तालाब काशी में छोड़ आई थी। कुछ लोग उन्हें हिंदू तो कुछ लोग उन्हें मुसलमान मानते हैं परंतु कबीर किसी एक जात में के न होकर सिर्फ इंसान थे। इसीलिए उन्होंने अपने दोहों में सभी को जमकर फटकार लगाई है।

कबीर दास जी का पूरा जीवन काशी में बीता परंतु मृत्यु के पूर्व वह मगहर चले गए थे। उनका मानना था काशी में मरने वालों को स्वर्ग मिलता है। ऐसा कहा जाता है अगर मैं काशी में मारा तो उसमें ईश्वर का क्या योगदान मगहर में मरने के बाद भी यदि मुझे स्वर्ग मिले तो बात है।

इसीलिए उन्होंने कहा जो काशी में तन तजे शरीरा रामै कौन निहोरा रे। धर्म व जाति के नाम पर अपनी दुकान चलाने वालों के लिए उन्होंने कहा कबीरा खड़ा बाजार में मांगे सबकी खैर ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर। कार्यक्रम में संगोष्ठी के साथ ही गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

जिसमें कमलेश मृदु, रजनीश मिश्रा, झंकार नाथ शुक्ला, अरविंद सिंह मधुप, सरला अवस्थी, सरोज गुप्ता समिति के अध्यक्ष विजयनाथ रस्तोगी, अशोक पुष्प एडवोकेट सहित तमाम लोगों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। संयोजक अशोक पुष्प एडवोकेट ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में अरूणनाथ सिंह, बिसवां बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आरएन सिंह, बृजेश नारायण गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, अधिवक्ता संतोष कटोरिया सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थित दर्ज कराई।

पीर मरे पैगम्बर मरिहैं, मरिहैं जिंदा जोगी

सिधौली। कबीर मध्यकालीन दौर के ऐसे फक्कड़ साहित्यकार थे जिन्होंने हिन्दू और मुसलमान दोनों ही धर्मों के कट्टरपंथियों को फटकारा और एक आम आदमी के शान्तिपूर्ण जीवन जीने की गुंजाइश उत्पन्न करने की कोशिश की। शनिवार को जनमुक्ति संघर्ष वाहिनी एवं युगान्तर साहित्य मंच के संयुक्त आयोजन में कबीर जयन्ती के अवसर पर आयोजित एक गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए साहित्यकार भगवती प्रसाद अग्निहोत्री ने यह बात कही। कबीर के सृजन के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक युगद्रष्टा बताया। एडवोकेट अनूप कुमार ने कबीर को नास्तिक नहीं कह सकते परन्तु वे आधुनिक धर्मनिरपेक्ष जीवनपद्धति के बहुत नज़दीक थे। उन्होंने कबीर की एक कविता उद्धृत करते हुए कहा 'पीर मरे पैगम्बर मरिहैं, मरिहैं जिन्दा जोगी, राजा मरिहैं, परजा मरिहैं, मरिहैं बैद और रोगी, चंदा मरिहैं, सूरज मरिहैं,मरिहैं धरणि अकासा, चौदह भुवन के चौधरी मरिहैं, इनहूं की का आसा। कार्यक्रम संयोजक अनुराग आग्नेय ने कहा कि कबीर इतने व्यापक और विस्तारित हैं कि वे श्रीगुरूग्रंथ साहिब में पंजाबी में पढ़े जाते हैं तो अवधी, भोजपुरी और ब्रज वाले उन्हें अपना मानते हैं। इस मौके पर साहित्यकार नवनीत मिश्र नवल, पंकज मिश्र, रामबक्श राव, अधिवक्ता हरिनारायण सिंह सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

एक नजर

पति ने पत्नी पर किया चाकू से हमला

बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र में पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिस महिला गंभीर उसे घायल हो गई उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के नाकोड़ा निवासी शमशाद की 22 वर्षीय पत्नी शाकिरा का गांव की दूसरी महिला से विवाद हो गया था। जिसकी शिकायत गांव की दूसरी महिला ने शाकिरा के पति शमशाद से की। जानकारी होने पर पति शमशाद ने अपनी पत्नी पर को मारा बेटा इसके बाद चाकू से कई वार किया जिस महिला गंभीर उसे घायल हो गई इसकी जानकारी पुलिस को हुई पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए स्थान भर्ती कराया है जबकि पति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने शमशाद पुत्र अब्दुल रहमान को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है।

अन्तर्जनपदीय शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

बहराइच। विभिन्न सरकारी संस्थानों में संविदा के नाम पर धोखाधड़ी करके नौकरी दिलाने के मामले में एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध कई जनपदों में किस प्रकार के मामले पंजीकृत है। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। 22 जून शनिवार को राजन बाबू पुत्र स्व. खेमकरन निवासी ग्राम मीरपुर कस्बा सलारगंज थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि एक समाचार पत्र मे प्रकाशित संविदा पर नौकरी दिया जाने के विज्ञापन को देखकर राजन बाबू और अन्य कई व्यक्तियों ने अवधेश कुमार मिश्रा नामक व्यक्ति से सम्पर्क किया। जिसने अपने को डब्लूएचओ उत्तर प्रदेश का अधिकारी बताया और उन्हे जिला अस्पताल बहराइच में वार्ड ब्याय के पद 18100 रूपये प्रतिमाह की दर से 13 बर्ष के लिए संविदा पर नियुक्ति दिलाने की बात की। राजन बाबू आदि व्यक्ति अवधेश कुमार मिश्रा से लक्ष्मी रिसॉर्ट कोतवाली देहात बहराइच में मिले। जिनसे नियुक्ति कराने के नाम पर पैसे लिये गये और उनमें से कई लोगों को कूटरचित नियुक्ति पत्र भी दिये गये। इस सूचना पर कोतवाली देहात में मु.अ.सं. 309/2024 धारा 419/420/467/468/471/406 IPC पंजीकृत किया गया। शनिवार को मुखबिर की सूचना व सर्विलांस सेल की मदद से अभियुक्त अवधेश मिश्रा पुत्र गया प्रसाद मिश्रा निवासी सतनामी पुरवा कस्बा बाबागंज थाना धानेपुर जनपद गोण्डा को चित्तौरा मोड़ गोण्डा बहराइच मार्ग से गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त स्कॉरपियो एन UP32NU7879, 03 फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र, 08 सादे नियुक्ति प्रमाण पत्र ड्राफ्ट, 02 अदद घटना में प्रयुक्त मोबाइल, 01 अदद लैपटाप बरामद किया गया। जानकारी के मुताबिक आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है । पूर्व में भी जेल जा चुका है ।

सेवानिवृत्त अधिवक्ता के घर में घुसक फायरिंग

बहराइच। शहर के मोहल्ला माधवपुरी सुफीपुरा में सेवानिवृत्त जिला शासकीय अधिवक्ता शिव नारायण सिंह का निवास है। शनिवार सुबह वह घर पर बरामदे में बैठे थे। तभी एक अज्ञात व्यक्ति बाइक से उनके घर पर पहुंचा। बाइक घर के सामने खड़ी कर बरामदे में घुसते ही फायर झोंक दिया। हालांकि इस हमले में अधिवक्ता को कोई चोट नहीं आई है। फायर की आवाज सुनकर घर के लोग भी सहम गए। पूर्व शासकीय अध्यक्षता में इसकी जानकारी कोतवाली देहात पुलिस को दी इसके बाद मौके पर एसपी समेत एडिशनल एसपी, CO सिटी, देहात कोतवाल के साथ-साथ एसओजी टीम, फोरेंसिक टीम व पुलिस बल भी पहुंच गया। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है। एसपी ने बताया कि घटना को गंभीरता से लिया गया है। पुलिस टीम का गठित कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएग।

बैराज में नहाते समय डूबकर युवक की मौत

बहराइच। गोपिया बैराज में नहाने गए एक युवक की पैर फिसलने से गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब कर मौत हो गई। पुलिस और प्रशासन ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया है। मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 मोतीपुर निवासी लगभग 30 वर्षीय विनोद पुत्र गजराज रावत दोपहर के समय गोपिया बैराज पर गया था। अचानक गर्मी के चलते उसने बैराज के पानी में नहाने का मन बनाया और नीचे उतर गया। नहाने के दौरान पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में चला गया और उसकी डूब कर मौत हो गई। इसकी जानकारी आसपास के लोगों ने पुलिस और राजस्व विभाग को दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मिहींपुरवा तहसीलदार अम्बिका चौधरी व मोतीपुर थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने स्थानीय गोताखोरों मदद से सरयू नदी से युवक का शव बरामद कर लिया। पुलिस विधिक कार्रवाई में जूटी है।

पर्यावरण संरक्षण की नई पहल

बहराइच। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर अब्दुल्लागंज रेंज की और से क्षेत्र के ग्रामीणों को पौधे का वितरण किया गया इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि वह पौधारोपण करने के बाद उसकी देखरेख समय पर करें जिससे और नष्ट न होने पाए एक अच्छे व्यक्तित्व की पुण्यतिथि पर वन विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण की नई पहल से लोगों में चर्चा का विषय बनी है। स्वच्छ वातावरण तथा पौधरोपण के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वन विभाग ने निशुल्क पौधा वितरण अभियान चलाया। ताकि क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा मिल सके। अब्दुल्लागंज वन विभाग द्वारा विभिन्न फलदार एवं छायादार आम, आंवला, सागौन, अमरूद, जामुन, सहजन, बांस समेत अन्य प्रजातियों के 3500 पौधों का वितरण किया गया। वन क्षेत्राधिकारी पंकज साहू ने कहा कि पौध वितरण का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण का संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधे लगाने हेतु लोगों को प्रेरित करना है। नागरिकों को नि:शुल्क पौध का वितरण किया जा रहा है। पौधों को मांग के मुताबिक रोपण करने के लिए फ्री में पौधा दिया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति फॉरेस्ट विभाग से पौध ले सकता है।

भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए दिया बलिदान

मिहीपुरवा, बहराइच। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत मधवापुर में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के अनावरण एवं स्मृति वाटिका के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहराइच के भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने की। अतिथियों का स्वागत 56-लोकसभा बहराइच के नवनिर्वाचित सांसद आनन्द गोंड ने बुके देकर किया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गोंड ने किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही नवनिर्वाचित सांसद आनन्द कुमार गोंड द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह व क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष ने स्मृति वाटिका के शिलापट व स्वर्गीय डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा का अनावरण कर परिसर मे पौधारोपण किया। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम में आए हुए अतिथियो व भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन संघर्ष मय रहा। उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा भारतीय संस्कृति के रक्षा के लिए काम करती रही है।

नीट परीक्षा में धांधली के खिलाफ किया प्रदर्शन

नीट परीक्षा रद्द करने तथा संपूर्ण मामले की सीबीआई जांच करने की मांग सम्बंधी सौंपा ज्ञापन

» समाजवादी लोहिया वाहिनी ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। समाजवादी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने रविवार को नीट की परीक्षा में धांधली के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी ने नीट परीक्षा परिणाम को रद्द किए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया। समाजवादी लोहिया वाहिनी ने नीट परीक्षा में धांधली और पेपर लीक के विरोध में जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव के नेतृत्व में डीएम चौराहा से उनके आवास तक पैदल मार्च निकालते हुए धरना प्रदर्शन किया।

छोत्रों के भविष्य से खिलवाड़

समाजवादी लोहिया वाहिनी के छात्रों ने नीट परीक्षा रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में लिखा गया है कि पूरे देश में एनटीए द्वारा नीट का एग्जाम पांच मई को कराया गया था, जिसमें सरकार द्वारा पोषित माफियाओं ने परीक्षा के दौरान ही नीट का पेपर लीक कर दिया। परीक्षा में बैठे लगभग 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। समाजवादी लोहिया वाहिनी मांग करती है कि सबसे पहले एनटीए एजेंसी को बर्खास्त किया जाए। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही नीट परीक्षा पुनः करायी जाए।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब से देश व उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तभी से सभी परीक्षाओं के पेपर लगातार लीक हो रहे है। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अब्दुल जीशान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी नीट की परीक्षा कराने वाली एजेंसी एनटीए पर सवालिया निशान शुरू में ही खड़ा किया था, लेकिन उस दौरान भी सरकार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी।

नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते कार्यकर्ता

एनटीए द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित तिथि 14 जून थी, लेकिन जिस दिन लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित हो रहा था, उसी दिन चार जून को साजिशन तरीके से एनटीए ने नीट का परिणाम घोषित कर दिया। छात्रों ने तभी यह मांग उठाई थी कि एनटीए द्वारा नीट परीक्षा में बहुत बड़ी धांधली की गयी। सभी ने नीट परीक्षा की सीबीआई जांच हो और उसे रद्द करने, एनटीए परीक्षा की सीबीआई जांच करवाने, पुलिस भर्ती परीक्षा जो लीक हुई उसके सभी आवेदको को भत्ता मुवआवजा दिया जाय।

पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री सहित सभी विभागो के जिम्मेदारो का जेल भेजने और छात्रो नौजवानो के भविष्य के साथ खिलवाड़ बन्द हो करने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष समाजवादी अनसूचित जनजाति प्रकोष्ठ संत कुमार पासी, आकाश पटेल,गौरव यादव, मयंक मिश्रा, अमरदीप यादव, रिंकू सिंह, राजित राम यादव,सुनील यादव, मिंटू वर्मा, रितेश यादव, आशीष गौरव श्रीवास्तव, , मोबिन खान, महबूब अली, रवि यादव, अमरदीप, शेखर यादव, शिवम यादव, अन्नू गुप्ता सैलेंद्र यादव विकास यादव, विनोद यादव, अभिषेक यादव समेत तमाम अन्य कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

अवैध मादक पदार्थ के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

गोंडा। कोतवाली देहात पुलिस ने एक व्यक्ति को 400 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अवैध मादक पदार्थ (400 ग्राम गाजा) के साथ अभियुक्त चांद अली उर्फ मिज्जन पुत्र बरकत उर्फ फारुख निवासी ग्राम जागापुरवा जमदरा थाना कोतवाली देहात को लालनगर कलहंस से बहलोलपुर जाने वाली मार्ग से गिरफ्तार कर कब्जे से 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली देहात में मुअस- 310/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। पुलिस को लालनगर कलहंस से बहलोलपुर जाने वाली मार्ग से एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। तलाशी की गयी तो उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ बरामद कर अभियुक्त चांद अली को गिरफ्तार किया गया।

एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में किया शिशुपालन गृह का उद्घाटन

» महिला पुलिस कर्मियों के बच्चों को मिलेंगे सुविधाऐं

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में शिशु पालन गृह (किड्स जोन) का उद्घाटन किया। जिसमें महिला पुलिस कर्मियों के बच्चे सुरक्षित रूप से रह सकेंगे। एसपी बताया गया कि जनपद में एक क्रीच की स्थापना की गयी है। जिसमें जितनी भी सुख सुविधा एक प्राइवेट क्रीच में पा सकते हैं, वह यहाँ उपलब्ध हैं जो पूर्ण रुप से एयर कंडीशन्ड है। यहां पर बच्चों को ठहरने की बेहतर सुविधा है तथा पर्याप्त प्रशिक्षित स्टाफ नियुक्त किया गया है। सभी स्थान सीसीटीवी कैमरा से अच्छादित होने के साथ साथ पुलिस लाइन परिसर के सबसे सुरक्षित स्थान पर स्थापित किया गया है। उन बच्चों के माता पिता इस क्रीच में अपने छोटे बच्चों को ड्यूटी के दौरान छोड़ सकते हैं। साथ में एप के माध्यम से कही से भी उनकी गतिविधियों को चेक कर सकते हैं। यह कि उनके बच्चे सकुशल है।

एसपी ने बताया गया कि बहुत से महिला पुलिसकर्मी बहुत छोटे बच्चे जो अभी स्कूल जाने की उम्र में नही हैं या घर में और कोई देख- रेख करने वाला नहीं है। उनको अपने साथ ड्यूटी पर ले जाने व कई महिलाएं जो डायल 112 में नियुक्त है वह 12- 12 घंटे गर्मी में अपने साथ पीआरवी वाहन में बच्चों को लेकर जाने के लिए विवश हो रही थी। इसलिए उनकी सुविधा के लिए यह प्रयोग किया है।

आज देश को संजय गांधी जैसे युवा नेता की जरूरत

बहराइच। देश में युवा क्रांति के जनक पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एआईसीसी एवं सांसद स्वर्गीय संजय गाँधी के पुण्यतिथि पर आज युवा कांग्रेस देवीपाटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष इन्द्र यादव के प्रतिष्ठान पर बख्शीपुरा में प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। शुरुआत संजय गाँधी के चित्र पर कांग्रेस जनों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सामूहिक रूप से शैल्यूट दिया गया।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिंह ने कहा युवा कांग्रेस के रचनाकार, पर्यावरण को बढ़ावा देने तथा संघर्ष की धार पर संक्रमण काल से कांग्रेस पार्टी व संगठन को उबार कर पुनः अस्तित्व व वजूद में लाकर पहचान दिलाने वाले संजय गाँधी के साथ मिलाकर संघर्ष के साथी व राजनैतिक जेल यात्री रहे इन्द्र प्रताप सिंह जी भी आज ही हम सबसे जुदा हो गये।

थाना रिसिया व कोतवाली देहात पहुंचीं डीएम व एसपी, मचा हड़कंप

» शमसुन को शीघ्र मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन, आंखों का होगा आपरेशन

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने थाना रिसिया व थाना कोतवाली देहात का निरीक्षण कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

थाना रिसिया के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने देखा की एक बुज़ुर्ग महिला एक बच्चे के साथ अन्तिम पंक्ति में बैठी हुई अपनी बारी का इन्तज़ार कर रही है। डीएम ने तत्काल बुज़ुर्ग महिला को अपने पास बुलाकर पूछा कि अम्मा आपकी क्या समस्या है। यह सवाल सुनते ही बुज़ुर्ग महिला की जबान खुलने से पहले की आंखें नम हो गयी। आंचल से आंख पोंछते हुए उसने बताया कि साहब मेरा नाम शमशुन है मैं ग्राम गुरचाही मौजा बलभद्दरपुर की निवासी हूँ। मेरे पति का कुछ वर्ष पूर्व स्वर्गवास हो गया है। मेरे 03 बेटे है जो सभी शादी शुदा हैं। उसे सरकार या समाज से कोई दुख नहीं है। बल्कि उसके बेटे और बहू उसका बोझ उठाने से इंकार कर रहे हैं और घर से निकालने पर आमादा हैं।

शमसुन ने यह भी बताया कि मोतियाबिन्द होने के कारण उसे ठीक प्रकार से दिखायी भी नहीं देता है। पोते के सहारे ही उसका घर से बाहर निकलना हो पाता है। बेटी की उम्र की महिला अधिकारियों को सामने देख बुज़ुर्ग महिला ने बताया कि बेटे के जवान होने पर खून के रिश्तों से बहुओं को लाने का यही मकसद था कि बुढ़ापे मे बहुएं सास मानकर न सही, मौसी व बुआ समझ कर उसके आगे दो जून रोटी ज़रूर परोस देंगी। लेकिन समय का ऐसा परिवर्तन हुआ कि पति की आंख बन्द होते ही बेटो व बहुओं ने उसकी ओर से मुंह मोड़ लिया। बुजुर्ग महिला ने डीएम व एसपी से यही फरियाद की कि उसके परिवार को इस बात के लिए पाबन्द कर दिया जाय कि उम्र के अन्तिम पढ़ाव पर उसको इज्ज़त के साथ दो जून की रोटी देते रहें। बुज़ुर्ग महिला की आप बीती सुनकर डीएम व एसपी ने संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए तत्काल थाने की गाड़ी पर बुज़ुर्ग महिला को बिठाया तथा एक सब इंस्पेक्टर व महिला आरक्षी के साथ उसे सम्ममान के साथ घर रवाना करते हुए एसआई को निर्देश दिया कि बेटे को इस बात की ताकीद करें कि वे अम्मा का पूरा ख्याल रखें। साथ ही डीएम ने थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि एक महिला आरक्षी को नामित कर दें जो नियमित अन्तराल पर बुज़ुर्ग महिला के घर जाकर हाल-चाल लेती रहे।

इससे पूर्व डीएम ने एडीओ पंचायत को निर्देश दिया कि बुज़ुर्ग महिला की निराश्रित महिला पेंशन योजना से तत्काल आच्छादित किया जाय। इसके अलावा डीएम ने सीएमओ को मोबाइल पर विवरण बताते हुए निर्देश दिया कि अन्धता निवारण योजना के तहत तत्काल आपरेशन कराएं तथा चश्मे का प्रबन्ध करें जिससे बुज़ुर्ग महिला की दूसरों पर निर्भरता कम हो सके। इससे पूर्व डीएम व एसपी ने कोतवाली देहात में ग्राम शेखदहीर के अज़ीमुलहक व राम गोपाल, बहादुरपुर के साजिद, धरसवां की सुधा देवी सहित अन्य फरियादियो के समस्याओं की सुनवाई करते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। थाना रिसिया में प्राप्त हुए 25 प्रार्थना पत्रों में से 02 तथा कोतवाली देहात में प्राप्त 10 प्रार्थना-पत्रों में 03 का निस्तारण मौके पर किया गया।

नजूल भूमि फ्री होल्ड किये जाने की उठाई मांग

» सीएम योगी को डीएम मोनिका रानी के माध्यम से भेजा ज्ञापन

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल प्रान्तीय नेतृत्व के आवाहन पर व्यापार मंडल बहराइच की ओर से नजूल भूमि फ्री होल्ड करने व अन्य मांगो को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी मोनिका रानी के माध्यम से शनिवार को भेजा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि नजूल सम्पतियों के अधिग्रहण सम्बन्धी गत 7 मार्च 2024 को जारी आध्यादेश को लेकर पूरे प्रदेश के व्यापारी, उद्यमी व समाज के सभी वर्गों के लोगों में बेहद चिंता व रोष है। क्योंकि पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से लेकर पूरे प्रदेश में नजूल सम्पत्तियों का उपयोग समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा व्यापारिक, औद्योगिक व रिहायशी उदेश्य से किया जा रहा है। ऐसे में अधिग्रहण से जहां व्यापार और उद्योग पर बेहद विपरीत असर पड़ेगा।वहीं पीढ़ियों से रह रहे लोगों को आवास की समस्या भी उत्पन्न होगी। क्योंकि यह अध्यादेश लोकहित में नहीं है। इसलिए व्यापार मण्डल इस अध्यादेश का विरोध करता है और सरकार से इसे वापस लेने की मांग करता है।

व्यापार मंडल के पत्र में कहा गया है कि प्रदेश भर में लाखों की संख्या में ऐसे भूखण्ड जो व्यवसायिक गतिविधियों में परिवर्तित हो गये हैं। उन भूखण्डों को तब अधिकारियों ने नहीं रोका। लेकिन अब उन पर सील व धवस्तीकरण की कार्यवाही हो रही है। जिससे उद्योग व व्यवसाय पर तो असर पड़ेगा, साथ ही साथ बेरोजगारी की समस्या भी उत्पन्न होगी।

इस अध्यादेश से लोगो में चिंता एवं रोष व्याप्त है। व्यापार मण्डल ने अध्यादेश को अविलम्ब वापस लेने की मांग की है। व्यापारियों ने यह मांग रखी है कि पूर्व की भांति नजूल सम्पतियों को फ्री होल्ड करने की योजना दोबारा शुरू की जाए। जब तक यह योजना लागू की जाये तब तक प्रदेश में नजूल सम्पत्तियों का प्रयोग करने वाले सभी लोगों के लिए न्यूनतम शुल्क निर्धारित कर उनकी लीज का नवीनीकरण किया जाये जिससे लोगों के मन में भय एवं भविष्य की चिंता समाप्त हो सके। साथ ही आवास विकास परिषद द्वारा जिन भूखण्डों पर सील व धवस्तीकरण की कार्यवाही हुई है। उन पर फिलहाल रोक लगाई जाए एवं ऐसे भवनों पर कुछ शुल्क लेकर व्यवसायिक गतिविधियों की मान्यता प्रदान की जाये। उद्योग व्यापार मंडल उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा ने बताया कि व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष मुकुंद बिहारी मिश्र के आह्वान पर प्रदेश भर के व्यापारी अपने अपने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन भेज रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी जिलाध्यक्ष कुलभूषण अरोरा, जिला महामंत्री बृजमोहन मातनहेलिया, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक सोनी 'दाऊजी', उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, नवनीत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुमित खन्ना, अमित मित्तल व अन्य व्यापारी शामिल रहे।

नहीं रहे पूर्व भाजपा विधायक इंद्र प्रताप सिंह, शोक की लहर

» 86 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा पूर्व विधायक इंद्र प्रताप सिंह का 86 वर्ष की अवस्था में शनिवार को निधन हो गया वह अपने पीछे पत्नी एक बेटा पौत्र पौत्री तथा नाती नातिन से भरपूर परिवार छोड़कर चले गए। उनके निधन की सूचना से कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा शुभ चिंतकों व परिवारीजनों में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत पूर्व विधायक ने अपने जीवन काल में ब्लॉक प्रमुख से लेकर विधानसभा तथा विधान परिषद के सदस्य पद पर कार्य किया।

दिवंगत पूर्व विधायक के निकट सहयोगी पंडित यज्ञराम त्रिपाठी ने बताया कि दिवंगत विधायक श्री सिंह वर्ष 1962 से 1974 तक रिसिया के ब्लॉक प्रमुख रहे। वह 1974 से 1980 तक कांग्रेस के विधान परिषद सदस्य के रूप में कार्य करते रहे। 1980 से 1984 तक कांग्रेस



के टिकट पर विधान सभा महसी विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 1985 से 1989 तक वह पुनः इसी सीट से विधायक चुने गए। 1989 से 1991 तक वह फिर से महसी सीट से विधायक रहे। दिवंगत पूर्व विधायक का अंतिम संस्कार रविवार को सरयू नदी के तट त्रिमुहानी घाट पर किया गया। मुखाग्नि पुत्र राकेश सिंह ने दी। इस मौके पर भारी तादाद में उनके शुभ चिंतक तथा परिचित उपस्थित रहे।

विवाद में पानी बांटने गए तीन युवकों का सिर फोड़ा

विश्ववार्ता संवाददाता

बहराइच। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत सिटी मोंटेसरी स्कूल नवीन भवन के निकट लगभग दो दर्जन युवकों ने पानी बांटने गए तीन युवकों का सिर्फ फोड़ दिया। उन्हें बोतल, डंडा, ईंटा इत्यादि से बुरी तरह पीटा। घंटों की कवायत के बाद घायल युवकों का जिला अस्पताल में मेडिको लीगल हुआ और सर में गंभीर चोट होने के बावजूद पुलिस ने मामूली धारा में केस दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर फिर में धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं। दूसरी तरफ पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी युवक सत्ता पक्ष के एक बड़े नेता को अपना रिश्तेदार बताकर पुलिस में धौंस दिखा रहे थे। ऐसी स्थिति में पुलिस ने पीड़ितों के साथ न्याय नहीं किया।

शहर के मोहल्ला सखैयापुरा निवासी पं. मगन बिहारी मिश्र ने बताया कि वह पानी का व्यवसाय करते हैं और पूरे शहर में शुद्ध तथा शीतल जल के पानी की आपूर्ति करते हैं। उन्होंने बताया कि इस व्यवसाय में उन्होंने अपने पुत्रों तथा अन्य लोगों को लगा रखा है। 20 जून को उनके बेटे अपने ड्राइवर तथा एक अन्य सहयोगी के साथ मोहल्ला घसियारी पुरा पानी वितरित करने के लिए पहुंचे। वहां उनका वाहन एक तार में फंस गया वह तार निकल ही रहे थे तभी पीछे से कुछ बाइक सवार युवक आए और गाली गलौज करने लगे इसका विरोध करने पर युवकों ने ईंटा, अद्धा, बोतल, डंडा तथा लात घूंसे से पिटाई शुरू कर दी। पीड़ित युवकों ने बताया कि इस दौरान उन्होंने 112 नंबर पर डायल कर पुलिस की सहायता मांगी लेकिन उन्हें कोई सहायता नहीं मिल पाई। बाद में उन्होंने अपने परिवार के लोगों से सहायता मांगी इस पर उनका भाई मौके पर पहुंचा तो हमलावरों ने उसका भी सिर फोड़ दिया। बड़ी मुश्किल से पीड़ित युवक हमलावरों के चंगुल से छूटे। इसके बाद पुलिस ने उन्हें थाना दरगाह देहात कोतवाली और नगर कोतवाली का चक्कर कटाती रही। इस दौरान लहूलुहान युवकों की हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल पहुंचाकर उनका प्राथमिक उपचार कराने के साथ मेडिकोलीगल कराया गया। घंटों की कवायद के बाद कुसुमेंद्र चौधरी तथा यश श्रीवास्तव को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है हमलावरों ने घायल युवकों के सिर पर जानलेवा चोट पहुंचाई लेकिन पुलिस ने यह कहते हुए पीड़ित को आश्वस्त किया कि मेडिकल रिपोर्ट आने पर धाराओं में परिवर्तन किया जा सकता है। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से उनके हौसले बुलंद हैं। यदि मैं दोबारा अपनी व्यवसाय के सिलसिले में उसे क्षेत्र में गए तो कोई बड़ी वारदात हो सकती है। विविध का कहना है कि यदि उन्हें इस बारे में न्याय और सुरक्षा नहीं मिली तो वह मुख्यमंत्री स्तर पर अपनी फरियाद पहुंचाएंगे।

चार वर्षीय मासूम बच्ची की हत्या करने वाला गिरफ्तार

गोंडा। नवाबगंज पुलिस ने 4 वर्षीय मासूम बच्ची की निर्मल हत्या करने वाले साधु वेशधारी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को कटरा रेलवे स्टेशन के पास बगिया में एक 4 वर्षीय बच्ची का शव मिला था, जिसके सम्बन्ध में विष्णू गुप्ता निवासी ग्राम फत्तेपुर थाना नवाबगंज द्वारा थाना नवाबगंज में प्रार्थना पत्र दिया गया था। शनिवार को कटरा-स्टेशन के पास बाग में एक बच्ची का शव मिला है। वादी द्वारा जाकर देखा तो वही बच्ची थी। जिसको 21.06.2024 को बाबा के भेष में जो व्यक्ति था उसी के साथ देखा था। बच्ची को बाबा ने पीट पीट कर मार डाला था। थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा कटरा रेलवे स्टेशन के पास बगिया में बच्ची की हत्या करने वाले व्यक्ति को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। आरेपी विश्वनाथ वंशकार बच्ची का सौतेला पिता है। बच्ची की मां उसे दो साल पहले छोड़कर चली गई थी।

बिना खुदाई कराए ही बना डाली सैकड़ों फुट नाली

» लोगों के घरों के दरवाजे हुए बंद

» जल निकासी की बढी समस्या

विश्ववार्ता संवाददाता

श्रावस्ती। जिले के नगर पालिका परिषद भिनगा में होरहे निर्माण कार्य में किस तरह भ्रष्टाचार का बोलबाला है उसका सबूत अखबार में छपी यह फोटो बता रही । नगर पालिका क्षेत्र भिनगा के वार्ड गौतम बुधनगर में नगरीय विकास अभिकरण डुडा द्वारा नाली और इंटरलॉकिंग निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।

इस निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार द्वाराबिना खुदाई किए ही ढाई फीटऊंची नाली का निर्माण कार्य कर दिया गया । जिसके चलते वार्ड के कई लोगों का दरवाजा बंद होने की कगार पर पहुंच गया । वार्ड के लोगों का कहना है कि हम लोगों ने खुदाई करके नाली निर्माण करने की बात कही तो ठेकेदार द्वारा कहां गया की नली का निर्माण ऐसे ही होगा आप लोग कहीं भी जाओ । वार्ड के लोगों का एक भी कहना था कि पहली बार इस तरह की नाली निर्माण हम लोगों ने देखा है जहां बिना खुदाई किए ही खरंजे पर ढाई फीट ऊंची ईट जोड़कर नाली का निर्माण कर दिया गया । इस तरह की नाली निर्माण के चलते हम लोगों को घर से निकलना दूभर हो जाएगा और बरसात में जल भराव होने की बात तो दूर हम लोगों के घरों का पानी निकालने का रास्ता बंद हो जाएगा । कुछ लोगो ने यह भी बताया किहम लोगों ने ऐसे काम का विरोध किया है और इस तरह का नाली निर्माण हम नहीं होने देंगे । इस संदर्भ में जब नीरज कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी नहीं है मौके पर जाकर देखूंगा अगर इस तरह का नाली निर्माण कराया जा रहा है तो वह गलत है ऐसा नहीं होने दिया जाएगा । उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित ठेकेदार की बहुत शिकायत आ रही है अगर वह गलत कार्य करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी ।

सम्मान ग्राम प्रहरियों को साइकिल देकर किया गया सम्मानित

ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग का अभिन्न अंग : एसपी

विश्ववार्ता संवाददाता

श्रावस्ती। रविवार को पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा पुलिस लाइन सभागार में थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित सभी ग्राम प्रभारियों से कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं आदि के बारे में जानकारी ली गई। लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न कराने हेतु सभी को शुभकामनाएं दी गई।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र के 40 ग्राम प्रहरियों को सम्मानित करते हुए *साइकिल* प्रदान किया जिसमें *थाना कोतवाली भिनगा से 11 ग्राम प्रहरी, थाना सिरसिया से 7, थाना गिलौला से 1, थाना सोनवा से 4, थाना इकौना से 7, थाना श्रावस्ती से 2, थाना गिरण्ट से 1, थाना मल्हीपुर से 7 ग्राम प्रहरी सम्मिलित हुए।

ग्राम पहरियों को किया गया साइकिल का वितरण

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित ग्राम प्रहरियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग पुलिस विभाग के अभिन्न अंग है।

गांव स्तर पर बहुत सारी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। जिनको आप लोग सतर्क रहकर तत्काल संबंधित थाने पर सूचित करें। सभी लोग अपने पास थाना प्रभारी, बीट पुलिस अधिकारी सहित उच्चाधिकारीगणों के मोबाइल नंबर अपनी डायरी व मोबाइल में अवश्य फीड करे, जिससे कोई समस्या हो तो तत्काल फोन कर अपने अधिकारियों को समय से अवगत कराया जा सके।

अपने दायित्वों व कर्तव्यों का सही से निर्वहन करते हुए कार्य क्षेत्र में सतर्क नजर रखते हुए अवैध शराब बनाने व क्षेत्र में माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों व चोरी करने वालों पर नजर रखने तथा यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें ।

आपको बता दें, कि ग्राम प्रहरी पुलिस विभाग का अभिन्न अंग है इनके द्वारा क्षेत्र में घटित घटनाओं आदि की जानकारी/सूचना प्रदान की जाती रही है। सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करने तथा ग्राम प्रहरियों की सक्रियता को बढ़ाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा उनसे मुलाकात कर वार्ता की गई तथा अपने कार्यों के प्रति और अधिक सक्रिय रहने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद थे ।

एक नजर

विषखापड़ के काटने से महिला की मौत

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के बहती में रविवार की सुबह घरेलू काम कर रही 55 वर्षीय अधेड़ महिला को विषखापड़ ने काट लिया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बहती गांव निवासी अजयपाल की पत्नी कलावती रविवार की सुबह छह बजे घर की साफ-सफाई कर रही थी। इसी दौरान अचानक बाहर से अंदर आए विषखापड़ ने उसे काट लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो तत्काल उसे सरकारी एबुलेंस ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

महिला ने पी डाई

फतेहपुर। राधानगर थाने के समीप रविवार की सुबह 24 वर्षीय महिला ने डाई पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कल्यानपुर थाने के चंदनपुर गांव निवासी साजन कुमार की पत्नी कृष्णा देवी ने रविवार की सुबह अपने मायके राधानगर थाने के समीप घर पर जान देने के इरादे से डाई पी लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान पति ने बताया कि उसकी पत्नी दूसरे आदमी के साथ रहना चाहती है। इसका विरोध किया तो उसने जहर खा लिया। जबकि इलाज करा रही महिला ने बताया कि आए दिन पति उसके साथ मारपीट करता था। जिसके चलते उसने दूसरे युवक ने संबंध बना लिए हैं।

पिपरमेंट का टैंक फटा, युवक झुलसा

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरी में रविवार की सुबह पिपरमेंट का टैंक फटने से 30 वर्षीय युवक बुरी तरह झुलस गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गौरी गांव निवासी राम कुमार का पुत्र रिंकू का गांव से एक किलोमीटर दूर पिपरमेंट बनाने का प्लांट लगा है। बताते हैं कि आज सुबह वह टैंक का ढक्कन खोल रहा था तभी अचानक टैंक फट गया जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने झुलसे युवक को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया जहां हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

शांति भंग की कार्रवाई

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत रविवार की सुबह अलग-अलग थानों की पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार हुसैनगंज थानाध्यक्ष पांच, थरियांव चार, गाजीपुर दो, कोतवाली एक, बिंदकी एक तथा हथगाम थानाध्यक्ष ने एक पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

जन्मदिन पर रक्तदान

फतेहपुर। जन्मदिन के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस प्रयागराज में कार्यरत और सर्व फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्य निशांत शुक्ला ने अपने जन्मदिन के अवसर पर देर शाम ड्यूटी कर लौटकर रक्तदान करने की इच्छा जाहिर की। तुरंत श्याम रक्तकेन्द्र में पहुंचकर अपना 12 स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान करते समय युवाओं को संदेश दिया कि रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं आती। अगर हमें या किसी आस-पास के लोगों रक्त की अवश्यकता पड़ती है हम सब को रक्तदान के लिए तैयार रहना चाहिये और आगे आकर मदद करनी चाहिए। मदद के लिए शुरुआत हमें ही करनी पड़ेगी। इस मौके पर सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से गुरमीत सिंह व रक्तकेन्द्र से प्रवीण प्रसून श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

गंगा आरती कर दीपदान

फतेहपुर। गंगा बचाओ सेवा समिति एवं नमामि गंगे द्वारा पुर्णिमा पर ओमघाट में गंगा आरती का आयोजन किया गया। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल द्वारा आयोजित गंगा आरती में भक्तों ने दीपदान किया। गंगा आरती में गायत्री परिवार की सुनीता गुप्ता ने कहा कि गंगा नदी को गंदा न करें। हम सबको मिलकर अविरल गंगा निर्मल गंगा का संकल्प लेना होगा। आचार्य अखिलेश तिवारी ने गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे गंगा भक्तों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर आचार्य राम तिवारी, गायत्री परिवार के राम स्वरूप गुप्ता, लक्ष्मी सिंह सुनीता गुप्ता, मधु सिंह, प्रतिमा यादव, विजय लक्ष्मी सिंह, माया, वंदना, अर्चना गुप्ता, श्रद्धा सिंह, कमलेश सिंह, रविन्द्र सिंह, मनोज सोनी, आशीष अग्रहरि, गोविंद कुमार, ओम गुप्ता अनुज गुप्ता अनिल कुमार मौजूद रहे।

जनसंघ संस्थापक की मनाई गई पुण्यतिथि

फतेहपुर। शहर के जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सहित सभी मंडलों व बूथों पर जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने बलिदानी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की। श्री पाल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनसंघ के संस्थापक ने अखंड भारत की परिकल्पना की सिद्धि को सदैव ही संघर्ष किया। एक देश एक विधान, एक निशान को लेकर वह अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहे। हम सभी मुखर्जी जी के बलिदान को सदैव उनके बताए मार्ग पर चलते हुए याद करते रहेंगे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी, अभिषेक श्रीवास्तव, दीपक दुबे सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। असोथर मंडल में जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के पावन बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मुखर्जी जी द्वारा कश्मीर से धारा-370 को हटाने के लिए व्यापक आंदोलन किये गये और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उन्हें अपने प्राण भी त्यागने पड़े। मां भारती की सेवा के लिए वे सदैव याद किए जाएंगे। इस अवसर पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अमित अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष गौरव गौतम, महामंत्री राघवेन्द्र सिंह, निर्मल सिंह चैहान, विवेक मिश्रा, कामता कोविंद सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सुंदरकांड व परायण पक्ष भजन का आयोजन

फतेहपुर। आचार्यकुलम संस्था की ओर से रविवार को सुंदरकांड पाठ व परायण पक्ष भजन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के साथ-साथ क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया। पाठ के समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सुंदरकांड पाठ आचार्य गुरुदेव विनोद शुक्ला के सानिध्य में संपन्न हुआ। श्री सुंदरकांड पाठ पारायण पक्ष भजन में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। सभी ने कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा की। तत्पश्चात प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। इस मौके पर रघुवंश चैबे, संदीप चैबे, सुरेश चैबे, शरद, राहुल चैबे, पुरुषोत्तम चैबे, झल्लू चैबे, हरिशंकर चैबे, नवाब सिंह, भगवान सिंह, सुनील सिंह, अशोक सिंह, सुंदरभान सिंह, शंकर सिंह, राजेंद्र सिंह, लवकुश सिंह, धनी सिंह, बलवान सिंह, रमेश सिंह, पुष्पराज सिंह, लालजी तिवारी उपस्थित रहे। आचार्यकुलम के जिलाध्यक्ष पन्ना आचार्य पुष्पेंद्र ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

अवैध रुप से तेंदू पत्ता लादकर जा रहे पिकअप वाहन को वन विभाग ने पकड़कर किया सीज

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज वन रेंज के जंगलों से अबैध रुप से तेंदू पत्ता को झाल में लादकर लेकर जा रहे पिकअप वाहन को वन विभाग की टीम ने शनिवार को अमदह इंद्रवार मार्ग से पकड़कर कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन को तेंदू पत्ता सहित रेंज परिसर में खड़ा कराते हुए सीज कर दिया है।वहीं पिकअप चालक मौके से फरार बताया जा रहा है।अबैध रुप से तेंदू पत्ता लेकर जा रहे पिकअप वाहन की सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग को दिया मौके पर पंहुची वन विभाग की टीम ने तेंदू पत्ता लदे पिकअप वाहन को पकड़कर कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन को रेंज कार्यालय में खड़ा कराते हुए सीज कर दिया है जबकि पिकअप वाहन मौके से भाग निकला। बताते चलें कि वन विभाग की मिलीभगत से जंगल में अबैध रुप से तेंदू पत्ता का तोड़ान कराकर पिकअप वाहन के माध्यम से भेजा जाता है जिसका वन विभाग द्वारा प्रति महीने सुविधा शुल्क लिया जाता है ग्रामीणों के द्वारा उच्च अधिकारियों के यहां शिकायत करने के बाद मजबूरी में कार्रवाई किया जाता है प्रतिदिन सैकड़ों वाहन तेंदू पत्ता लादकर निकल रहे हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।एक वन रक्षक व दरोगा की मिली भगत से अबैध वसूली का कार्य चल रहा है वन रक्षक इससे पहले भी ड्रमंडगंज रेंज में रह चुका है स्थानीय लोगों ने वन रक्षक के स्थानांतरण की मांग किया है।

गाजीपुर-विजयीपुर सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की आवाज बुलन्द

सड़क संघर्ष समिति ने नरैनी में बैठक कर बनाई रणनीति

विश्ववार्ता संवाददाता

विजयीपुर, फतेहपुर। रविवार को सड़क संघर्ष समिति के पदाधिकारी ने नरैनी चैराहे पर बैठक कर गाजीपुर विजयीपुर सड़क निर्माण के नाम पर हुए भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों की जांच करवाने की मांग उठाई। बैठक में नए बजट पर नियमानुसार सड़क निर्माण पर विस्तृत चर्चा की गई।

गाजीपुर-विजयीपुर सड़क निर्माण के लिए लगातार संघर्षरत सड़क संघर्ष समिति और बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति ने रविवार नरैनी चैराहा के समीप एक बैठक आयोजित की। जहां पर बीआरएस अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने बताया कि सड़क के नवनिर्माण सौन्दरीकरण मरम्मतीकरण के लिए शासन ने लगभग प्रत्येक वर्ष लाखों करोड़ों में बजट दिया है परंतु जिम्मेदारों ने तनिक भी काम न कराते हुए सिर्फ अपना पेट भरने का काम किया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने बताया कि सड़क निर्माण के नाम पर फर्जी रिपोर्ट लगाकर 20 सालों में करोड़ों रुपए का भुगतान कराने वाले अधिकारियों को चिन्हित किया गया है। बहुत जल्द आंदोलन कर ऐसे भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करवाने के लिए आवाज बुलंद की जाएगी।

समिति के संयोजक आशु सिंह ने जनपद भर के जनप्रतिनिधियों अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि हाल ही में इस सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत 89 करोड़ के बजट से कार्यदाई संस्था ने 6 करोड़ से

» करोड़ों खर्च होने के बावजूद सड़क की नहीं बदली सूरत

ज्यादा का बजट निकाल लिया है परंतु अभी भी सड़क में कोई काम नहीं किया गया है सिर्फ सड़क को तोड़कर बिखेर दिया गया है।

सदस्यों ने इस सड़क के नाम पर भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों और जिम्मेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए जल्द ही आंदोलन करने की बात कही। इस मौके पर सत्यदेव पाण्डेय, राजकिशोर शुक्ला, सुशील द्विवेदी, श्याम बिहारी तिवारी, धनंजय दीक्षित, नागेंद्र सिंह, दीपू साहू, अनिल तिवारी, रीतेश कुमार, विजय तिवारी सहित एक सैकड़ा लोग मौजूद रहे।

भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की नगर इकाई के विस्तार का ऐलान

विश्ववार्ता संवाददाता

» नगर क्षेत्र को चार भागों में बांटकर इकाइयों का गठन प्रारंभ

फतेहपुर। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति नगर इकाई का विस्तार होगा। नगर क्षेत्र को चार भागों में बांटकर इकाइयों का गठन प्रारंभ कर दिया गया है। इसका शुभारंभ आबूनगर क्षेत्र से हुआ। सोनू गुप्ता आबूनगर क्षेत्र के प्रभारी बनाए गए। जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ पटका पहनाकर स्वागत किया।

भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की एक बैठक आबूनगर के सत्संग भवन में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता महासमिति के जिलाध्यक्ष नरायण बाबू गुप्ता ने की। अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष नारायण बाबू ने कहा कि समय समय पर संगठन का विस्तार होना आवश्यक है जिससे संगठन में नये नये लोग जुडते हैं और संगठन मजबूत होता है। इसी क्रम में आबूनगर क्षेत्र से प्रारंभ किया गया है और इसके प्रभारी आबूनगर निवासी सोनू गुप्ता को बनाया गया है। उनके कुशल नेतृत्व में आबूनगर क्षेत्र में संगठन मजबूत होगा।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद गुप्त ने कहा कि संगठन में जितने अधिक कार्यकर्ता होंगे संगठन उतना ही अधिक मजबूत होगा।

कार्यकर्ता को अपनी कार्यशैली के आधार पर संगठन में स्थान प्राप्त होता है। महासमिति के संरक्षक संजय गुप्ता ने नवमनोनीत आबूनगर के निवासी सोनू गुप्ता को बधाई देते हुये कहा कि वह अपने कुशल नेतृत्व से अपने सहयोगियों के माध्यम से संगठन को नई उर्जा प्रदान करेंगे। बैठक का संचालन करते हुये महासमिति के जिला महामंत्री साजन गुप्ता ने कहा कि शीघ्र ही नगर क्षेत्र के अन्य क्षेत्रों में बैठके कर क्षेत्रीय प्रभारियों को मनोनीत किया जायेगा साथ ही निर्णय लिया गया कि महासमिति की मासिक बैठक प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को रखी जायेगी जिसमें पूरे नगर एवं जिला पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप से सुशील गुप्ता फौजी, घनश्याम गुप्ता, अंबुज गुप्ता, सौनक गुप्ता, मनीष गुप्ता, अरूण गुप्ता, सुधीर गुप्ता, आनंद गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, वैभव गुप्ता, चंद्रमणि गुप्ता राजू, धनंजय गुप्ता, भरत गुप्ता, मिस्टर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

बाइक दुर्घटना में चालक की मौत साथी गंभीर रूप से घायल

विश्ववार्ता संवाददाता

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बंधैता गांव में शनिवार की देर शाम बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से बाइक सवार युवक व चालक गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां पर मंडलीय चिकित्सालय से बाइक चालक को प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया उपचार के लिए लेकर जाते समय बाइक चालक ने दम तोड दिया।वंही साथी का उपचार मंडलीय चिकित्सालय में चल रहा है।

हलिया थाना क्षेत्र के सुईयां कला गांव निवासी 25 वर्षीय राजबाबू अपने साथी गांव निवासी 19 वर्षीय मनीष के साथ बाइक से कंही गया था कि वापस घर लौट रहा था कि जैसे ही बंधैता गांव में पंहुचा कि अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा जिससे बाइक सवार व चालक दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों कि हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया मंडलीय चिकित्सालय से राजबाबू को प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया उपचार के लिए लेकर जाते समय रास्ते में राजबाबू की मौत हो गई।वहीं मनीष का उपचार मंडलीय चिकित्सालय में चल रहा है है। राजबाबू अपने पिता का एकलौता पुत्र था बाहर रहकर मेहनत मजदूरी कर परिवार का जीविकोपार्जन करता था। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मवई कला महेंद्र कुमार ने बताया कि बाइक दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है जबकि बाइक चालक की मौत हो गई है।

बलिदान दिवस पर एक पेड़ मां के नाम रोपित

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी नगर उत्तर के मंडल कार्यालय पीरनपुर में रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष एवं प्रखर राष्ट्रवादी पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर गमले में एक पेड़ मां के नाम रोपित किया गया।

पौध रोपित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक ने अपना पूरा जीवन एक देश एक विधान व एक निशान के लिए जिया। उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं आ सकता। आज धरती का पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। इसलिए हमें आवश्यकता है कि अधिक से अधिक पौधों को रोपित करें जिससे पर्यावरण संतुलन ठीक रह सके। यही पौधे आगे चलकर वृक्ष का रूप लेंगे और हमें जीवनरूपी आक्सीजन प्रदान करेंगे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी, नमामि गंगे के जिला संयोजक शैलेंद्र शरण सिंपल, बलराम लोधी, रोशन गुप्ता उर्फ महेश, नामित सभासद राजा ठाकुर, सनी सिंह, रणवीर द्विवेदी, अंशुल पाठक, तालिब खान, पुत्तू लाल, पूर्व सभासद सौम्या, शिवम गुप्ता मौजूद रहे।

मांगें जल्दी पूरी न हुईं तो होगा आंदोलन : रामेंद्र

भाकियू टिकैत गुट की मासिक बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने कहा कि यदि किसानों की मांगों को जल्द पूरा न किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन मजबूती के उद्देश्य से कई पदों पर मनोनयन भी किए गए।

भाकियू की मासिक बैठक में भाग लेते प्रदेश अध्यक्ष व अन्य।

नहर कालोनी परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने हिस्सा लिया। बैठक में उपस्थित किसानों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी।

तत्पश्चात मांग उठाई गई कि शाह से शमदाबाद फीडर में विद्युत सप्लाई चालू करवाई जाए, विकास खंड खजुहा में रिंद नदी में कछूडेरा व रामपुर के बीच पुल का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाए, किसान दिवस, तहसील दिवस एवं थाना दिवस में दिए गए आवेदनों में केवल खानापूरी की जाती है। समस्याओं का समुचित एवं संतोषजनक समाधान कराए जाने की व्यवस्था की जाए, दसवां मील टोल प्लाजा में अवैध ढंग से टोल टैक्स की वसूली पर तत्काल रोक लगाई लाए। पाई गांव के किसान रविकरन सिंह की आत्महत्या मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए, नेशनल हाईवे-2 में ग्राम कल्यानपुर के पास रोड क्रासिंग हेतु ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया जाए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसान तमाम समस्याओं से जूझ रहा है लेकिन जिला प्रशासन द्वारा सुनवाई नही की जा रही है, जिसे संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। बैठक के पश्चात गुड्डू लोधी को युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष, देवनारायण पटेल को मंडल महासचिव प्रयागराज व अंकुश मौर्य को युवा अध्यक्ष तेलियानी नियुक्त किया गया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह गौर, राम सहाय पटेल, पप्पू सिंह, नवल सिंह पटेल, छोटेलाल सोनकर, नागेंद्र यादव, सुरेंद्र पटेल, दिनेश शुक्ला, यदुनंदन आर्य, बच्चीलाल मौर्य, गुलाम शेख, जितेंद्र त्रिपाठी, अजीत उत्तम, अखिलेश सिंह, सुनील पासवान, कृष्णपाल सिंह भी मौजूद रहे।

डिजिटल वसूली से कोई भला नहीं : मनोज श्रीवास्तव

विश्ववार्ता संवाददाता

मिर्जापुर। जनता को समस्याओं के मकड़ जाल में ठेल कर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रसन्न है। बोर्ड का गठन एक वर्ष से अधिक व्यतीत होने के बाद नगर में समस्याओ का अम्बार पहले से और बढ़ गया। एक वर्ष का रिपोर्ट कार्ड में बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। केवल मुफ्त की रेवड़ी के तहत वाई फाई देने और डिजिटल वसूली की योजना शामिल है। जिससे आम आदमी का कोई भला नही होने वाला है। डिजिटल नगर पालिका परिषद गरीब, असहाय झुग्गी,झोपड़ी वालो के साथ क्रूर मजाक हैं।

विगत एक वर्ष में नगर की जनता को कोई राहत नही मिला। जर्जर गली, सड़क, गंदगी, बजबजाती नालिया, विभिन्न मार्गो पार बंद स्ट्रीट लाइट नगर पालिका परिषद की व्यवस्था को आईना दिखा रही हैं। विगत अनेक वर्षो से जौनपुर तिराहा नटवा इलाके में रेलवे अंडर ब्रिज, दूधनाथ चुंगी अंडर ब्रिज रोड़ और विंध्याचल अनाथ आश्रम के पास जल जमाव से आवागमन बाधित होता है घंटो घंटो जाम लगता है।वर्षा के दिनों में लोगो का चलना फिरना कष्ट दायक होता है दर्शनार्। विंध्याचल आने वाले भक्तों के राह में जल जमाव मुसीबत खड़ा कर देता है। इसके बावजूद आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। विंध्य धाम में सफाई व्यवस्था राम भरोसे हैं। गंदे पानी से होकर भक्तों को जाना पड़ता है। वह भी तब जब विंध्य कॉरिडोर सज रहा है। नगर के तालाब, पोखरों को संरक्षित रखने के बजाय उन्हें पाटा जा रहा है। शुक्लहा में पोखरा पाट कर कार्यालय बना दिया गया। इसी प्रकार बथुआ में पोखरा को पाट कर शौचालय बना दिया गया है। नगर में सौंदर्यीकरण के नाम पर केवल धन की लूट की गई । नगर के चैराहे आज भी जस के तस है। नगरीय सुविधा के नाम पर नगर में अब तक रिक्सा, ई रिक्सा पार्किंग स्थल न होने से लोगों को जाम से जूझना पड़ रहा है। नगर पालिका प्रशासन से विनम्र शब्दों में निवेदन कर रहा हूं कि अपने जिम्मेदारी का ईमानदारी से पालन करके वर्षा काल खण्ड को ध्यान में रखकर नगर वाशियों की समस्या का समाधान करें । अन्यथा नगर की जनता एक बड़ा जन आंदोलन केलिए बाध्य होगी। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से रवि पुरवार , रवि शंकर साहू आनंद अग्रवाल ,अनिल गुप्ता ,दीपक श्रीवास्तव, राजेश सिन्हा ,मनोज दमकल ,पंकज दुबे ,अखिलेश अग्रहरी इत्यादि ।

भूमि विवाद कर रहे पांच लोगों को एसडीएम ने शांतिभंग में भेजा जेल

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव में शनिवार की देर शाम भूमि विवाद के मामले में एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने कुल पांच लोगों को न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया है। बंजारी कला गांव निवासी रिंकू केशरी व कृष्णकांत केशरी द्वारा भूमि विवाद को लेकर झगड़ा फसाद किया जा रहा था कि सूचना मिलने पर मौके पर पंहुची ड्रमंडगंज पुलिस ने दोनों पक्षों से पांच लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग के अंदेशा में एसडीएम लालगंज के न्यायालय में पेश किया जंहा पर एसडीएम ने हिरासत में लेते हुए रिंकू केशरी, कृष्णकांत केशरी, शिवसहाय केशरी, गुलाब केशरी कृष्ण कुमार केशरी को जेल भेज दिया है।

एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने बताया कि भूमि विवाद में अशांति फैलाने एंव संज्ञेय अपराध होने की संभावना के दृष्टिकोण से थाना ड्रमंडगंज के बंजारी कला गांव के पांच लोगों को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले सीधे जेल जायेंगे कार्रवाई होगी। एसडीएम के इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

हर घर नल जल योजना हो रही छलावा टोंटी के बाद भी नहीं शुरू हुई आपूर्ति

विश्ववार्ता संवाददाता

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड के अहुगी कला पेयजल आपूर्ति योजना के तहत संचालित किये जा रहे हर घर नल जल योजना के लिए ग्राम पंचायत राजपुर के मुस्लिम बस्ती व डूहिया बस्ती में करोड़ों रुपए की भारी रकम खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को हर घर नल जल योजना के तहत लगाई गई टोंटी से पेयजल आपूर्ति नहीं शुरू हुई है जिससे पेयजल की बूंद बूंद के लिए ग्रामीण तरफ रहे हैं। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल पेयजल आपूर्ति टोंटी के माध्यम से शुरू कराए जाने की मांग किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि हर घर नल जल योजना के तहत कनेक्शन देकर टोंटी लगा दिया गया लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी टोंटी में पानी नहीं आ रहा है जिससे पेयजल के लिए विकट स्थिति बन गई है एक हैंडपंप के सहारे डूहिया बस्ती के लोग गले का प्यास बुझा रहे हैं।

कुआं सुख गये है।इसी प्रकार मुस्लिम बस्ती में भी एक हैंडपंप से लोग पानी पी रहे है। लेकिन शिकायत करने के बाद भी टोंटी से पेयजल आपूर्ति शुरू नही हो सकी है।इस संबंध में कार्यदाई संस्था एनसीसी के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर जीतेंद्र कुमार ने बताया कि टोंटी से पेयजल आपूर्ति अगर नहीं शुरू हुई है तो जल्द ही पेयजल आपूर्ति शुरू कराई जायेगी।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 172 का उपचार

विश्ववार्ता संवाददाता

हलिया (मिर्जापुर)। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मतवार,ड्रमंडगंज, बरौंधा में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में आने वाले मरीजों का निःशुल्क उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा कामेश्वर तिवारी के देखरेख में संपन्न हुए मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 53 मरीजों का उपचार किया गया है।इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंड गंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर बालकृष्ण के देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें कुल 63 मरीजों का उपचार किया गया है।इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन स्टाफ नर्स माया के देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें कुल 56 मरीजों का उपचार घर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। शासन द्वारा प्रत्येक रविवार को नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन कर लोगों का उपचार कर दवा वितरित किया जाता है। इस दौरान आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डा प्रियंका यादव, अरविंद कुमार, मनोज कुमार, आदि मौजूद रहे।

बंदी क्षय रोगियों को बांटी पोषण सामग्री

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर चेयरमैन ने जिला कारागार में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत गोद लिए चार बंदी क्षय रोगियों को पोषण सामग्री वितरण व महिला बंदियों के साथ रहने वाले सात बच्चों को खाद्य सामग्री का वितरण किया।

डॉ अनुराग ने चार नए बंदी क्षय रोगियों केशनदास, शिवम शर्मा, छेदीलाल, राजकुमार को पोषण सामग्री मूंगफली के दाने, सत्तू, चना, गुड़, प्रोटीन पाउडर प्रदान किया गया। जेल अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान ने इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किये जा रहे सेवाकार्यों की सराहना की गई। चेयरमैन सहित सभी कार्यकारिणी एवं आजीवन सदस्यों सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी। साथ ही जेल अधीक्षक ने डॉ अनुराग द्वारा की जा रही सामाजिक सेवाओं हेतु माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जेल हेडवार्डर संक्रान्त यादव, महिला सिपाही अंशू सिंह, फ़ार्मासिस्ट संजीव कुमार वर्मा व प्रमुख सहयोगी सुरेश श्रीवास्तव सदस्यता प्रमुख इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में विशेषज्ञों का मस्तिष्क विकास व संवेदनशील परवरिश पर जोर

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। जीवन के प्रथम 1000 दिवस की चार दिवसीय तकनीकि प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हो गया। प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन मुख्य चिकित्साधिकारी स्वास्थ्य डा. इश्तियाक अहमद एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पुष्टाहार विभाग साहब यादव की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यशाला में प्रारंभिक बाल्यावस्था के दौरान संवेदनशील परवरिश एवं मस्तिष्क विकास हेतु सीखने के अवसरों को बढ़ाने से संबंधित विषयों पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए साथ ही विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण करने के लिए मानव संसाधन विकास की रणनीतियों अंतर्गत जिले के पांच ब्लॉकों तेलियानी, भिटौरा, मलवां, हसवा और आकांक्षात्मक ब्लॉक हथगाम से आए प्रतिभागियों को वैन लीर फाउंडेशन एवं विक्रमशिला एजूकेशन रिसोर्स सोसाइटी के संयुक्त प्रयास से कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए गहन प्रशिक्षण दिया गया। इस

पहल का उद्देश्य गर्भवती, स्तनपान कराने वाली महिलाओं एवं साथ ही 0-2 वर्ष के बच्चों के देखभालकर्ताओं को प्रारंभिक बाल्यावस्था में संवेदनशील देखभाल, सीखने के अवसरों को बढ़ाने के बारे में उन्नत जानकारी प्रदान करना है। समापन पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. इश्तियाक अहमद ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण में आये समस्त प्रतिभागियों से कहा कि इस प्रशिक्षण श्रृंखला में तीन पृथक-पृथक बैचों में लगभग 185 मुख्य प्रशिक्षकों को तैयार किया जा रहा है जो इस प्रशिक्षण के उपरान्त सम्पूर्ण जलि के लगभग 6 हजार से अधिक जमीनी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे। तकनीकि प्रशिक्षक की मुख्य भूमिका निभा रहे प्रभारी चिकित्साधिकारी पोषण पुनर्वास केंद्र जिला अस्पताल से डॉ. रघुनाथ सिंह ने अपने सत्र के दौरान बताया कि एक नवजात शिशु मस्तिष्क में लगभग 100 अरब न्यूरॉन्स के साथ जन्म लेता है। जन्म के बाद, शिशु के मस्तिष्क में न्यूरॉन्स के बीच सिनैप्टिक कनेक्शन तेजी से बनते हैं।

पहले कुछ वर्षों में, यह संख्या उच्चतम स्तर तक पहुँच जाती है, जो कि बाद में अनुभव व सीखने के अवसरों के आधार पर कुछ कम हो जाती है। मेडिकल कालेज के सह आचार्य डा प्रज्ञाश्री ने अनीमिया एवं कुपोषण से जूझ रही महिलाओं को विशेष प्राथमिकता देने पर जोर दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र के दौरान राज्य प्रमुख साक्षी पवार, जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुभव गर्ग, विषय विशेषज्ञ पोषण एवं स्वास्थ्य सोनल रूबी राय, विषय विशेषज्ञ प्रारंभिक बाल्य विकास आर्यन कुशवाहा, परियोजना अधिकारी प्रशांत पंकज एवं अनामिका पांडेय द्वारा समस्त विभागीय अधिकारियों एवं समस्त ब्लाकों से आये प्रतिभागियों के सक्रीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

एक नजर

गौतम अडाणी को 9.26 करोड़ वेतन मिला

अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी को वित्त वर्ष 2023-24 में टोटल 9.26 करोड़ रुपए वेतन के रूप में मिला है। गौतम अडाणी का वेतन सुनील भारती मित्तल (2022-23 में 16.7 करोड़), राजीव बजाज (53.7 करोड़), पवन मुंजाल (80 करोड़), एलएंडटी के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन और इन्फोसिस के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (CEO) सलिल एस पारेख की तुलना में काफी कम है। ग्रुप की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (AEL) ने वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी को 2.19 करोड़ रुपए वेतन और अन्य भत्तों के रूप में 27 लाख रुपए दिए। AEL की एनुअल रिपोर्ट के अनुसार, 2.46 करोड़ रुपए का उनका टोटल वेतन पिछले वित्त वर्ष यानी 2022-23 की तुलना में 3% ज्यादा है। इसके अलावा गौतम अडाणी को अडाणी पोर्ट्स एंड SEZ लिमिटेड से 6.8 करोड़ रुपए का वेतन मिला। ब्लूमबर्ग की रियलटाइम बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक, गौतम अडाणी दुनिया के चौदहवे सबसे अमीर व्यक्ति हैं। 23 जून को इनकी पर्सनल नेटवर्थ 8,85,767 करोड़ है। गौतम से ऊपर इस लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मालिक मुकेश अंबानी 12वें नंबर पर हैं। अंबानी का नेटवर्थ 9,27,549 करोड़ है।

सैमसंग गैलेक्सी S24 अल्ट्रा टाइटेनियम येलो कलर में लॉन्च



सैमसंग ने अपनी सबसे पावरफुल स्मार्टफोन सीरीज S24 के सबसे तगड़े फोन गैलेक्सी S24 अल्ट्रा को टाइटेनियम यलो कलर ऑप्शन के साथ लॉन्च कर दिया है। फोन अब कुल 7 कलर ऑप्शन के साथ अवेलेबल है। इसमें टाइटेनियम ग्रे, टाइटेनियम ब्लैक, टाइटेनियम वॉयलेट, टाइटेनियम ब्लू, टाइटेनियम ग्रीन और टाइटेनियम ऑरेंज शामिल है। स्मार्टफोन नोट असिस्ट, चैट असिस्ट, रियल-टाइम लैंग्वेज ट्रांसलेशन, सर्कल टू सर्च जैसे कई एडवांस्ड AI फीचर के साथ आता है।

कावासाकी निंजा 650 नए कलर ऑप्शन के साथ लॉन्च

टू-व्हीलर मेकर कंपनी कावासाकी ने आज (22 जून) अपनी पॉपुलर स्पोर्ट्स बाइक कावासाकी निंजा 650 को दो नए कलर ऑप्शन के साथ अपडेट किया है। इसमें कैंडी स्टील फर्नेस ऑरेंज + मेटेलिक स्पार्क ब्लैक + मेटेलिक रॉयल पर्पल और मेटेलिक मैट ओल्ड स्कूल ग्रीन + मेटेलिक स्पार्क ब्लैक कलर कॉम्बिनेशन शामिल है। कंपनी ने हाल ही में बाइक के 2025 मॉडल को ग्लोबल मार्केट में लॉन्च किया था। इसे भारत में अपकमिंग फेस्टिव सीजन में पेश किया जाएगा। इसके अलावा कंपनी ने निंजा 650 KRT एडिशन भी पेश किया है, जिसमें कावासाकी रेसिंग टीम की ड्रेस और ग्राफिक्स शोकेस किए गए हैं।

इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में

9.4 ओवर में चेज किया 116 रन का टारगेट; क्रिस जॉर्डन ने हैट्रिक ली

एजेंसी

मुंबई ।इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपने आखिरी सुपर-8 मुकाबले में अमेरिका को 10 विकेट से हराया। इंग्लिश टीम ने 116 रन का टारगेट 9.4 ओवर में ही चेज कर लिया। इस जीत के साथ डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई हो गई। इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी है। ऐसे में ग्रुप-2 आखिरी मैच नॉकआउट हो गया है। इसे जीतने वाली टीम टॉप-4 में पहुंच जाएगी।

ब्रिजटाउन में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर फील्डिंग का फैसला किया। इंग्लिश गेंदबाजों ने कप्तान बटलर के फैसले को सही साबित करते हुए अमेरिकी टीम को 18.5 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट कर दिया। फिर कप्तान जोस बटलर और फिल सॉल्ट की ओपनिंग जोड़ी ने 116 रन का टारगेट महज 9.4 ओवर में ही चेज कर लिया। इंग्लैंड की ओर से क्रिस जॉर्डन ने हैट्रिक ली। उन्होंने 19वें ओवर में कोरी एंडरसन, अली खान, नोशतुश केंजीगे और सौरभ नेत्रवल्कर के विकेट लिए। वे इस वर्ल्ड कप में हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले पैट कमिंस दो बार यह कारनामा कर चुके हैं। रन चेज में कप्तान जोस बटलर ने 38 बॉल पर 6 चौके और 7 छक्कों के सहारे नाबाद 83 रन बनाए, जबकि फिल सॉल्ट ने 21 बॉल पर दो चौकों की मदद से नाबाद 25 रन बनाए। दोनों के बीच 59 बॉल पर नाबाद 117 रन की ओपनिंग साझेदारी हुई। अमेरिका की ओर से नीतीश कुमार ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। कोरी एंडरसन ने 29 रन की पारी खेली। जॉर्डन के अलावा, आदिल रशीद और सैम करन ने 2-2 विकेट झटके, जबकि रीस टॉप्ली और लियाम लिविंगस्टोन को एक-एक विकेट मिला।

बटलर के चौके से जीता इंग्लैंड

जोस बटलर ने 10वां ओवर डाल रहे शैडली वान शल्कविक के ओवर की चौथी बॉल पर चौका जमाकर इंग्लैंड को जीत दिला दी है। इंग्लिश टीम ने 9.4 ओवर में 116 रन का टारगेट चेज कर लिया है। जोस बटलर नाबाद 83 और फिल सॉल्ट 25 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों ने 117 रन की साझेदारी की।

बटलर ने नेत्रवल्कर के ओवर में लगातार तीन बाउंड्री लगाई

116 रन चेज कर रही इंग्लिश टीम ने तेज शुरुआत की है। टीम ने 3 ओवर में बिना नुकसान के 25 रन बना लिए हैं। बटलर ने तीसरा ओवर डाल रहे सौरभ नेत्रवल्कर के ओवर में लगातार तीन बाउंड्री लगाई। इनमें एक चौका और दो छक्के शामिल रहे।

बजरंग पूनिया दो महीने में दूसरी बार सस्पेंड

एंटी-डोपिंग एजेंसी ने सैंपल नहीं देने की वजह से नोटिस दिया, 11 जुलाई तक जवाब मांगा

एजेंसी

मुंबई । नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (NADA) ने पहलवान बजरंग पूनिया को सस्पेंड कर दिया है और साथ ही नोटिस भी भेजा है। बजरंग पूनिया ने मार्च में सोनीपत में हुए नेशनल ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना सैंपल नहीं दिया था, जिसके बाद NADA ने यह एक्शन लिया है। नोटिस के खिलाफ जवाब देने के लिए बजरंग पूनिया के पास 11 जुलाई तक का समय है। इससे पहले, 5 मई को भी NADA ने उन्हें सस्पेंड कर दिया था। जब पिछली बार NADA ने बजरंग को निलंबित किया था, तो उनका निलंबन तीन हफ्ते बाद एंटी डोपिंग डिसिप्लिनरी पैनल ने रद्द कर दिया था, क्योंकि उन्हें नोटिस जारी नहीं किया गया था। अब NADA ने निलंबन के साथ-साथ बजरंग पूनिया को नोटिस भी जारी किया है।

10 मार्च को ओलिंपिक गेम्स में हिस्सा लेने के लिए हुए एशियन क्वालिफायर्स के नेशनल ट्रायल्स के दौरान NADA ने बजरंग से सैंपल देने के लिए कहा था। लेकिन, बजरंग ने सैंपल देने से इनकार कर दिया।

अफगानिस्तान ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया

वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा उलटफेर, 149 रन चेज नहीं कर सके कंगारू, जीत के 4 हीरो

एजेंसी

मुंबई । राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा उलटफेर किया। एक बार टी-20 और 6 बार वनडे वर्ल्ड कप जीत चुकी ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान ने सुपर-8 मैच में हरा दिया है। क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया पर अफगानिस्तान की यह पहली जीत है।

वेस्टइंडीज के किंग्सटाउन में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और अफगानिस्तान की टीम को 148 रन पर रोक दिया। लेकिन गुलबदीन नाइब ने 4 विकेट लेकर कंगारुओं से जीत छीन ली। ऑस्ट्रेलिया 127 रन पर ऑलआउट हो गई।

इस मैच में सबकुछ हुआ। हैट्रिक लगी, रनआउट के चांस छूटे, फील्डर्स ने असंभव से कैच पकड़े। पहली गेंद से आखिरी गेंद तक किसी क्रिकेट फैन की नजर मैच से हटी नहीं। और नतीजे ने सभी को चौंका दिया।

गुलबदीन नाइबः राशिद खान ने जब गुलबदीन नईब को गेंदबाजी दी, तब तक वे 7 गेंदबाजों को आजमा चुके थे। ऑस्ट्रेलिया 10 ओवर में 70 रन बना चुका था। ग्लेन मैक्सवेल 31 और मार्कस स्टोइनिस 11 रन बनाकर जम चुके थे। तीसरी ही गेंद पर गुलबदीन ने शॉर्ट बॉल पर स्टोइनिस का विकेट लिया। स्टोइनिस को इतने ज्यादा बाउंस की उम्मीद नहीं थी, उन्होंने शॉट खेला और गेंद हवा में चली गई। विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज ने अच्छा कैच पकड़ा। गुलबदीन 13वां ओवर लेकर आए तो टिम डेविड को इनस्विंगर पर अपना शिकार बनाया। DRS में टिम डेविड LBW आउट करार दिए गए। 15वें ओवर में गुलबदीन ने ऑस्ट्रेलिया को सबसे बड़ा झटका दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को जीत की ओर ले जा रहे ग्लेन मैक्सवेल को आउट किया। नूर अहमद ने बैकवर्ड पॉइंट पर उनका शानदार कैच लपका। 17वें ओवर में गुलबदीन ने पैट कमिंस को बोल्ड कर जीत की उम्मीदें खत्म कर दीं। गुलबदीन ने 4 ओवर में सिर्फ 20 रन दिए और 4 विकेट लिए।

जीत के हीरो

रहमानुल्लाह गुरबाजः अफगानी ओपनर गुरबाज ने 60 रन की पारी खेली। 49 गेंदों पर खेली गई इस पारी का स्ट्राइक रेट 122 का था। गुरबाज ने 4 चौके और 4 सिक्स लगाए। अफगानिस्तान को फाइटिंग टोटल तक पहुंचाने में गुरबाज का बड़ा रोल रहा।

GST के दायरे में लाने पर 75 रुपए लीटर पेट्रोल!

अभी हर लीटर पर 35 रुपए तक कमा रही सरकारें

एजेंसी

मुंबई ।आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट देखने को मिल सकती है। सरकार पेट्रोल-डीजल को GST के दायरे में लाने पर विचार कर रही है। अगर ऐसा होता है तो पेट्रोल और डीजल की कीमत में 20 रुपए लीटर तक की कमी देखने को मिल सकती है। यानी दिल्ली के हिसाब से इनकी कीमत 75 रुपए लीटर पर आ जाएगी। कल यानी 22 जून को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने GST काउंसिल की मीटिंग की। इसमें वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार पेट्रोल और डीजल को GST के दायरे में लाने के लिए तैयार है। अब राज्यों को इस बारे में फैसला लेना है। राज्यों को साथ आकर इसकी दरें तय करनी हैं। अभी जब आप दिल्ली में 94.72 रुपए का एक लीटर पेट्रोल डलवाते हैं तो इसमें से 35.29 रुपए टैक्स के रूप में केंद्र और राज्य सरकार की जेब में जाता है। यानी आपको 59.43 रुपए का ही पेट्रोल मिला। इससे आम लोगों की जेब खाली होती है, वहीं, सरकार का खजाना तेजी से भरता है।

» महाराष्ट्र में सबसे महंगा है पेट्रोल -डीजल वहीं पोर्ट ब्लेयर में सस्ता

अभी हर राज्य अपने हिसाब से पेट्रोल और डीजल पर टैक्स लगाता है। केंद्र भी अपनी ड्यूटी और सेस अलग से वसूल करता है। पेट्रोल-डीजल का बेस प्राइस अभी 55.46 रुपए है। इस पर केंद्र सरकार 19.90 रुपए एक्साइज ड्यूटी ले रही है। इसके बाद राज्य सरकारें अपने हिसाब से वैट और सेस वसूलती हैं। इससे इनकी कीमत बेस प्राइस से करीब 2 गुना तक बढ़ जाती हैं। अगर सरकार पेट्रोल-डीजल GST के दायरे में लाती है, तो इनकी कीमतों में 20 रुपए लीटर तक की कमी देखने को मिल सकती है। इसके अलावा पूरे देश में पेट्रोल-डीजल के दाम लगभग एक जैसे हो जाएंगे। जैसे भी दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए लीटर और डीजल 87.62 रुपए लीटर है। वहीं मध्यप्रदेश के भोपाल में पेट्रोल 106.47 रुपए लीटर डीजल 91.84 रुपए लीटर है।

केनरा बैंक का ऑफिशियल X अकाउंट हैक, हैकर ने नाम बदला

» बैंक ने यूजर्स को कुछ भी पोस्ट ना करने की सलाह दी

एजेंसी

मुंबई ।पब्लिक सेक्टर लेंडर केनरा बैंक का सोशल मीडिया अकाउंट हैक हो गया। कंपनी ने आज यानी रविवार को इसकी जानकारी दी है। कंपनी ने बताया कि उसके ऑफिशियल X हैंडल @CanaraBank_X, से छेड़छाड़ की गई है।

बैंक ने कहा, 'सभी संबंधित टीमें मामले की जांच कर रही हैं और जल्द से जल्द केनरा बैंक X हैंडल तक पहुंच हासिल करने के लिए एक्स के साथ मिलकर काम कर रहा है।' बैंक ने अपने यूजर्स और ग्राहकों से कहा कि वे @CanaraBank_X पेज पर कुछ भी पोस्ट न करें। पिछले हफ्ते एक्सिस बैंक का अकाउंट हैक हुआ थाबैंक के मुताबिक हैकर ने बैंक के ऑफिशियल X हैंडल का नाम बदलकर 'ether.fi' कर दिया था। इसके अलावा लोकेशन को बदलकर केमैन आइलैंड कर दिया गया था। करीब एक सप्ताह पहले एक्सिस बैंक का ऑफिशियल X हैंडल हैक हो गया था। हैकर ने ऑफिशियल अकाउंट का नाम हटा कर उसकी जगह फुल स्टॉप लगा दिया था।

टॉप-10 कंपनियों में 3 की वैल्यू रुपए 1.06 लाख करोड़ बढ़ी

HDFC और ICICI बैंक टॉप गेनर रिलायंस का मार्केट-कैप रुपए 32,271 करोड़ कम हुआ

एजेंसी

मुंबई । बीते कारोबारी हफ्ते मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की टॉप-10 कंपनियों में से 3 का मार्केट कैप कंबाइंड रूप से 1,06,125.98 करोड़ (1.06 लाख करोड़) बढ़ा है। इस दौरान HDFC बैंक मार्केट का टॉप गेनर रहा है।

इसके वैल्यूएशन में 52,092 करोड़ का इजाफा हुआ है। अब इसका मार्केट कैप 12.67 लाख करोड़ हो गया है। इसके अलावा, ICICI बैंक का 36,119 करोड़ बढ़कर 8.14 लाख करोड़ और इंफोसिस का मार्केट कैप 17,915 करोड़ बढ़कर 6.36 लाख करोड़ हो गया है। 32,271 करोड़ गिरी रिलायंस की मार्केट वैल्यू वहीं, इस दौरान इस लिस्ट की 7 कंपनियों का मार्केट कैप 1,01,769 करोड़ गिरा है। इसमें टॉप लूजर रिलायंस इंडस्ट्रीज रही है। इसके वैल्यूएशन में 32,271.31 करोड़ की कमी आई है। रिलायंस के अलावा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS), भारती एयरटेल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI), LIC, हिंदुस्तान यूनिलीवर (HUL) और ITC के मार्केट वैल्यूएशन में गिरावट हुई है।

» ICICI बैंक का 36,119 करोड़ बढ़कर 8.14 लाख करोड

पिछले हफ्ते 641 अंक बढ़ा सेंसेक्स

पिछले हफ्ते सेंसेक्स में 217.13 अंक या 0.28 की तेजी रही थी। वहीं, हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार 21 जून को निफ्टी ने 23,667 का रिकॉर्ड स्तर छुआ। हालांकि, दिनभर के दिनभर के कारोबार के बाद यह नीचे आया और 65 अंक की गिरावट के साथ 23,501 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं, सेंसेक्स में भी 269 अंक की गिरावट रही, ये 77,209 के स्तर पर बंद हुआ। इसके 30 शेयरों में 20 में गिरावट और 10 में तेजी देखने को मिली। सरकारी बैंक के शेयर्स में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली।

सोनाक्षी की शादी में पहुंचे शत्रुघ्न सिन्हा

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने शादी कर ली है। सोनाक्षी के बांद्रा स्थित अपार्टमेंट में दोनों की सगाई और फिर रजिस्टर्ड मैरिज हुई है। इसके बाद मुंबई के दादर स्थित शिल्पा शेट्टी के रेस्टोरेंट बैस्टियन में रिसेप्शन पार्टी होगी, जिसमें करीब 1000 गेस्ट शामिल होंगे। बैस्टियन रेस्टोरेंट में रिसेप्शन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। जहीर के मेकअप आर्टिस्ट राजू नाग ने दैनिक भास्कर से बातचीत में बताया है कि शादी का पहला कार्ड सलमान खान को गया है। वेब सीरीज 'हीरामंडी' की पूरी स्टार कास्ट भी रिसेप्शन पार्टी में शिरकत कर सकती है।

1000 गेस्ट, बैस्टियन रेस्टोरेंट में तैयार हुआ रेड कार्पेट

शाम को होने वाली इस पार्टी में डीजे गणेश परफॉर्म करेंगे। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि सिन्हा बैस्टियन रेस्टोरेंट में प्राइवेट पार्टी होस्ट करेंगी। इस पार्टी में तकरीबन 1000 गेस्ट इनवाइट किए गए हैं। पार्टी में डीजे गणेश सुबह 4 बजे तक बॉलीवुड मिक्स प्ले करेंगे।

शादी में शामिल होंगे हनी सिंह

रैपर हनी सिंह सोनाक्षी की शादी में शामिल होने के लिए लंदन से इंडिया आ चुके हैं। हनी ने कुछ दिनों पहले ही सोनाक्षी-जहीर की शादी की खबरें कन्फर्म करते हुए कहा था कि वो अपनी बेस्ट फ्रेंड सोनाक्षी की वेडिंग पार्टी जरूर अटैंड करेंगे। हनी ने बताया था कि सोनाक्षी ने मुश्किल वक्त में उनकी मदद की थी।

लंदन में बेबीमून मनाते नजर आए रणवीर-दीपिका

बॉलीवुड के पावर कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह इन दिनों लंदन में हैं। दोनों वहां अपना बेबीमून सेलिब्रेट कर रहे हैं। सितंबर में पैरेंट्स बनने जा रहे कपल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो में दोनों लंदन के एक कैफ से एक-दूसरे का हाथ पकड़े बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। इस दौरान कपल के साथ उनके तीन बॉडीगार्ड भी मौजूद थे। इस मौके पर दीपिका डेनिम जींस के साथ ब्लैक कार्डियन पहने नजर आईं। इसके साथ उन्होंने सनग्लासेस और स्नीकर्स पेयर किए। वहीं रणवीर ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंटेड शर्ट और ब्लैक ट्राउजर्स में दिखाई दिए। कपल बीते गुरुवार को ही मुंबई एयरपोर्ट से लंदन रवाना हुए थे। दीपिका 6 महीने की प्रेग्नेंट हैं और सितंबर में अपना फर्स्ट बेबी एक्सपेक्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस ने इस साल फरवरी में सोशल मीडिया के जरिए ही अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी। लंदन जाने से ठीक एक दिन पहले दीपिका ने मुंबई में हुए अपकमिंग 'कल्कि 2898 AD' के प्री-रिलीज इवेंट में शिरकत की थी। वर्क फ्रंट पर दीपिका की अगली फिल्म 'कल्कि 2898 AD' है। इसमें उनके साथ अमिताभ बच्चन, प्रभास, कमल हासन और दिशा पटानी जैसे कलाकार नजर आएंगे। नाग अश्विन निर्देशित यह फिल्म 27 जून को थिएटर्स में रिलीज होगी। इसके अलावा एक्ट्रेस रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में भी नजर आएंगी। वहीं रणवीर की पिछली फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' थी। वो इन दिनों फरहान अख्तर की 'डॉन 3' की तैयारियों पर जुटे हैं।

दीपिका ने मुंबई में हुए अपकमिंग 'कल्कि 2898 AD' के प्री-रिलीज इवेंट में शिरकत की थी

बॉडी शेमिंग पर भड़कीं स्वरा भास्कर

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर बॉडी शेमिंग किए जाने पर भड़क गई हैं। दरअसल, हाल ही में एक सोशल मीडिया यूजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर स्वरा की पुरानी और नई तस्वीर शेयर करके उनका लुक कंपेरिजन किया था। स्वरा इससे पहले भी सोशल मीडिया यूजर नलिनी की क्लास लगा चुकी हैं जो कि पेशे से खुद को फूड ब्लॉगर बताती हैं। कुछ दिनों पहले नलिनी ने अपने खाने की प्लेट का फोटो शेयर किया था जिसमें पनीर और फ्राइड राइस रखा था। नलिनी ने फोटो शेयर करते हुए लिखा था, 'मुझे वेजिटेरियन होने पर गर्व है। मेरी प्लेट आंसुओं, क्रूरता और पाप से मुक्त है।'

सोशल मीडिया यूजर ने उनकी फोटो शेयर कर पूछा-ये खाती क्या है?

स्वरा ने इस पोस्ट को रीशेयर करते हुए लिखा- 'सच कहूं तो। मुझे वेजिटेरियन लोगों की एक बात समझ नहीं आती। आप लोगों की सारी डाइट गायों को जबरन गर्भवती कराकर, फिर उन्हें उनके बच्चों से अलग करने और उनका दूध चुराने से बनती है। इसके अलावा आप जड़ वाली सब्जियां खाते हैं, जिससे पूरा पौधा ही खत्म हो जाता है। रिलैक्स करिए, बहुत ज्यादा सवाल-जवाब करने की जरुरत नहीं है, क्योंकि बकरीद है।' उनके इस कमेंट पर कई यूजर्स ने उन्हें ट्रोल भी किया था। स्वरा पिछले दिनों इंडस्ट्री में साइडलाइन किए जाने वाले बयान की वजह से भी सुर्खियों में थीं।

ईशा कोप्पिकर

बड़े हीरो के साथ काम करने में कंफर्टेबल नहीं थी

ईशा कोप्पिकर ने हाल ही में बॉलीवुड में अपने स्ट्रगलिंग फेज और चुनौतियों पर बात की। उन्होंने ये भी कहा कि बड़ी उम्र के हीरो के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस करने में उन्हें कितना अनकंफर्टेबल महसूस होता है। एक इंटरव्यू में ईशा ने कहा कि ऐसा करने पर उन्हें लगता था कि जैसे वो अपने पिता को गले लगा रही हैं। सिद्धार्थ कानन को दिए इंटरव्यू में ईशा ने कहा, 'अपने से 30 या 20 साल बड़े हीरो के साथ काम करने में अनकंफर्टेबल लगता था। मैं भी जब फिल्मों में काम करती थी तो काफी असहज हो जाती थी। बड़े हीरो के साथ काम करने में पार्टनर या लवर को गले लगाने की फीलिंग नहीं आती बल्कि ऐसा लगता है जैसे आप अपने पिता को गले लगा रहे हो। मुझे तो ऐसा ही लगता था। मैं तब नई थी, मुझे लगता था फिल्मों में ऐसा ही होता होगा। फिर खुद को समझाती थी कि आपको अपने पार्ट पर फोकस करना चाहिए न कि किसी की उम्र पर।' ईशा ने सीनियर एक्टर्स के यंग एक्ट्रेसेस के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस पर कहा, 'सीनियर एक्टर्स को समझना चाहिए कि अब वो कैसे दिखते हैं और फिर उसके मुताबिक रोल चुनने चाहिए।

बोलीं- 'रोमांटिक सीन में उन्हें गले लगाने पर पिता की फीलिंग आती थी

एक नजर

सर्विलांस टीम ने बरामद किए 108 मोबाइल

अमेठी। रविवार को पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी सर्विलांस सेल के नेतृत्व में सर्विलांस टीम के अथक प्रयास करके जनहित में 108 खोये हुए विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन को बरामद किया गया है। मोबाइल फ़ोन विभिन्न तिथियों में उनके मालिकों द्वारा खो दिये गये थे। जिनकी कुल कीमत लगभग 16,20,000/- रूपये है। रविवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सभी मोबाइल उनके मालिकों को सुपुर्द किया।

जब तक सृष्टि रहेगी, अमर रहेगी सतगुरु कबीर साहब की वाणी

अमेठी। कबीर जयंती के अवसर संत शिरोमणि कबीरदास जी के जीवन दर्शन को लेकर बुद्ध वादियों ने एक नई बहस शुरू की है। शनिवार को टेकारी सहन में आयोजित एक कार्यक्रम में दलित चिंतकों और कलम कारों की बातचीत सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। संत शिरोमणि कबीरदास जी का जन्म विधवा ब्राह्मणी के गर्भ से हुआ और उनके गुरु रामानंद थे, यह दोनों बातें अम्बेडकरवादी मानने को तैयार नहीं है।

बुजुर्ग महिलाओं का "और एक सच"

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा में रविवार को रुबरू थिएटर दिल्ली की ओर से नाटक "और एक सच" का मंचन हुआ। अजीज कुरेशी की परिकल्पना और

काजल सूरी के निर्देशन से सजे इस नाटक में परिवार से तिरस्कृत और समाज से बहिष्कृत बुजुर्ग महिलाओं की जिजीविषा का मंचन किया गया। इसकी कहानी एक साथ रहने वाली दो ऐसी बुजुर्ग महिलाओं के इर्दगिर्द घूमती है, जिन्हें समाज ने छोड़ दिया है। दोनों लड़ती झगड़ती हैं, लेकिन एक दूसरे के बिना नहीं रह सकती। इस नाटक में यह भी दिखाया गया है कि झूठ, अंधविश्वास, हार सबसे बड़े दुश्मन हैं। द्वंद्व के चलते वह अंत में सभी को एक मार्मिक अपील के जरिए कहती है कि सबसे बड़ा दोषी है, ये पुरुष समाज जो कदम-कदम पर एक महिला को खिलौना समझता है। उसकी भावनाओं से लगातार खिलवाड़ करता है। दोनो औरतों की नोकझोंक नाटक को हास्य प्रधान भी बनाता है। नाटक में मुख्य पात्र बानों की भूमिका इसकी निर्देशक काजल सूरी ने निभाई जबकि दूसरी मुख्य पात्र महिला सलमा और सास की दोहरी भूमिका में जसकीरण चोपड़ा ने अभिनय किया। शुभम शर्मा ने (समय और बाबा नाड़े शाह), कृष बब्बर (चेला), तनिषा गांधी (भूरी और खैरन), आशा खन्ना (सास), प्रवीण (नेता जी), हर्षित (मास्टरजी), गीता सेठी (बहु और चाची), नीरज तिवारी (लल्ला) ने अपनी अपनी भूमिकाओं में बेहतरीन अभिनय किया। नाटक में मेकअप कि जिम्मेदारी मोहम्मद रशीद और संगीत संचालन की जिम्मेदारी स्पर्श रॉय ने निर्वन की। इसके प्रोडक्शन मैनेजर रोहित कुमार और प्रेसिडेंट रुबरू समीर रहे। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति जी, आशा मूर्ति जी, आदित्य मूर्ति जी, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

हज़रत मुर्तजा हुसैन मोती मिया निज़ामी नियाज़ी के कुल शरीफ में उमड़ा अकीदतमन्दों का सैलाब

बरेली। हजरत मुर्तज़ा हुसैन निज़ामी नियाज़ी की उर्स की शुरुवात बाद नमाज़ ए फ़ज़र कुरान खानी हुई सुबह 10:00 बजे ग़ुस्ल शरीफ हुआ मजरे मुबारक पर सन्दल पेश कर सलातो सलाम की सदाए बुलन्द की ।इसी कड़ी में शाहदाना वली वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक अब्दुल वाज़दि खा नूरी,शीरोज सैफ कुरैशी मिर्ज़ा शाहब बेग,मिर्ज़ा मुकर्रम बेग,ने दरगाह पर चादर पोशी व गुलपोशी कर हिंदुस्तान में अमनो अमन भाईचारे के साथ सलामती की दुआ की,दिन भर हाजिरी देने वालों का तांता लगा रहा दरगह पर बाद नमाज़े ज़ोहर फनकार आरिफ नियाज़ी,तस्लीम नियाज़ी ने महफिले समा की महफिल सजाई और बुजुर्गों की रूहानी ज़न्दिगी पर रोशनी डालते हुए कहा तेरा दर मिल गया मुझको सहारा हो तो ऐसा हो तेरे टुकड़ों पर पलते हैं गुजारा हो तो ऐसा हो राग शरीफ के बाद खानकाह निजामिया के सज्जाद नशीन हजरत पाशा मियां निजामी ने कुल शरीफ फातिहा पड़ी मुल्क में कामियाबी भाई चारे बीमारों को शिफा, बेरोज़गारो को रोजगार,बे औलादों को औलाद के सात हिंदुस्तान में अमनो अमन के लिए खुसूशी दुआ की,ख़ुसरो मिया निज़ामी ने हाज़रीने महफिल को लगर का तबरुक तस्कीम किया।

उर्स के सभी प्रोग्राम खानकहे निजामिया के गद्दी नशीन हज़रत पाशा मिया की सरपरस्ती में हुए,मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया कल 24,जून को बाद नमाज ए असर शाम 6:00 बजे हज़रत गौस अली शाह जलाली उर्फ कोड़ा शाह बाबा के कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। उर्स में शिरकत करने वालो में शमीम खा सुल्तानी,वसी अहमद, सलीम सुह्रानी, अहमद, राजू, शाहजेब ली खा, डॉक्टर कादिर,परवेज़ खान शादाब कुरैशी, रिज़वान नियाज़ी, इब्राहिम निज़ामी, इसरार नियाज़ी, मो कासिम, सैय्यद आरिफ अली, कामरान हुसैन, मिर्ज़ा, फुरकान नियाज़ी अलीम खा सुलतानी,अली मिया फैज़ान मोईन चिश्ती, निज़ामी, असीम नियाज़ी, अनस नियाज़ी, अमान हुसैन, फ़रिज़ नियाज़ी, फैज़ी निज़ामी, शम्मू खान, सैय्यद मीनू,सहित बड़ी तादात में लोग मौजूद रहे।

अदरक, लहसुन, ने लगाई डबल सेंचुरी, प्याज में लगी महंगाई की आग

गोंडा। हरी सब्जियों के अचानक बढे भाव से आम आदमी का घरेलू बजट गड़बड़ा गया है। सब्जी बाजार में करैला तरोई लौकी धुईया आलू प्याज टमाटर लहसुन अदरक हरी धनिया नींबू हरी मिर्च सभी के दामों में अचानक दुगना उछाल आने की वजह से आम आदमी की मुश्किलें बढ़ गई है। हरी सब्जियों पर अचानक पड़ी महंगाई की मार से आम आदमी का बजट गड़बड़ा गया है घर चलाने के लिए थाली दो प्रकार की सब्जियो सूखी रसेदार की जगह अब एक ही सब्जी से काम चलाना पड़ रहा है।

सब्जी मंडी में लहसुन का भाव 240 रुपए किलो है तो अदरक भी ₹200 किलो में बिक रही है अभी तक ₹20 किलो वाली बिकने वाली प्याज अचानक ₹40 किलो बिकने लगी नींबू ₹120 किलो है हरी मिर्च सैकड़ा पार कर चुकी है लौकी तरोई का भाव हाफ सेंचुरी से ऊपर है। सब्जी के भाव में अचानक आए उछाल से लोग सोच समझ कर ही अपने बजट के अनुसार सब्जी की खरीदारी कर रहे हैं। सब्जी का कारोबार करने वाले सारिक रजा ,शाह मोहम्मद ने बताया कि अधिकतर सब्जियां बाहर से आ रही है जो हम लोगों को काफी महंगे दामों में मिलती है जिसकी वजह से हम लोग फुटकर में भी महंगे भाव पर बेच रहे हैं अभी एक हफ्ते पहले सभी प्रकार की सब्जियों के दाम सामान्य थे मगर अचानक इनके दामों में उछाल आ गया है उन्होंने बताया कि प्याज लहसुन के दाम और ऊपर जा सकते हैं।

एक जुलाई से विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह की तैयारी

विश्ववार्ता संवाददाता

गौरीगंज। जिलाधिकारी निशा अनंत तथा मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने शनिवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में 01 से 31 जुलाई 2024 तक चलने वाले

» डीएम ने की बैठक

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई 2024 के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुडे. मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण

संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते।

अभियान जनपद में 01 से 31 जुलाई 2024 तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 01 जुलाई से पहले संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। साप्ताहिक बन्दी के दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाए। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं। साथ ही, महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबों/नालों व नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, पंचायतीराज, आई0सी0डी0एस0, ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन तथा सूचना विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण के संबंध में कार्यवाही करें।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बीपी अग्रवाल, डीपीओ आईसीडीएस संतोष श्रीवास्तव, बीएसए संजय तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा एमओआईसी मौजूद रहे।

विद्युत करंट की चपेट में आए युवक की मौत

अमेठी। कोतवाली अंतर्गत कोरारी गिरधर शाह गांव में विद्युत करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में शोक का माहौल है। रविवार की सुबह लगभग 11: 30 बजे जितेंद्र कुमार पुत्र घनश्याम (26) विद्युत ठीक करते समय अचानक करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया, लेकिन परिजन अपनी संतुष्टि के लिए उसे जिला अस्पताल लेकर चले गए। जिला अस्पताल में भी डॉक्टर ने भी उसे मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में शोक का माहौल है। मृतक युवक के घर पहुंचने वाले सभी की आंखें नम रही। घटना के बाद रिश्तेदार के साथ आसपास के गांव के लोग घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंच रहे हैं।

देवरिया में चार घंटे के लिए हिरासत में लिए गए सांसद रामभुआल

विश्ववार्ता संवददाता

सुलतानपुर। देवरिया जिले के रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के बिट्ठलपुर जा रहे सपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल को रविवार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे सुलतानपुर के सपा से सांसद राम भुआल निषाद ने बताया कि उनके साथ आधा दर्जन नेताओं को करीब तीन से चार घंटे तक हिरासत में रखा गया। दीपू निषाद हत्याकांड के मामले में वे लोग समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर पीड़ति परिवार को सांत्वना देने जा रहे थे।

गौरतलब है कि देवरिया जिले के रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले दीपू निषाद की 14 जून की रात हत्या कर दी गई थी। 15 जून को उसका शव गांव के निर्माणाधीन अस्पताल के परिसर में मिला था। शनिवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय

» दीपू निषाद के परिजनों से करनी थी मुलाकात

अध्यक्ष डॉ संजय निषाद बिट्ठलपुर पहुंचे थे। जिसके बाद उग्र भीड़ ने घटना के हत्यारोपी ग्राम प्रधान के घर पर हमला बोल दिया था। इसके बाद गांव में तनाव बढ़ गया था। इसी बीच रविवार को सपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल को बिट्ठलपुर पहुंचना था। जिसे लेकर सुबह से ही पुलिस बिट्ठलपुर गांव समेत रुद्रपुर तक अलर्ट थी। जैसे ही सपा नेताओं का प्रतिनिधि मंडल रुद्रपुर बाईपास पर पहुंचा पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। इस दौरान सपा नेताओं ने पांच लोगों को गांव में जाने देने की अनुमति से मांगी लेकिन पुलिस ने माहौल बिगड़ने का अंदेशा बताते हुए उनकी मांगों को नामंजूर कर दिया। इसके बाद पुलिस सभी सपा नेताओं को हिरासत में लेकर जिला मुख्यालय चली गई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे सुलतानपुर से सपा के सांसद रामभुआल निषाद ने बताया कि उनके साथ देवरिया सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव, कृष्ण भान सिंह उर्फ किसान सिंह सैंथवार, चौधरी राम लौटन निषाद, पूर्व विधायक डॉ. मोहसिन खां व संतोष यादव थे। सांसद ने बताया कि उन लोगों को करीब तीन से चार घंटे तक हिरासत में रखा गया, फिर छोड़ दिया गया। वे लोग पीड़ति परिवार का हालाचाल जानने जा रहे थे। सांसद ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में उनकी पार्टी हर मजलूम को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। दीपू निषाद के दोषियों को कड़ी सजा मिलने, पीड़ति परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने तक पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा।

राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

सुलतानपुर। सांसद रामभुआल निषाद को देवरिया में हिरासत में लिए जाने का मामला जिले में भी तूल पकड़ गया। जिले की संस्था मोस्ट कल्याण ने इस बाबत राष्ट्रपति को एक शिकायती पत्र ट्वीट के माध्यम से भेजा है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि मोस्ट प्रशासन के इस कृत्य की घोर निंदा करता है। अगर शोषितों की आवाज दबाने का काम होगा तो हम धरने के लिए बाध्य होंगे। मोस्ट कल्याण प्रमुख श्यामलाल निषाद ने कहा कि प्रतिनिधि मंडल को रोका जाना इस बात का प्रमाण है कि सरकार तथ्यों पर पर्दा डालना चाह रही। हम प्रशासन के इस कृत्य की निंदा करते हैं। अगर पीड़ति परिवार की आवाज दबाई गई तो सड़क पर उतरकर हम सब प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

डीएम ने की जिला कन्वर्जेन्स/ पोषण समिति की बैठक

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने शनिवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कन्वर्जेन्स/पोषण समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पीने के पानी की व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन की स्थिति, शौचालय की व्यवस्था, आंगनबाड़ी केंद्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस मशीनों का विवरण, हॉट कुक्ड मील योजना के अंतर्गत बच्चों को गर्म भोजन उपलब्ध कराए जाने की स्थिति, बच्चों का वजन/ऊंचाई आदि मापने की मशीन की उपलब्धता सहित अन्य बिंदुओं पर गहन समीक्षा किया ।

बैठक में जिलाधिकारी ने कुपोषित/अति कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्रियों को पोषाहार वितरण की जानकारी लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने डीपीओ को निर्देश दिया कि जो बच्चे रेड श्रेणी में है उनकी नियमित जानकारी रखें साथ ही उन्हें समुचित मात्रा में पोषाहार उपलब्ध कराकर हरी श्रेणी में लाने का प्रयास करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद की समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन करते हुए पंजीकृत लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं समस्त सीडीपीओ व एमओआईसी मौजूद रहे।

नेशनल कोआर्डिनेटर पद पर हुई आकाश आनंद की वापसी, बसपाइयों में खुशी की लहर

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। लोक सभा चुनाव में हार को बहुजन समाज पार्टी ने गंभीरता से लिया है। पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग के अनुरूप बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद को फिर से नेशनल कोआर्डिनेटर और अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। पार्टी ने सबको साथ लेकर पोलिंग बूथ स्तर से जिला स्तर तक संगठन को कैडर लगाकर फिर से पुनर्गठित करने की योजना तैयार की है। अयोध्या मंडल की समीक्षा बैठक 27जून को तय की गई है ।

रविवार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सेक्टर प्रभारी जिया लाल त्यागी, नन्हे सिंह चौहान, उदराज वर्मा, राजकुमार गौतम और जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार और सुरेश कुमार गौतम शामिल हुए। बैठक के उदराज वर्मा के आवास पर बैठक करके मंडलीय समीक्षा बैठक की तैयारियों पर बातचीत हुई।

देश के बसपा समर्थक, खासकर युवा टीम सोशल मीडिया पर आकाश आनंद को नेतृत्व सौंपने की मांग कर रहे थे। सर्व समाज के लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए बसपा मुखिया ने रविवार को आकाश आनंद के सभी दायित्व बहाल कर दिए।इस खबर ने बसपा समर्थकों में नई ऊर्जा का संचार किया है।

सूत्रों का कहना है कि बसपा नये पुराने सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन की बूथ, सेक्टर और विधानसभा स्तर पर समीक्षा करेगी और फिर से संगठन की कमेटियों का पुनर्गठन करेगी।27जून2024 को अयोध्या मंडल की बैठक तय की गई है।

हीट वेव के चलते बुजुर्ग की मौत

जायस। थाना क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी में एक बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप मच गया । पड़ोसियों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । पुलिस बुजुर्ग की मौत का कारण हीट वेव बता रही है। रविवार को काशीराम कॉलोनी में एक बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप मच गया। नगरवासियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । शव की पहचान वाहिद पुत्र सुल्तान (70) के रूप में हुई पुलिस मौत का कारण हीट वेव में बता रही है। पुलिस का कहना है कि वृद्ध की मौत दो दिन पहले ही हो चुकी थी। वृद्ध अपने घर में अकेले रहता था। घर में अकेले होने के कारण उसकी मौत की सूचना किसी को नहीं चल पाई। भिक्षा मांग कर अपना पेट पालता था।

जमीन बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच हुआ विवाद

» जमीनी विवाद में हुई मारपीट, आधा दर्जन से अधिक घायल

विश्ववार्ता संवाददाता

जामो। थाना अंतर्गत रविवार को सुबह नौ बजे आपसी जमीन को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट की घटना में दोनों तरफ के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंच कर सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जामो ले गए। जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। प्रथम पक्ष की तरफ से शिव कुमार सिंह पुत्र राजाराम सिंह (43) ,आशुतोष सिंह पुत्र देवेन्द्र प्रताप सिंह (22) , आलोक सिंह पुत्र राजाराम सिंह (36) वर्ष , सत्यम सिंह पुत्र देवेन्द्र प्रताप सिंह (20) निवासी ग्राम

अमरबोझा मजरे बरौलिया दूसरे पक्ष से अनिल सिंह पुत्र बृजभूषण सिंह (35) ,अरुण प्रताप सिंह पुत्र विजय प्रताप सिंह (28) , ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह पुत्र मनोज सिंह उम्र (25) निवासी ग्राम अमरबोझा मजरे बरौलिया घायल हुए है। घायल अनिल सिंह की नाजुक हालत देखते हुए डाक्टरों ने एम्स अस्पताल रायबरेली रिफर किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया की प्रथम पक्ष शिवकुमार सिंह पुत्र राजाराम सिंह की तहरीर पर मुकदमा 170/2024धारा 147/148/ 323/324/308 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया।

द्वितीय पक्ष विजय प्रताप सिंह पुत्र स्व दर्शन सिंह की तहरीर पर मु0अ0सं0 171/2024 धारा 147/148/452/ 323/32व4/308 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया है।

सरकार ने धारा 370 समाप्त कर डॉ. मुखर्जी के सपनों को किया साकार : राम प्रसाद मिश्रा

विश्ववार्ता संवाददाता

गौरीगंज। रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक, भाजपा के प्रेरणापुंज व अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा डा.श्यामा

» भाजपा ने डा. मुखर्जी की 71वां बलिदान दिवस बूथों पर मनाया

प्रसाद मुखर्जी का 71 वां बलिदान दिवस जिले के मण्डल केन्द्रों व बूथों पर मनाया गया।

भाजपाइयों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा की अगुवाई में भाजपाइयों ने जिला कार्यालय पर डॉ मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकता- अखंडता के लिए समर्पित

आयोजित कार्यक्रम में शामिल भाजपाई।

रहा।प्रथानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 व 35 A को समाप्त कर डॉ श्यामा मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। उनका ओजस्वी व्यक्तित्व देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि डॉ मुखर्जी का 71 वां बलिदान दिवस सभी मण्डलों केन्द्रों तथा बूथों पर मनाया गया।

सड़क किनारे मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव, मचा हड़कंप

संग्रामपुर। थाना क्षेत्र के पूरे शुक्लन डेहरा गांव में सड़क किनारे अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप मच गया।। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। थाना क्षेत्र के डेहरा गांव का है। जहां रविवार की शाम पूरे शुक्लन डेहरा गांव के बाहर सड़क किनारे अज्ञात बुजुर्ग का शव मिला है। शव को देख ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव के बारे में स्थानीय लोगों से पूछताछ की लेकिन कोई जानकारी नहीं हो पाई। शव के पास ही एक साइकिल भी खड़ी थी। जिस पर एक झोला भी टंगा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू की। ग्रामीणों के मुताबिक शव पर चोट के भी निशान थे। जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। एसएचओ ईश नारायण मिश्रा ने बताया कि शव एक दिन पुराना है।

जिला स्वास्थ्य समिति की जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

विश्ववार्ता संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहा, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक में समिति के समक्ष अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने तथा संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, नवजात शिशु टीकाकरण, आशा भुगतान, आशा रिपोर्टिंग, नियमित टीकाकरण, फैमिली प्लानिंग, सहित अन्य योजनाओं/कार्यक्रमों की समीक्षा किया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं/कार्यक्रमों का सही ढंग से क्रियान्वयन करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि सभी सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ वेलनेस सेंटर आदि का निरीक्षण कर लें तथा जहां पर जो भी कमियां हैं उसमें सुधार करें। अस्पतालों में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए, जो आवश्यक सामग्री, उपकरण उपलब्ध नहीं है उन्हें खरीदने को कहा। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी क्रमशः श्वेता, अनामिका, दिनेश एक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रुचिका सेठ तथा महिला/पुरुष नसबंदी में उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ विजय कुमार गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

आवासीय विद्यालय में नि :शुल्क पढ़ाई के लिए 14 बच्चों ने पास की परीक्षा

विश्ववार्ता संवददाता

सुलतानपुर। एक गुरु जी के निःशुल्क कोचिंग में परीक्षा की तैयारी कर रहे चौदह बच्चों ने सीबीएसई के आवासीय विद्यालय में निःशुल्क पढ़ाई के लिए उत्तीर्ण होकर परचम लहराया है।

गोरसरा (कैथाना) उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक अरुण कुमार प्रजापति विद्यालय के इतर घूरीपुर गांव में एक किराए के मकान में कई गांव के बच्चों का परीक्षोपयोगी तैयारी वर्षों से कराते आ रहे हैं। इस बार उन्होंने आठवीं में पढ़ रहे गोरसरा, भैरोपुर, खनुहट, हांसापुर, धधुआ गांव के अनुसूचित जाति के 20 बच्चों की तैयारी कराकर श्रेष्ठा परीक्षा में आवेदन कराया था। 11 मई की परीक्षा के बाद 20 जून को रिजल्ट आया तो तो उनमें से आल इंडिया रैंकिग में 14 बच्चे कोमल, अभय, हिमांशु, शिवांशु,

संजना, साक्षी, आकांक्षा, लक्ष्मी कुमारी, सोनाक्षी गौतम, नेहा, श्वेता, उत्कर्ष, राखी व आदर्श ने सफलता अर्जित कर नाम रोशन किया। शिक्षक अरुण कुमार प्रजापति ने बताया कि सभी बच्चे बेसिक विद्यालय में पढ़ाई करते हैं। पिछली बार की परीक्षा में 11 बच्चों ने सफलता पाई थी। इस बार बच्चों की संख्या बढ़कर 14 हुई है, जिससे प्रसन्नता मिलती है।

कार्यशाला का आयोजन किया

बरेली। पुलिस महानिरीक्षक डॉ राकेश सिंह की अध्यक्षता में डेफ एसोसिएशन के सदस्यों के साथ रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में संवेदनशीलता और संवाद बनाए रखने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में बरेली के लगभग 3000 डेफ व्यक्तियों के साथ संवाद बनाए रखने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक थाना में डेफ वेलफेयर ऑफिसर बधिर कल्याण अधिकारी तैनात किया गया है। ये बधिर कल्याण अधिकारी थानों में आने वाले बधिर व्यक्तियों के कल्याण और समस्या निस्तारण के लिए नोडल अधिकारी का कार्य करेंगे। कार्यशाला में जयपुर के नुपुर संस्था से आए मनोज भारद्वाज और तरुण ने पीड़ित बधिर बालिकाओं के धारा 161 के बयान इंटरप्रेटर द्वारा कैसे दर्ज किए जाते हैं, इंटरप्रेटर कितने प्रकार के होते हैं।

श्रद्धांजलि सरकार ने 370 समाप्त कर डॉ. मुखर्जी के सपनों को किया साकार : वर्मा

भाजपा ने डा. मुखर्जी की 71वां बलिदान दिवस 1900 बूथों पर मनाया

विश्ववार्ता संवददाता

सुलतानपुर। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, भाजपा के प्रेरणापुंज व अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 71वां बलिदान दिवस जिले के 26 मंडल केन्द्रों व 1900 बूथों पर मनाया गया। इस दौरान भाजपाइयों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा की अगुवाई में भाजपाइयों ने नगर के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा

डा. मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाते जिलाध्यक्ष।

कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकता- अखंडता के लिए समर्पित रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 व 35ए को समाप्त कर डॉ. श्यामा मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। उनका ओजस्वी व्यक्तित्व देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने कहा कि डा. मुखर्जी ने राष्ट्र सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। संचालन नगर महामंत्री प्रवीण मिश्रा ने किया। इस मौके पर सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रामचन्द्र मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष आनन्द जायसवाल, भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष रामेन्द्र प्रताप सिंह राणा, विजय त्रिपाठी, आलोक आर्या, बबिता तिवारी, अजय सिंह लीडर, गांधी सिंह, सभासद अफजल अंसारी, संदीप गुप्ता, रेनू सिंह, माधुरी मिश्रा, विनोद मिश्रा, सौरभ पांडेय आदि रहे।

एक नजर

हिंदुस्तान की सबसे भ्रष्ट सरकार है चंपाई सरकार

रांची। केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड के भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड के कार्यकर्ताओं, नेतृत्व, बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं और पूरी टीम ने लोकसभा चुनाव में परिश्रम की पराकाष्ठा की है और इसी का नतीजा है कि, भाजपा ने यहां शानदार सफलता हासिल की है। श्री चौहान रविवार को रांची में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि हम झारखंड में 9 सीटें जीते हैं और लगभग 52 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा आगे रही है। मैं यहां के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करता हूं। साथ ही श्री चौहान ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, सोरेन सरकार, झारखंड को तबाही की ओर ले जा रही है।

तीन दिवसीय दौरे पर शिमला पहुंचा 16वां वित्त आयोग

शिमला। 16वां वित्त आयोग रविवार को प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला पहुंचा। शिमला पहुंचने पर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया का स्वागत किया। आयोग की 24 जून को प्रदेश सरकार के साथ राज्य अतिथि गृह पीटरहॉफ में महत्वपूर्ण बैठक होगी। आयोग आगामी पांच वर्षों के लिए आर्थिक मदद पर एक रिपोर्ट तैयार करेगा। एक अप्रैल, 2026 से वित्त आयोग की सिफारिशें लागू होनी हैं। वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत ही राज्यों के लिए राजस्व का वितरण होता है। प्रदेश में अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया सहित वित्त आयोग की 13 सदस्यीय टीम आई है जिसमें सदस्य डॉ. मनोज पांडा, सदस्य अजय नारायण झा, सदस्य एनी जॉर्ज मैथ्यू, सदस्य डॉ. सौम्या कांति घोष, सचिव रित्विक पांडे, संयुक्त सचिव राहुल जैन, संयुक्त निदेशक अमरूथा, उप-निदेशक मानस बाजपेयी, सहायक निदेशक कुलदीप सिंह मीणा, सहायक निदेशक आनन्द कुमार सिंह और निजी सचिव कुमार विवेक शामिल हैं।

यूपी में खामियों को मिलकर करेंगे दूर: भूपेंद्र चौधरी



बहराइच। भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ने भूपेंद्र चौधरी कहा कि उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव के परिणाम हमारे अनुकूल नहीं आए,सब मिलकर खामियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। जिले के महसी विधानसभा क्षेत्र में आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने यहां पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के परिणाम हमारे अनुकूल नहीं आए । ऐसा क्यों हुआ इसकी हम लोग लगातार समीक्षा कर रहे हैं ।क्या खामियां रही इस पर मंथन चल रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने महंत राजू दास की सुरक्षा हटाए जाने पर समाजवादी पार्टी प्रमुख की ओर से की गई टिप्पणी पर बोलते हुए कहा कि ये वही लोग हैं जो सनातन धर्म पर, साधु संतों पर हमेशा आपत्तिजनक बयानबाजी करते रहते हैं।

एसटीएफ ने आतंकी मॉड्यूल का किया भंडाफोड़

कोलकाता। पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने प्रतिबंधित बंगलादेशी संगठन 'शहादत-ए-अल-हिकमा के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और विदेशी आतंकी समूह के साथ संदिग्ध संबंध के लिए एक स्नातक छात्र सहित छह लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने बताया कि कंप्यूटर साइंस स्ट्रीम के द्वितीय वर्ष के छात्र को शनिवार को उसके पानागढ़ स्थित आवास से हिरासत में लिया गया और आगे की पूछताछ में संगठन में भर्ती के उद्देश्य से पांच और आरोपियों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों का शहादत-ए-अल-हिकमा से कुछ संबंध हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि पांचों लोगों को पश्चिम बर्दमान जिले के नबाभट में अलग-अलग स्थानों से हिरासत में लिया गया।

इंडिया गठबंधन विधानसभा उपचुनाव मिलकर लड़ेगा

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने रविवार को दावा किया कि संसदीय चुनाव की तरह ही उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 सीटों के उपचुनाव में भी इंडिया गठबंधन मिलकर तो लड़ेगा साथ ही सभी दस सीटों को जीत कर रिकॉर्ड भी बनायेगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने आज अपने गृह जिले इटावा में एक होटल का शुभारंभ करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि संसदीय चुनाव में इंडिया गठबंधन को उत्तर प्रदेश में मिली खासी कामयाबी से बेहद उत्साहित है, इस कामयाबी के चलते समाजवादी पार्टी और सहयोगी कांग्रेस दल के कार्यकर्ता बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं।

बिहार के सारण जिले में एक नक्सली गिरफ्तार

छपरा। बिहार में सारण जिले की अमनौर थाना और विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने नक्सली प्रेम मांझी उर्फ रामदेव मांझी को गिरफ्तार कर लिया। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने रविवार को यहां बताया कि जिले के डेरनी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी नक्सली प्रेम मांझी उर्फ रामदेव मांझी को गिरफ्तार किया गया है।

आतंक का पर्याय बना तेंदुआ पिंजरे में हुआ कैद

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच के कतर्नियाघाट के धर्मापुर रेंज में आतंक का पर्याय बने तेंदुए को आखिराकार पिंजरे में फंसाने में वन विभाग के कर्मचारी सफल रहे हैं। तेंदुआ शनिवार देर रात पिंजरे में हुआ कैद हो गया।सूत्रों के अनुसार इस तेन्दुए ने पिछले दिनों इलाके के एक दर्जन से अधिक बच्चों व बड़ों पर हमला कर उन्हें घायल किया था जिसे पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम काफी दिनों से पिंजड़ा लगाए बैठी रहती थी। बीती रात्रि तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे में एक बकरी बांधी गयी थी जिसे पकड़ने के लिए तेंदुआ पिंजड़े में जाकर क़ैद हो गया।

ग्लास म्यूजियम व पर्यटन केंद्र का शिलान्यास

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को फिरोजाबाद के कलैक्ट्रेट परिसर में विधिवत तरीके से पूजन कर 47.47 करोड की लागत से निर्मित होने वाले ग्लास म्यूजियम एवं पर्यटन सूचना केन्द्र का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान एक बडी जन सभा को सम्बोधित करते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि फिरोजाबाद कांच उद्योग का केंद्र है जिसे भारत का कांच शहर भी कहा जाता है, अपने जीवंत कांच उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। फिरोजाबाद में कांच निर्माण की एक समृद्ध विरासत है जो कई शताब्दियों पुरानी है। इसकी कांच फैक्ट्रियां विभिन्न प्रकार के कांच उत्पादों का उत्पादन करती हैं जिनमें उत्तम झूमर और लैंप से लेकर जटिल चूड़ियाँ और सजावटी वस्तुएं शामिल हैं।

अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले- धारा-370 हटाकर पीएम मोदी ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को किया पूरा

- मुख्यमंत्री ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि
- देश की प्रतिष्ठा व अखंडता के लिए डॉ. मुखर्जी ने पद छोड़ शुरू किया था आंदोलन

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान के मुद्दे और भारत की अखंडता को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 23 जून 1953 को अपना बलिदान दिया था। देश 1947 में आजाद हुआ और 1950 में संविधान लागू किया गया। इसके बाद तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने देश के संविधान में धारा-370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का कुत्सित प्रयास किया था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उस समय उद्योग व खाद्य मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे थे, लेकिन सरकार की मंशा को ध्यान में रखकर उन्होंने पद छोड़ दिया और देश की प्रतिष्ठा व अखंडता के लिए कश्मीर से धारा-370 हटाने के लिए व्यापक आंदोलन प्रारंभ किया।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सिविल हॉस्पिटल परिसर हजरतगंज स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सीएम ने डॉ. मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अखंड भारत का स्वप्नदृष्टा बताया।

मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने हटाई धारा-370

सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए अभियान प्रारंभ किया, इसके लिए उन्हें प्राण भी त्यागना पड़ा। कश्मीर में धारा-370 समाप्त कर एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान की भावनाओं को सम्मान करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की एनडीए सरकार ने किया है। यह कश्मीर, देश की अखंडता और सीमा की सुरक्षा के लिए बलिदान देने वालों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, लालजी निर्मल, इंजी. अवनीश सिंह, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक थे डॉ. मुखर्जी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर भी डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने लिखा कि महान राष्ट्रभक्त, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, उत्कृष्ट शिक्षाविद, राष्ट्रवादियों के मार्गदर्शक, श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! भारत की एकात्मता और अखंडता के लिए समर्पित उनका सम्पूर्ण जीवन एवं बलिदान देशवासियों के लिए महान प्रेरणा है।

बिहार में एक और पुल गिरा, तोड़फोड़ की आशंका

एजेंसी

मोतिहारी। बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड में अमवां कुंडवा चांदपुर मार्ग पर शनिवार रात एक निर्माणाधीन पुल ढह गया। बिहार में एक सप्ताह के अंदर अररिया और सीवान के बाद पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड में निर्माणाधीन पुल ढह गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अमवां कुंडवा चांदपुर मार्ग पर बन रहा 18 मीटर लंबा पुल शनिवार रात अपने दो स्पैन में से एक की ढलाई के तुरंत बाद ढह गया। यह घटना एक स्पैन की ढलाई के कुछ ही घंटों बाद हुई, लेकिन मौके पर किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

ढाका में तैनात ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) के कार्यपालक अभियंता एस. एन. मंडल ने दावा किया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने पुल के नए बने हिस्से के सेंट्रिंग को बिगाड़ दिया था, जिससे पुल ढह गया। उन्होंने कहा कि तोड़फोड़ में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। इस बीच, स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुल के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था, जिसके कारण पुल ढह गया। उन्होंने यह भी बताया कि निर्माण कार्य तकनीकी मूल्यांकन में निर्धारित अनुमान और अलाइनमेंट के अनुसार नहीं किया जा रहा था। ग्रामीणों ने पुल ढहने की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

गौरतलब है कि बिहार के सीवान जिले में गंडक नदी नहर पर बना 45 साल पुराना पुल शनिवार को ढह गया था। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि जल संसाधन विभाग द्वारा पुल के पिलर के पास मिट्टी काटने के कारण पुल ढह गया। इससे पहले अररिया जिले में बकरा नदी पर बना एक और पुल 18 जून को ढह गया था। ढहे सभी पुलों का निर्माण बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग ने किया था।

डिजिटली एक्टिव होंगे प्रदेश के परिषदीय विद्यालय

विश्ववार्ता ब्यूरो

» विद्यालयों में अगस्त से लागू हो जाएगी सभी रजिस्टर्स को डिजिटल भरे जाने की प्रक्रिया

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों को डिजिटली एक्टिव करने को लेकर अपनी मुहिम को आगे बढ़ाने जा रही है। इस क्रम में प्रदेश भर के परिषदीय स्कूलों के सभी 12 तरह के रजिस्टर्स को डिजिटल किए जाने के साथ ही शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति भी डिजिटल मार्क किए जाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके अंतर्गत छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों को भी टैबलेट पर फेस रिकग्निशन सिस्टम (चेहरा दिखाकर) से उपस्थिति दर्ज करानी होगी। 15 जुलाई से यह प्रक्रिया पूरे प्रदेश में लागू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार बीते काफी समय से परिषदीय स्कूलों में सभी तरह के कार्यों को डिजिटली किए जाने पर जोर दे रही है। इसी के तहत इन स्कूलों के सभी 12 तरह के रजिस्टर को डिजिटल किए जाने के लिए प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल मॉड्यूल तैयार किया गया है। यही नहीं, डिजिटल अटेंडेंस के लिए भी स्कूलों को टैबलेट और सिम प्रदान किए गए हैं।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह परिषदीय स्कूलों के सभी रजिस्टर डिजिटल माध्यम से ही भरवाएं। स्कूलों में उपस्थिति, प्रवेश, कक्षावार छात्र उपस्थिति, मिड डे मील, समेकित निशुल्क सामग्री वितरण, को डिजिटल किया गया है।

भाजपा सरकार ने नौजवानों का भविष्य कर दिया बर्बाद

शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से किया चौपट : अखिलेश यादव

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से चौपट कर नकल माफिया के हवाले कर दिया है। यह सरकार एक भी परीक्षा पारदर्शिता से करने की क्षमता नहीं रखती है। पूरी सरकार भ्रष्टाचार में सराबोर है। भ्रष्टाचारियों की गिरफ्त में है। भाजपा ने 10 साल की सरकार में पूरे सिस्टम को खोखला कर दिया है। यह सरकार छात्रों युवाओं के साथ-साथ देश का भी भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। छात्रों की मेहनत पर पानी फेर रही है। यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार पूरी तरह से झूठ और लूट पर चल रही है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है, कानून -व्यवस्था ध्वस्त है। पूरे प्रदेश में सूदखोरों का आतंक है। बलिया, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर के बाद शाहजहांपुर के तिलहर में भी कर्जदारों ने आत्महत्या कर ली है। बरेली में जमीन पर कब्जे को लेकर दिनदहाड़े गोलियां बरसाई गई। श्री यादव ने कहा कि सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। खुलेआम गोलियां चल रही हैं। हत्याएं हो रही हैं। पुलिस प्रशासन और भाजपा के कार्यकर्ता पूरी तरह से बेलगाम है। पुलिस की हिरासत थानों में लोगों की हत्याओं का रिकार्ड कायम है। कानून व्यवस्था पर सरकार का नियंत्रण खत्म हो चुका है। यूपी में हालात शर्मनाक है। आम जनता बेबस है। चुनाव में हर से बौखलाई भाजपा सरकार बदले की भावना से कार्य कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पराजय के बाद जिस तरह प्रदेश के कन्नौज, फ़रीज़ाबाद और अलीगढ़ में प्रशासनिक विफलता की वजह से हत्या और फ़साद हुआ है, वो निंदनीय है। भाजपा सरकार किस वजह से ऐसे उत्पीड़न पर उतारू है, इसे जनता अच्छी तरह समझती है। अखिलेश यादव ने कहा कि दिल्ली-लखनऊ की लड़ाई में उत्तर प्रदेश की जनता क्यों पिसे। पराजय से जन्मा ये प्रतिशोध सामाजिक आक्रोश को ही जन्म देगा। इससे किसी का भला होने वाला नहीं।

मोदी के नेतृत्व में देश ने देखा बड़ा बदलाव

भजनलाल शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर किया नमन

विश्ववार्ता ब्यूरो

धौलपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि वर्ष 2014 के बाद यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बड़ा बदलाव देखा है। श्री शर्मा रविवार को धौलपुर के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया और इस अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण, आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का कार्य किया गया है। श्री शर्मा ने कहा कि गरीब कल्याण, विकास योजनाओं, सीमा सुरक्षा के जरिए प्रधानमंत्री ने देश का मान पूरे विश्व में बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान चिंतक, विचारक और

राष्ट्रप्रेमी थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन देश की एकता-अखण्डता के लिए समर्पित किया। हम सभी को डॉ. मुखर्जी के बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने आजादी के बाद बनी पहली सरकार में मंत्री का पद त्याग दिया था क्योंकि उस वक्त की सरकार तुष्टीकरण की नीति पर चल रही थी और जम्मू-कश्मीर की नीति पर उनके स्पष्ट विचार थे कि एक देश में दो निशान दो विधान नहीं होने चाहिए। डॉ. मुखर्जी ने बंगाल में अकाल के दौरान भी किसानों-गरीबों की सेवा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का विरोध डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सबसे पहले किया। डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रवाद की भावना से जिस जनसंघ की स्थापना मे अहम भूमिका निभायी, वह आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद छह महीने में हमने संकल्प पत्र के लगभग 45 प्रतिशत वायदों को पूरा कर दिया है। हमारी सरकार महिला, मजदूर, किसान और युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय विचार से प्रेरणा लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए।

ताइवान के करीब 15 चीनी सैन्य विमान, 6 जहाज देखे गये

ताइपे। ताइवानी सेना ने पिछले 24 घंटों में द्वीप के करीब चीनी सशस्त्र बलों के 15 विमान और छह जहाज देखे हैं। ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक्स पर कहा, "ताइवान के आसपास आज सुबह छह बजे (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शनिवार रात 10 बजे) तक 15 पीएलए विमान और छह पीएलएएन (नौसेना) जहाज देखे गये। आठ विमान ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुस गये।" चीनी सशस्त्र बलों ने मई में द्वीप के प्रशासन के नये प्रमुख लाई चिंग-ते के पदभार संभालने के दो दिन बाद ताइवान के आसपास व्यापक सैन्य अभ्यास किया। उनके अपने पूर्ववर्ती की स्वतंत्रता समर्थक नीति को जारी रखने की संभावना है। चीन ने जून की शुरुआत में कहा था कि चीनी सेना सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ना जारी रखेगी।

अगरतला में नौ और बंगलादेशी नागरिक लिये गये हिरासत में

एजेंसी

अगरतला। रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने त्रिपुरा के अगरतला रेलवे स्टेशन पर छह महिलाओं सहित कम से कम नौ बंगलादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। इन लोगों को दिल्ली और बेंगलुरु जाने वाली ट्रेनों में चढ़ने से पहले हिरासत में लिया गया है।

जीआरपी सूत्रों ने बताया कि शनिवार को हिरासत में लिये गये बंगलादेशी नागरिकों की उम्र 20 से 45 साल के बीच है और वे अवैध रूप से त्रिपुरा में घुसे थे। वे नौकरी की तलाश में दिल्ली, बेंगलुरु और गुजरात जाने वाली ट्रेनों में सवार होने के लिए अगरतला रेलवे स्टेशन आये थे। हिरासत में लिये गये लोगों को पुलिस को सौंप दिया गया और रविवार को अदालत में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो महीने से भी

» दिल्ली, बेंगलुरु जाने वाली ट्रेनों में चढ़ने से पहले हिरासत में लिया

कम समय में त्रिपुरा में 54 बंगलादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया और ये सभी अवैध मार्गों से भारत में घुसे थे और देश के अन्य हिस्सों में नौकरी की तलाश में निकलने वाले थे। राज्य पुलिस ने हालांकि भारत-बंगलादेश सीमा पर 95 प्रतिशत तार बाड़ लगाने और कड़ी सुरक्षा निगरानी के बावजूद बंगलादेश से लगातार घुसपैठ के लिए सीमा सुरक्षा बल को जिम्मेदार ठहराया है।

कश्मीर के उरी में सेना ने घुसपैठिये को मार गिराया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सेना ने रविवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास चल रहे घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान एक अज्ञात आतंकवादी को मार गिराया।

सेना ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, "उरी सेक्टर में 22 जून को शुरू किये गये घुसपैठ विरोधी अभियान में एक आतंकवादी मारा गया है।" मारे गये आतंकवादी की पहचान अब तक नहीं की जा सकी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शनिवार को खुफिया जानकारी के आधार पर बारामूला के गोहालन उरी में घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया था। नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना ने जवानों ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखते ही उन्हें ललकारा। सूत्रों ने कहा, "घुसपैठियों को चुनौती दी गयी जिस पर उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी।

शहर कुशल भारतीय पेशेवर चेंजमेकर व भारत के एम्बेसडर: जयन्त

स्किल इंडिया इंटरनेशनल के तहत जर्मन लैंग्वेज ट्रेनिंग प्रोग्राम पूरा करने पर 32 युवा हेल्थकेयर प्रोफेशनल को किया गया सम्मानित

विश्ववार्ता ब्यूरो

नई दिल्ली। भारतीय नर्सों को ग्लोबल करियर के अवसरों से सशक्त बनाने के लिए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जयन्त चौधरी ने जर्मन लैंग्वेज ट्रेनिंग के बी1 लेवल को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए 32 हेल्थकेयर प्रोफेशनल को सम्मानित किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य नर्सों को जर्मनी में सफल करियर और आजीविका के लिए आवश्यक भाषा कौशल से सुसज्जित करना है।

यह डेवलपमेंट भारत को कुशल प्रतिभाओं के लिए ग्लोबल हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और स्किल इंडिया मिशन के तहत महत्वाकांक्षी रणनीतियों की रूपरेखा तैयार करता है। स्किल इंडिया इंटरनेशनल पहल के तहत दो से तीन महीने का व्यापक रेजिडेंशियल ट्रेनिंग प्रोग्राम उन सभी उम्मीदवारों को दिया गया, जिन्होंने बीएससी नर्सिंग या जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) प्रोग्राम पूरा कर लिया है। पेशेवर जर्मन मूल के प्रशिक्षकों द्वारा संचालित यह कार्यक्रम सुनिश्चित करता है कि प्रतिभागियों को उच्च स्तरीय भाषा शिक्षा मिले। इस अवसर पर, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने कहा, भारत के पास बहुत बड़ा जनसांख्यिकीय लाभांश है, जो हमारे देश और ग्रामीण क्षेत्रों को 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था में बदलने की दिशा में एक स्पष्ट रास्ता है। इसके साथ

ही, आज दुनिया में कौशल की कमी भी बढ़ रही है। सिकुड़ती ग्लोबल इकोनॉमी में भी, 2030 तक दुनिया में लगभग 8.5 करोड़ अवसर होंगे। और इनमें से कितने अवसरों को हमारे महत्वाकांक्षी युवा प्रोफेशनल लोग हासिल कर पाते हैं, यही हमारी अर्थव्यवस्था का भविष्य तय करेगा।" उन्होंने कहा कि, "वास्तव में, अकेले जर्मनी में, उनकी वृद्ध आबादी के साथ, उपयुक्त उम्मीदवारों के लिए लगभग 18 लाख नौकरी के अवसर उपलब्ध होंगे। इसलिए यह आवश्यक है कि हम इन पदों को केन्द्रित तरीके से भरने के लिए सही अप्रोच अपनाएं, और स्किल इंडिया इंटरनेशनल का उद्योग जगत के साथ मजबूत संबंध इस कमी को पूरा कर सकता है। मैं प्रत्येक उम्मीदवार को बधाई देना चाहता हूं क्योंकि आप में से प्रत्येक एक चेंजमेकर और भारत के एम्बेसडर हैं। मंत्री ने ग्लोबल स्किलिंग पावरहाउस बनने के भारत के मिशन के तहत विभिन्न देशों में 58,000 से अधिक कुशल भारतीयों की सफल नियुक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने विदेशों में रोजगार पाने के इच्छुक भारतीय युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण प्रदान करने में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय और एनएसडीसी इंटरनेशनल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सफल उम्मीदवारों को बधाई दी और उन्हें व्यक्तिगत रूप से प्लेसमेंट ऑफर सौंपे, जिससे उनमें फ्यूचर रोल के लिए आत्मविश्वास और उत्साह का संचार हुआ। सभी 32 उम्मीदवारों ने टीईएलसी के माध्यम से B1 जर्मन भाषा प्रशिक्षण उत्तीर्ण की है। उन्हें प्रमुख अस्पतालों और इम्प्लॉयर्स के साथ रखा जाएगा जहाँ उन्हें प्रति माह 2300 से 2700 यूरो (2 लाख रुपए से अधिक) मिलेंगे जिसमें B2 प्रशिक्षण भी शामिल है। जर्मनी में B2 पूरा करने के बाद, उनका वेतन लगभग 3 से 4 लाख रुपए तक बढ़ जाएगा।

जर्मन एम्बेसडर डॉ. फिलिप एकरमैन ने भारत के स्किलिंग इकोसिस्टम की प्रशंसा की और आशा व्यक्त की कि यह ऐसे कई अन्य अवसरों की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा, जर्मनी में, विशेष रूप से हेल्थकेयर सेक्टर में, बढ़ता स्किल गैप एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इसलिए, हमें एक सॉल्यूशन खोजने की आवश्यकता महसूस हुई जो स्ट्रक्चर्ड माइग्रेशन है, जो न केवल स्किल गैप को पूरा करता है बल्कि हमें हेल्थकेयर इंडस्ट्री की मांगों को पूरा करने के लिए अपेक्षित गुणवत्ता भी प्रदान करता है।

इराक में हवाई हमले में 7 आईएस आतंकवादी ढेर

बगदाद। इराकी सेना ने शनिवार को कहा कि बगदाद के उत्तर में सलाहुद्दीन प्रांत में उनके ठिकानों पर दो हवाई हमलों में सात इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी मारे गए।सुरक्षा मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार, खुफिया रिपोर्टों के आधार पर इराकी युद्धक विमानों के संयुक्त अभियान ने प्रांत के उत्तरपूर्वी हिस्से में एक पहाड़ी इलाके में आईएस के ठिकानों और चरमपंथी आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सुरंग पर दो हवाई हमले किए। बयान में कहा गया कि प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमलों में सात आईएस आतंकवादी मारे गए, जिनमें एक प्रमुख व्यक्ति भी शामिल था, बयान में बमबारी का समय नहीं बताया गया।